e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 10, अंक 338

**सुविचार**
जो अग्नि हमें गर्मी देती है, हमें नष्ट भी कर सकती है, यह अग्नि का दोष नहीं हैं।

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
14.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### देश में टीबी की दवाओं की कोई कमी नहीं: स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली :** देश में टीबी की दवाओं की कोई कमी नहीं है। राज्यों को टीबी रोधी दवाओं की नियमित आपूर्ति की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां दी।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत पूरे वर्ष केंद्रीय स्तर से सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को टीबी रोधी दवाओं की नियमित आपूर्ति होती रही है और केंद्रीय गोदामों से लेकर विभिन्न स्तरों पर स्टॉक की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए नियमित मूल्यांकन किया जाता है। इसके अलावा आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सीमित मात्रा में स्थानीय खरीद के लिए संसाधनों का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि टीबी के इलाज में उपयोग होने वाली सभी दवाओं का 4 से 6 महीने तक का स्टॉक उपलब्ध है।

### अखिल भारतीय यादव महासभा ने भाजपा का जताया आभार

**लखनऊ :** डा. मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर अखिल भारतीय यादव महासभा (अहीर) ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिशुपाल सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को यादव महासभा की ओर से पत्र लिखकर आभार जताया है। शिशुपाल सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि डा. मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने के निर्णय से केवल मध्य प्रदेश में ही नहीं अतितु सम्पूर्ण भारतवर्ष का यादव समाज भाजपा के साथ हृदय से जुड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश की सरकार दोगुने जोश के साथ जनहित में काम करेगी और विकास के नये कीर्तिमान गढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी नये चेहरों को मौका देकर सराहनीय कार्य किया है।

### भारत ने ओआईसी के बयान को सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली :** भारत ने अनुच्छेद-370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन के महासचिव के बयान को सिरे से खारिज कर दिया है। सरकार ने इसे गलत जानकारी और गलत इरादे से दिया गया बयान बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ओआईसी के बयान के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। प्रवक्ता ने पाकिस्तान का जिक्र किए बिना कहा कि ऐसा मानवाधिकारों के सिलसिलेवार उल्लंघनकर्ता और सीमा पार आतंकवाद को प्रोत्साहित करने वाले के इशारे पर हो रहा है। इससे ओआईसी पर ही सवाल उठते हैं। इस तरह के बयान केवल ओआईसी की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।

### बर्धमान रेलवे स्टेशन पर गिरी पानी की टंकी, 3 मरे व 10 घायल

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में बर्धमान रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर बुधवार को एक बड़ी पानी की टंकी गिरने से तीन लोगों की मौत और कम से कम दस लोगों के घायल होने की खबर है. लेकिन रेलवे के किसी भी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है. पूर्व रेलवे जोन के अधिकारी ने बताया कि घायलों को बर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में तीन का हालत काफी गंभीर है. अधिकारी ने कहा कि रेलवे स्टेशन के संयुक्त प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों पर धातु निर्मित पानी की बड़ी टंकी गिर गई.



### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

संसद के अंदर और बाहर मचा कोहराम, धुआं-धुआं हुआ सदन

# संसद की सुरक्षा में भारी चूक

*** लोकसभा में अफरा-तफरी के बीच कार्यवाही स्थगित, सांसदों ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** 22 साल पहले संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर उस समय ज़ोरदार हंगामा मच गया, जब संसद में शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो युवक लोकसभा में कूद गए और मेज़ों पर कूदते-फांदते धुआं स्प्रे कर दिया. इस घटना से कुछ ही वक्त पहले संसद भवन के बाहर ट्रांसपोर्ट भवन के सामने भी एक युवक और एक महिला को लगभग उसी प्रकार की गैस का छिड़काव कर नारेबाज़ी करते हुए गिरफ़्तार किया गया. संसद के अंदर जिन युवकों को गिरफ़्तार किया गया है, उनके नाम सागर शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा तथा मनोरंजन डी. पुत्र देवराज डी हैं. मनोरंजन डी. कर्नाटक के मैसूर का रहने वाला है.
इसके अलावा ट्रांसपोर्ट भवन के सामने जिन दो प्रदर्शनकारियों को गिरफ़्तार किया गया है, उन्हें पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन लाया गया और पूछताछ की गई.उनके नाम नीलम तथा अनमोल शिंदे बताए गए हैं. नीलम मूल रूप से हरियाणा के हिसार की निवासी है, और अनमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर में रहता है.

**मामले की विस्तृत जांच होगी ओम बिरला**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के भीतर हुई घटना के बारे में बात करते हुए ट्रांसपोर्ट भवन के सामने गिरफ़्तार लोगों का ज़िक्र किया. उन्होंने कहा,प्रारंभिक जांच कर ली गई है.बाद में विस्तृत जांच की रिपोर्ट भी दी जाएगी.संसद के भीतर सनसनी फैलाने वाला धुआं था.दोनों शख्स पकड़ लिए गए हैं.दो लोग संसद के बाहर थे,उन्हें भी गिरफ़्तार किया गया है.



**सभी सांसद डर गए थे:** दर्शक दीर्घा में कूदे युवक को सबसे पहले बीएसपी सांसद मलूक नागर ने काबू किया। उन्होंने बताया,लोकसभा में इतना ज्यादा धुआं धुआं हो गया था कि मानों की उसने धुएं की पिटारी खोल दी हो। सारे सांसद इस घटना के बाद दहशत में आ गए थे। इसके बाद सांसदों ने उसे दबोच लिया। मलूक नागर ने बताया कि पहला ख्याल आया था कि उसकी नीयत खराब है। हम जिंदा बचेंगे की नहीं बचेंगे। कहीं इसके बाद हथियार न हो। इससे पहले वह कुछ करता सभी सांसद उस पर टूट पड़े।

### 22 साल बाद संसद की सुरक्षा पर फिर उठे सवाल

13 दिसंबर, 2001 को लोकतंत्र के मंदिर को आतंकियों ने निशाना बनाया था। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकवादियों ने संसद भवन पर हमला किया था। इस हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद सुरक्षा सेवा के दो जवान और एक माली शामिल थे। वहीं, हमले को अंजाम देने आए आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा था। सांसद सदन में मौजूद थे। इसी बीच संसद के बाहर गोलियों की तड़तड़ाहट ने सिर्फ संसद को नहीं बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर पर आतंकियों ने हमला बोल दिया था।

### सुरक्षा का उल्लंघन हुआ : अधीर रंजन चौधरी

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, दो युवक दर्शक गैलरी से कूदे और उनके द्वारा कुछ फेंका गया, जिससे गैस निकल रही थी.उन्हें सांसदों ने पकड़ लिया, सुरक्षाकर्मियों यूपी ने उन्हें बाहर निकाला. सदन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया. यह निश्चित रूप से एक सुरक्षा उल्लंघन है क्योंकि आज हम उन लोगों की पुण्य तिथि मना रहे हैं, जिन्होंने 2001 में अपने प्राणों की आहुति दी थी.

**संसद के अंदर जिन युवकों को गिरफ़्तार किया गया है, उनके नाम सागर शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा तथा मनोरंजन डी. पुत्र देवराज डी हैं.**

### साजिश में 6 लोग शामिल, 4 गिरफ्तार, दो फरार

शुरूआती जांच में ये बात सामने आई है कि संसद के बाहर से पकड़े गए नीलम और अमोल के पास मोबाइल फोन नहीं था. इनके पास किसी भी तरह का पहचान पत्र और बैग तक नहीं बरामद हुआ. दोनों ने किसी भी संगठन से संबंध होने से इंकार किया है. उनका दावा है कि वो लोग खुद से प्रेरित होकर संसद गए थे. जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि इस साजिश में कुल 6 लोग शामिल थे. 2 लोगों ने अंदर हंगामा किया, तो 2 ने बाहर विरोध प्रदर्शन किया. 2 लोग इस मामले में फरार हैं.

## प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में एमपी व छत्तीसगढ़ के सीएम ने ली शपथ



*** मप्र व छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश से काम कर विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी प्रधानमंत्री**

एजेंसी

**भोपाल-रायपुर :** मध्य प्रदेश में मोहन यादव व छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सीएम के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। इसी के साथ विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे। पीएम मोदी ने दोनों मुख्यमंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम करेगी और विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि अपने सभी परिवारजनों को भी मैं यह भरोसा देता हूं कि भाजपा सरकार आपके जीवन को आसान बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी नए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एमपी : सीएम बनते ही मोहन यादव ने अवैध लाउडस्पीकरों पर लगाया बैन

भोपाल: बीजेपी नेता मोहन यादव मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद ही एक्शन में आ गए। उन्होंने अपनी सरकार का पहला आदेश जारी किया। उन्होंने धार्मिक स्थलों समेत अन्य जगहों पर लगाए गए अवैध लाउडस्पीकरों पर बैन लगा दिया है। साथ ही जो वैध लाउडस्पीकर हैं, उन्हें भी तय डेसिबल सीमा, और तय समय पर ही संचालित करने की अनुमति दी गई है। माना जा रहा है कि सीएम यादव के इस आदेश की जद में कई धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर आ सकते हैं।

## दीयों से जगमग हुआ विश्वनाथ धाम



एजेंसी

**वाराणसी:** श्री काशी विश्वनाथ धाम के दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार शाम दरबार में दीपावली का नजारा दिखा। लगभग 15 हजार दीयों से बाबा का आंगन रोशनी से जगमगा उठा। शाम से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर चौक में दीयो को सजाना शुरू कर दिया। धाम में शंखनाद और डमरुवादन के बीच फूलों से धाम को बेहद आकर्षक तरीके से सजाया गया । वर्षगांठ पर अलसुबह मंदिर परिसर में वेद परायण, महारुद्राभिषेक और हवन पूजन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया।त्र्यम्बकेश्वर हाल में गोष्ठी हुई। गौरतलब हो कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के विस्तारीकरण और स्वर्णमंडित होने के बाद नव्य और भव्य कॉरिडोर की आभा देखने और काशी पुराधिपति को शीश नवाने के लिए भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। भक्तों की दो सालों में रिकॉर्ड लगभग 13 करोड़ से अधिक की आमद हुई है। इसमें लगभग 16 हजार विदेशी भक्त भी हैं। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को मूर्त रूप देने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अहम भूमिका निभाई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के लगभग 3 हजार वर्ग फुट से, लगभग 5 लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में परिवर्तित होने के बाद 13 दिसम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित हुई थी।

मुख्यमंत्री ने जामताड़ा वासियों को 634 करोड़ 30 लाख 34 हजार रुपए की दी सौगात

# गांव मजबूत करेंगे तभी राज्य मजबूत होगा : हेमंत

*** जामताड़ा जिला अंतर्गत कुल 720 किलोमीटर सड़क का बिछेगा जाल, 550 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गांव-गांव पंचायत-पंचायत में शिविर लग रहा है। इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रहकर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। इससे पूर्व 2021और 2022 में आयोजित शिविर के दौरान भी लाखों आवेदन हमें प्राप्त हुए। लोगों की कई तरह की समस्याएं सामने आई और इन आवेदनों की जरूरतों को मद्देनजर रखते हुए कार्य योजना तैयार किया गया। राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। इस निमित्त ग्रामीण परिवेश के अनुरूप योजनाएं का बनना शुरू हुआ। यह राज्य हमेशा चुनौतियों के साथ आगे बढ़ता रहा है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक जीवन भर संघर्ष करते हैं और यही वजह है कि एकीकृत बिहार में यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय की स्थिति को देखते हुए आदरणीय दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य की लम्बी लड़ाई लड़ी गई और हमसभी को अलग झारखंड राज्य मिला। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री जामताड़ा के नाला प्रखण्ड के नूतनडीह में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### स्थानीय नियुक्ति में आ रहें हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति की योजना तैयार है। कुछ लोग नियुक्ति में व्यवधान डालने में लगे हैं। सरकार ने परीक्षा के लिए भरे जाने वाले आवेदन शुल्क भी खत्म कर दी है। इसकी चिंता युवाओं को नहीं करनी है। पहली बार जेपीएससी के दो-दो परीक्षा हम लोगों ने सफलतापूर्वक लिया और इसमें सफल लोग पदस्थापित भी हो गए हैं। आज 90 प्रतिशत से अधिक लोग इसमें सफल हो रहे हैं और पूर्व में इसके विपरीत अन्य राज्यों के लोग परीक्षा में शामिल हो सफलता प्राप्त करते थे।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, जिला परिषद अध्यक्षा राधा रानी सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त संताल परगना प्रमंडल, उपायुक्त जामताड़ा, आरक्षी अधीक्षक जामताड़ा, जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमारे 8 लाख पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने में असमर्थता दिखाई। हमारी सरकार ने इन आठ लाख परिवारों को आवास का लाभ देने हेतु कई बार आग्रह किया गया परंतु केंद्र सरकार द्वारा आवास आवंटन नहीं किया गया। अब राज्य सरकार ने निर्णय लेते हुए अबुआ आवास योजना शुरू की है। ताकि जरूरतमंद 8 लाख से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध हो सके। अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए आप जरूरतमंद लोग अवश्य इस शिविर में आवेदन दें।

## ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, 5 को रौंदा, 3 की मौत

**हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास बुधवार दोपहर 12:20 बजे हुआ। हादसे के वक्त बस की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटे थी।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्रेटर नोएडा में रोडवेज बस चलाते वक्त ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद 30 सवारियों से भरी बस बेकाबू हो गई और आगे जा रहे 5 बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में 3 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक की हालत गंभीर है। सवारियों ने ही किसी तरह से बस को रोका। ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।
बता दें कि हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास बुधवार दोपहर 12:20 बजे हुआ। हादसे के वक्त बस की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटे थी। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों ने नोएडा-लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया। रोडवेज बस बुलंदशहर डिपो की है।

## निरसन एवं संशोधन विधेयक 2023 को संसद से मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली:** निरसन एवं संशोधन विधेयक 2023 को बुधवार को संसद से मंजूरी मिल गई। राज्यसभा ने आज निरसन और संशोधन विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इस विधेयक को लोकसभा ने 27 जुलाई, 2023 को पारित किया था। जब यह विधेयक राज्यसभा में आज चर्चा के लिए रखा गया तो विपक्ष ने लोकसभा में हुई सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर सदन से बहिर्गमन कर विरोध प्रकट किया। सदन में चर्चा के दौरान केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने पुराने अनुपयोगी कानूनों को रद्द करने की नीति अपनाई है। मोदी सरकार ने अब तक गैरजरूरी 1486 कानून समाप्त किए हैं। इस विधेयक के माध्यम से अब 76 और पुराने कानूनों को समाप्त किया जा रहा है। इस विधेयक के पारित होने पर कुल 1562 कानून समाप्त हो जाएंगे। विधेयक का समर्थन करते हुए भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि सरकार पुराने और बेकार कानूनों को हटा रही है। मोदी सरकार का मंत्र न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन है।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

**संक्षिप्त खबरें**

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से झारखंड सरकार द्वारा चल रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का काम भी कलाकारों के द्वारा किया गया। पंचायतो में चल रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने का काम कलाकारों ने किया। पंचायत के मुखिया कमला देवी ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी देने का काम कलाकारों ने किया है। मुखिया ने भी पंचायत में चल रहे हैं योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देने का काम किया एवं ग्रामीण को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे मुखिया से मिलने की बात कही। मौके पर सनोज गुप्ता सत्येंद्र कुमार भिखारी मिस्त्री बिरजू यादव उमेश यादव संतोष ठाकुर विश्वनाथ ठाकुर सीताराम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पांकी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत के कन्या मध्य विद्यालय के परिसर में बुधवार को आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, मुखिया प्रेम प्रसाद, भाजपा जिलाअध्यक्ष शंकर प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया, इस दौरान प्रखंड प्रमुख के हाथों शिविर में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें समूह की महिलाओं के बीच 12 लख रुपए का चेक का वितरण किया गया एवं छात्राओं के बीच साइकिल की राशि वितरित की गई, साथ ही प्रखंड के विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल। शिविर में अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मौके पर प्रखंड सह अंचल कर्मियों के अलावे, आशीष कुमार, शिक्षा विभाग बीपीओ राजू कुमार सिंह, सी.आई महावीर प्रसाद, इंजीनियरिंग कनीय अभियंता मनोज कुमार, डॉ सरना लकड़ा, कृषि विभाग यशवंत कुमार, महिला प्रवेक्षिका गीता सिंह सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकास योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित : सीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पोल्डीह पंचायत के बेदौलीया में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया संजू देवी पंचायत समिति रूबी कुमारी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, मुखिया रामलखन यादव, उप मुखिया सपना कुमारी, जेएसएलपीएस बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, समाजसेवी अशोक यादव समेत प्रखंड व अंचल समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## बीडीसी व उपमुखिया ने विद्यालय के बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीडीसी सकील अहमद, उपमुखिया दयानंद यादव एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमानत हुसैन व सदस्यों के मौजूदगी में बीडीसी व उपमुखिया ने विद्यालय में पढ़ने वाले पहली व दूसरी वर्ग के 130 बच्चों के बीच ड्रेस, स्वेटर और जूता का वितरण किया गया। मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमानत हुसैन, सदस्य शिव प्रसाद भुइँया, संयोजिका मंजू देवी चंद्रिका पाल सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।


## प्रमुख ने वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखकर बालू उत्खनन रोकने को लेकर अवगत कराया

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गढ़वा उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय को ज्ञापन सौंपकर केतार में सोन एवं पंडा नदी से बड़े पैमाने पर बालू उत्खनन करने की शिकायत की है। प्रखंड के ताली, मुकुंदपुर, खैरवा, मेरौनी, पचाडुमर, सहित अन्य जगहों से बड़े पैमाने पर बालू का उत्खनन प्रशासन एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। चंद्रावती देवी ने डीडीसी को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि आनंद शंकर इंटरप्राइजेज द्वारा प्रखंड कार्यालय केतार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष, प्रमुख कक्ष और प्रखंड मीटिंग हॉल का सुंदरीकरण में भारी अनियमितता बरतते हुए सरकारी राशि की बंदरबांट करने का आरोप लगाया है। उक्त वेंडर द्वारा सिर्फ 70-80 हजार रुपए का काम किया गया है। 4.34 लाख रुपये का वाउचर सेव कराया गया है। चंद्रावती देवी ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए कराए गए कार्य की जांच कर मानक के अनुरूप ही कार्य का भुगतान कराने का अनुरोध कीया है।

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 14 दिसम्बर से आयोजित होगा। प्रशिक्षण तीन चरणों मे चार चार पंचायतों के वार्ड सदस्यों को दिया जायेगा। प्रथम चरण में प्रखंड के कुम्बा खुर्द, विलासपुर, हलीवन्ता व पिपरडीह पंचायत के वार्ड सदस्यों का 14 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक, दूसरे चरण में नरही, चितविश्राम, कुशदण्ड व हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्यों का 17 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक तथा गरबान्ध, भोजपुर, कधवन व कोलझिकि पंचायत के वार्ड सदस्यों को 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने सभी वार्ड सदस्यों को ससमय प्रशिक्षण में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को सौंपा 18 सूत्री ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छत्तरपुर नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने नए कार्यपालक अधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस) को 18 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। नगर पंचायत को नगर पंचायत की कई समस्याओं से कार्यपालक अधिकारी को अवगत कराया। जिनमें संपूर्ण नगर पंचायत में हालिया दिनों लगाए गए स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाने, नगर पँचायत में लगाये गए शौचालयों की साफ सफाई करवाने, नगर में लगभग एक करोड़ की लागत से प्राक्कलन के विरुद्ध बनाये गए शौचालयों की जांच कराने, छत्तरपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना करने,नगर के विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़े चापानल और सोलर जलमिनारों की मरम्मत करवाने, पीएम आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करते हुये उसे बिचौलिया मुक्त बनाने आदि की मांग शामिल है। कार्यपालक अधिकारी ने आश्वस्त किया कि कई समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अन्य समस्याओं के निराकरण की दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि नगर में समस्याओं का अंबार लगा है। केवल होल्डिंग टैक्स वसूले जा रहे हैं। सुदूरवर्ती नगर के वार्डो की सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में नगर पंचायत की जिमेवारी बनती है की वह जनहित में समस्याओं के समाधान की दिशा में उचित पहल करे।

# मुसलमानों में एकजुटता के साथ जागरूकता जरूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** मुस्लिम समाज को अपना हक अधिकार लेने, उर्दू को पूरे तौर पर लागू करने, वक्फ बोर्ड का गठन, उर्दू विश्वविद्यालय खोलने के मामले में सरकार से मांग करने व समाज में दहेज रूपी कुरीतियों के प्रति एकजुटता व जागरूकता लाने को लेकर तहरीके बेदारी इस्लाहे मुआसरा कांफ्रेंस की पलामू जिला इकाई ने हुसैनाबाद के मदरसा खैरूल इस्लाम परिसर में स्थानीय मुसलमानो के साथ बैठक की। बैठक की सदारत मौलाना खुर्शीद अनवर नूरी ने की। बैठक में मुसलमानों की विभिन्न समस्याओं के अलावा पीछड़ेपन के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौलाना महताब आलम ने कहा कि अपना हक लेने के लिए एकजुटता और जागरूकता दोनो जरूरी है। मौलाना महताब आलम ने कहा कि मुसलमानों को जागरूक करने के लिए एदारा ए शरिया ने एक तहरीक चलाई है। सभी मुसलमानो को इस तहरीक से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने पलामू जिला मुख्यालय स्थित राहत नगर ईदगाह मैदान डाल्टनगंज में 20 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय कांफ्रेंस में शामिल होने की सभी को दावत दी। कांफ्रेंस में गाजिय मिल्लत मौलाना गुलाम रसूल बलियावी साहब के अलावा देश के कई जाने माने उलेमा हिस्सा लेंगे। मौलाना एजाज साहब, मौलाना कारी जसीमुद्दीन साहब, मौलाना नसीम मरकजी, मौलाना कलीम नूरी, कारी शोएब अख्तर, हाफिज फिरोज, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, हाफिज जुनैद, मो इब्राहिम, मो यूसुफ, अब्दुल रहीम, एहतेशाम अहमद, डा आफताब अहमद, मो प्रवेज, मो अमरोज, इकरामुद्दीन के अलावा प्रखंड के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में प्रमुख को मिली गड़बड़ी



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करसो पंचायत के पचलेवा टोला के आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख गायत्री देवी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। मौके पर गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी सेविका बेरोनिका केरकेटा पति को सुबह 9:30 बजे बुला कर पूछताछ किया। उन्होंने कहा कि सेविका व सहायिका आठ बजे तक नहीं पहुंची तो बच्चे भी घर चले गए। वहां सन्नाटा पसरा रहा।पूछताछ के क्रम में सेविका ने कहा की बीएलओ का काम करने जाना पड़ता है जिसके कारण हम समय से आंगनबाड़ी केंद्र नही खोल पा रहे है। स्थानीय लोगों ने कहा कि केंद्र खोलने और बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है जिसके कारण बच्चे भी नहीं रहते। इस संदर्भ में सुपरवाइजर मधु देवी ने कहा की अगर ग्रामीण शिकायत करेंगे तो करवाई करने के लिए अधिकारियों को आवेदन लिखेंगे हमको भी जानकारी मिली है की वें हमेशा आंगनबाड़ी केंद्र से अनुपस्थित रहती हैं।उसने कहा की सुद्रवर्ती क्षेत्र में कई ऐसा आंगनबाड़ी केंद्र है जहां जाना हमलोग महिला के लिए खतरा है इसलिए हमलोग वैसे आंगनबाड़ी केंद्र पर जांच करने नही जा पाते हैं।

## आवास के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा गरीब ब्राह्मण परिवार, प्रशासन बेखबर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र स्थित बसना ग्राम निवासी अजय कुमार पांडे पिता बसंत पांडे आवास के अभाव में टूटी फूटी मिट्टी का मकान में रहने को मजबूर है। अजय पांडे ने बताया, बिगत 10 वर्षो से ब्लॉक का चक्कर काटते काटते थक गया हूं। कितनी बार पंचायत का मुखिया, पंचायत सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी के पाम अपना दुखड़ा रोया, पर अभी तक मेरा आवास नही हो पाया है। मेरा आवास का मांग करना सभी तरह से सत्य है। अगर जांच की बात करें तो हमारे घर पर आवास की हालत देख समझ में आ जाएगा, कितना महत्वपूर्ण है हमारे लिए आवास श्री पांडे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी से गुहार लगाते हुए, प्रधानमंत्री आवास की मांग की है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों का दिखा उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रखण्ड के सिमरबार पंचायत अंतर्गत रजवार गांव में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरी राउंड के आयोजन में भी ग्रामीणों की उत्साह रही। इस दौरान सैकडो ग्रामीण कार्यक्रम में पहुंचे और अपने समस्या से संबंधित समाधान कराया। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी यामुन रविदास, अकांक्षी प्रखण्ड कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, प्रमुख कमला देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान ने सभी विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया और ग्रामीणों से समस्या से संबंधित जानकारी ली। वहीं एमओ ब्रजेश कुमार ने सभी विभागों की योजनाओं का ग्रामीणों को जानकारी देते हुए लाभ लेने की अपील की। इस दौरान कई विभागों द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, सरयु बैगा, सीआई प्रगति प्रकाश, पंस विनोद रवि, इंद्रदेव यादव, प्रमुख पति अनिल पासवान, राणा पासवान, प्रमोद पासवान सहित सभी विभाग के अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## भारोत्तोलन में शंखा का आयुष कुमार दुबे को मिला गोल्ड मेडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नवा बजार, (पलामू) :** बोकारो में आयोजित झारखंड राज्य भारोत्तोलन प्रतियोगिता में विश्रामपुर के शंखा निवासी आयुष कुमार दुबे को गोल्ड मेडल मिला है। विदित हो कि आयुष के पिता बीमोड़ बिजली विभाग में बतौर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर पुरे परिवार में हर्ष व्याप्त हैं। आयुष के पिता बलवंत दूबे ने बताया कि आयुष बचपन से हीं काफी होनहार रहा है। खेल खेल में भार उठाने का अभ्यास करता था। गोल्ड मेडल मिलने पर प्रखंड जिला का नाम रोशन किया है। इस खुशी में घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। बधाई देने वालों में विश्रामपुर बिजली विभाग के कनीय अभियंता, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय सहित दर्जनों पत्रकार ने बधाई दिया।

### सुखदेव सिंह गोगामड़ी के हत्यारे को कड़ी सजा देने की मांग


**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड के प्रदेश संगठन सचिव रंजीत बहादुर सिंह ने राजस्थान में हुए करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामड़ी की हत्या मामले में हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग सरकार से किया है। विगत पांच दिसम्बर को सिंह को अपने आवास पर शूटरों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। रंजीत सिंह ने बताया की सुखदेव सिह समाज के लिए काफी बेहतर काम कर रहे थे।

## अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिता में तोलरा के राज तिवारी को मिला सिल्वर मेडल




**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल के राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता अंडर 19 में विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी राज तिवारी को सिल्वर मेडल एवं कप मिला है।राज तिवारी डिएभी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के तरफ से झारखंड राज्य के बोकारो खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां राज्य के सभी डिएभी स्कूल के अंडर 19के विद्यार्थी भाग लिए थे क्रिकेट फुटबाल बास्केटबॉल सहित अन्य तरह के खेलों में विद्यार्थी अपना परचम लहरा रहे थे राज तिवारी ने वैडमिंटन खेलो में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव प्रखंड जिला का नाम रोशन किया राज तिवारी के पिताजी कौशल किशोर तिवारी समाजसेवा में बेहतर योगदान देते हैं वहीं राज की माताजी मीनू देवी विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रह चुकी है। जो वर्तमान में समाजसेवा करती हैं इस जीत का श्रेय राज ने अपने माता-पिता एवं गुरु को दिया। राज के पिता कौशल तिवारी ने बताया बचपन से हीं बैडमिंटन में इसका खासा लगाव है और पुरा सपोर्ट मेरे तरफ से मिलता है। इस उपलब्धि पर तोलरा के ग्रामीण सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के तलेया बभंडी पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के कई योग्य एवं जरूरतमंद महिला- पुरुषों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल दिए गए। वहीं स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500-4500 का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी महिलाओं को परिचय पत्र दिया गया। साथ ही कई लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए। मौके पर चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय बाखला ने लोगों का उत्साह वर्धन करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उसका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। मौके पर जिला परिषद फजायल अहमद, मुखिया नेहा परवीन, प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह, कमरुद्दीन अंसारी सहित प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# शिविर में आये कुल 9587 आवेदन, ऑन स्पॉट 5390 का हुआ निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को 13 पंचायतों व मेदिनीनगर नगर निगम दो वार्डो में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में समाचार लिखे जाने तक कुल 9034 आवेदन आये। इस दौरान अबुआ आवास योजना के तहत 5259 आवेदन आये, 350 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसी तरह 209 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लुंगी का वितरण किया गया.मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 526 आवेदन प्राप्त किये गये,156 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया वहीं सर्वजन पेंशन के तहत 320 आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में किसी लाभुक को कंबल, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण, तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**गुरुवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को मोहम्मदगंज के पंसा एवं अन्य ग्राम, हुसैनाबाद के उर्दवार, ऊंटारी रोड के लुम्बासतबहिनी के अन्य ग्राम, चैनपुर के महुगावां, पाटन के किशुनपुर,नीलाम्बर- पीताम्बरपुर के पिपरा खुर्द, पांकी के ढुब पंचायत, छत्तरपुर के डाली, पिपरा के मधुबाना के अन्य ग्राम, में शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा।

## ब्लड कैंसर से पीड़ित मंदीप जिंदगी से जंग हार गए गांव में छाया मातम



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के ग्राम बारा निवासी 32 वर्षीय मंदीप कुमार ने विगत एक वर्ष पूर्व से बल्ड कैंसर से पीड़ित थे। वे आज दुनिया मे नहीं रहे है। मृतक मंदीप राम के पीछे एक पुत्र और दो बेटी और पत्नी के छोड़कर चले गये है। घटना के सूचना मिलते ही रविदास विकास समिति के प्रखंड अध्यक्ष रामगोविंद राम, पंचायत के मुखिया विशुनपुर जितेंद्र कुमार भारती, पूर्व बसपा विधान सभा अध्यक्ष रामबाबु,युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, पूर्व पंचायत समिति लक्ष्मण राम, मिथलेश कुमार शिक्षक ने पहुंच कर मृतक परिजनों से मिलकर सांत्वाना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद करने की बात कहा। वही पर मौजूद पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने कहा कि सरकार से मिलने वाली योजना की लाभ व हर सम्भ्भव मदद करने की बात कहा।

संक्षिप्त खबरें

### दशरथ चंद्र दास प्रभारी कमिश्नर बने

**रांची :** आइएएस अधिकारी दशरथ चंद्र दास का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें अगले आदेश तक दक्षिणी छोटानागपुर का प्रभारी कमिश्नर बनाया गया है। वहीं दास को पलामू प्रमंडल के कमिश्नर का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई ।

### वज्रपात से मृत तीन लोगों के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख रुपये

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपए भुगतान की स्वीकृति दी है। वज्रपात से चान्हो प्रखंड के दो और ईटकी प्रखंड के एक मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गयी है। इनमें चान्हो निवासी रोशनी उरांव के परिजन विशुवा उरांव, चान्हो निवासी शीला देवी के परिजन देवचरण महतो और ईटकी निवासी सुमी उराईन की पत्नी चरवा उरांव को राशि प्रदान की जायेगी। संबंधित अंचल अधिकारी के रिपोर्ट के अनुसार मुआवजा की राशि स्वीकृत की गयी है।

### प्रदीप बागची की जमानत पर सुनवाई 16 दिसंबर को

**रांची:** जमीन घोटाले के आरोपित प्रदीप बागची की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत में सुनवाई हुई। बुधवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 16 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने प्रदीप बागची की ज़मानत याचिका का विरोध किया।

# कांके में तापमान गिरकर पहुंचा 6.9 डिग्री, अभी और बढ़ेगी ठंड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में दिनों दिन ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में राजधानी रांची के कांके का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। हिनू के पास तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में चतरा, लोहरदगा, खूंटी और गुमला का तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 9.5 डिग्री रहा। देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज और सिमडेगा का तापमान 10 डिग्री रहा। साथ ही बोकारो, गिरिडीह का तापमान तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक ठंडा कांके क्षेत्र रहा। आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। 17 दिसंबर के बाद तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट महसूस की जायेगी। ऐसे में लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। सुबह और शाम के वक्त कोहरा का असर राज्य में देखा जायेगा। अधिक कोहरा के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। दोपहर के समय धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी। रांची की बात करें तो 14 दिसंबर से औसतन न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहने की संभावना है।

### पीएम पोषण योजना के तहत रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख का अनुमोदन

**रांची:** रांची के उपायुक्त सह जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार को बैठक हुई। इस दौरान पीएम पोषण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए मध्याह्न भोजन का बजट सह कार्य योजना का प्रस्ताव रखा गया। इसपर कमेटी की ओर से वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख 86 हजार रुपये का अनुमोदन किया गया। बैठक में उपस्थित अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-दो की ओर से रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक से कहा गया कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर हरमू के बाहर गाय आदि पशु को बाँध दिया जाता है। इससे परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। इससे विद्यालय के छात्र-छात्रों को परेशानी होती है।

## हटिया-आनंदविहार एक्सप्रेस का परिचालन 14 दिसंबर से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस के पुनः परिचालन का आदेश रेलवे ने जारी कर दिया है। कोहरा को देखते हुए हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द किया गया था, लेकिन अब इसका पुनः परिचालन किया जायेगा। रांची रेल मंडल की ओर से बुधवार को बताया गया कि ट्रेन संख्या 12873 हटिया आनंदविहर टर्मिनल ट्रेन 14 दिसंबर से हटिया से नियमानुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 12874 आनंदविहर टर्मिनल हटिया ट्रेन 15 दिसंबर से आनंदविहर टर्मिनल से पुनः परिचालित होगी। दूसरी तरफ रेलवे की ओर से संबलपुर बनारस एक्सप्रेस का परिचालन विशाखापट्टनम तक चलेगी। इस संबध में सूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक ट्रेन संख्या 18311 विशाखापटनम बनारस एक्स्प्रेस ट्रेन का विशाखापटनम प्रस्थान प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को 04: 20 बजे और बनारस आगमन अगले दिन 09:25 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18312 बनारस विशाखापटनम एक्स्प्रेस ट्रेन का बनारस प्रस्थान प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को दिन के तीन बजे और विशाखापटनम आगमन अगले दिन 7:30 बजे है। विस्तार के साथ ही द्विसाप्ताहिक ट्रेनें टीटलागढ़, रायगढ़ा, विजयनगरम होते हुए विशाखापटनम तक परिचालित हो रही है।

## झारखंड के तीन जिलों में जेपीएचसीएल करायेगी कई निर्माण कार्य

**जानकारी के अनुसार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में राशि स्वीकृत कर दी है। इससे 10.69 करोड़ की लागत से गिरिडीह जिले के आईआरबी नौ में चारदीवारी और कंसर्टिना कॉइल फेंसिंग का निर्माण कराया जायेगा।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिडेट (जेपीएचसीएल ) राज्य के तीन जिलों में 19.43 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य करायेगी। इन जिलों में जामताड़ा, गोड्डा और गिरिडीह शामिल है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में राशि स्वीकृत कर दी है। इससे 10.69 करोड़ की लागत से गिरिडीह जिले के आईआरबी नौ में चारदीवारी और कंसर्टिना कॉइल फेंसिंग का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही 2.69 करोड़ से गिरिडीह जिले के आईआरबी नौ में सात वॉच टावर और दो गेटों का निर्माण कार्य होगा। इसके अलावा 1.46 करोड़ की लागत से जामताड़ा जिले के नाला सीडीपीओ का भवन निर्माण और 1.43 करोड़ से जामताड़ा पुलिस लाइन में मैगजीन भवन का निर्माण कराया जायेगा। जबकि 3.16 करोड़ की लागत से गोड्डा जिले के राजाभीटा थाना का निर्माण कार्य होगा।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से अल्पसंख्यकों को दिलायेंगे रोजगार : शमशेर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा करीब 24 योजनाएं ऐसी है जो अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही है।उन योजनाओं का लाभ झारखंड के सभी अल्पसंख्यकों मिल रही है यह नहीं इसके लिए निरीक्षण करना जरूरी है। उक्त बातें बुधवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने पत्रकारों से कही। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों तक पहुंचे एवं किसी भी स्तर पर अल्पसख्यकों के साथ भेद-भाव या उनके अधिकारों का हनन् ना हो, यह सुनिश्चित करना आयोग की प्रथम प्राथमिकता है। अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक, आर्थिक तौर पर मजबूती प्रदान करना है। लेकिन जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग के लोग नहीं उठा पाते हैं । आयोग इन योजनाओं की जानकारी ऐसे तबकों तक पहुंचाने में हर तरह की प्रक्रिया अपनायेगा। साथ ही आयोग अल्पसंख्यकों के सभी सामाजिक संगठनों से भी अपील करती है कि वे आयोग से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर समाज में सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता अभियान चलायें।

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का उठाये लाभ:** राज्य सरकार अल्पसंख्यक बेरोजगार युवकों को आत्म- निर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 106 करोड़ की राशि अल्पसंख्यक वित्त निगम के माध्यम से 40 प्रतिशत अनुदान के साथ ऋण मुहैया करा रही है, जिसमें 50 हजार से लेकर 25 लाख तक ऋण देने का प्रावधान है।इसका लाभ जरूर उठाये।

## पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया सरेंडर, मिली जमानत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया। जिसके बाद सुखदेव भगत को एमपी-एमएलए अदालत ने जमानत दे दी है। बता दें कि पूर्व विधायक सुखदेव भगत पर सरकारी काम में बाधा डालने और लोक सेवक पर हमला करने का आरोप था।

**क्या है मामला:** वर्ष 2018 में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत सहित 15 लोगों पर लोहरदगा में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। लोहरदगा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गंगाराम ठाकुर ने काम में बाधा डालने और लोक सेवक पर हमला करने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसके बाद वर्ष 2022 में केस आइयो द्वारा दायर चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था। जिसके बाद बुधवार को सुखदेव भगत ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया और उन्हे जमानत मिल गई।

## 46 लोगों का जत्था उमराह के लिए हुआ रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 साल से उमराह करा रही है। 46 जायरीन उमराह के लिए रांची से जद्दा फ्लाइट से रवाना हुए। मौके पर बोलते हुए मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि 46 लोगों का जत्था रांची से जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा के हैं। मक्का में 600 मीटर की दूरी पर और मदीना में 700 मीटर की दूरी पर ठहराया जाएगा। और सभी जायरीन को मक्का और मदीना की सभी जगह की जियारत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप का रांची की जिम्मेदारी आदिल रशीद पत्रकार को एक नई जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर बोलते हुए मौलाना मोहम्मद जौहर मजाहिरी ने कहा कि 6 जनवरी को रांची से फ्लाइट के द्वारा 90 जायरीन का जत्था जाएगा। इस जत्थे में झारखंड के बड़े-बड़े उलेमा उमराह पर जा रहे हैं। 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली और 72 हजार में रांची टू रांची है। आज के जत्थे को फखरे झारखंड शैखुल हदीस हजरत मुफ्ती नज़रे तौहीद चतरा की दुआ के बाद रवाना हुआ। इस मौके पर फातिमा गर्ल्स अकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, फातिमा गर्ल्स अकेडमी के प्रिंसिपल तबस्सुम फातिमा, जामिया राशिदुल उलूम चतरा के शैखूल हदीस मुफ्ती शोएब कासमी, आदि उपस्थित थे।

## धीरज साहू के आवास पर देर रात तक चली छापेमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड में अब तक 354 करोड़ नगद बरामद किये जा चुके हैं। लेकिन अब जमीन खोद कर आभूषण निकालने की तैयारी है। आईटी को संदेह हैं कि धीरज साहू ने जमीन के अंदर आभूषण गाड़ कर रखा है। अब इस जांच में आगे क्या कुछ निकलता है,इसपर पूरे देश की नजर बनी हुई है। जिस तरह से पूरे देश ने नोटो से भरी अलमीरा देखा सभी की आंख फटी की फटी रह गई। बताया जा रहा है कि करीब आठ दिनों से धीरज साहू से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड चल रही है। जिसमें लोहरदगा, रांची और ओडिसा शामिल है। अब तक कि छापेमारी में 354 करोड़ नगद बरामद हुए.जो देश में अब तक कि सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब तक किसी भी छापेमारी में इतना नगद नहीं मिला है.साथ ही तीन बैग हीरे जवाहरात भी मिलने की खबर है। अब आयकर विभाग की टीम घर और अन्य ठिकाने पर जमीन की जांच कर रही है। आयकर विभाग को शक है कि जमीन के अंदर सोना चांदी हीरे और अन्य चीज हो सकते हैं, इसके लिए विशेष तकनीक वाली मशीन मंगा कर गहन जांच की जा रही है। देर रात रांची के रेडियम रोड स्तिथ आवास की जांच की गई और सुबह से लोहरदगा आवास की जांच की जा रही है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा संसद में हुई चुक गंभीर मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संसद में हुई भारी चुक पर कहा कि यह गंभीर मामला है। इस गंभीर मामले पर भी गृहमंत्री का बयान देने से इंकार करना इस बात को बताता है कि राष्ट्रवाद का ढोंग रचने वाली भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा पर कितनी गंभीर है। ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आज ही के दिन 22 वर्ष पूर्व संसद में हमला हुआ था और हमारे कई सुरक्षा कर्मी उस हमले में शहीद हुए और पुन 22 वर्ष बाद इस घटना का पुनरावृत्ति होना यह बिलकुल दुखद है। ठाकुर ने कहा कि देश के गृहमंत्री लगातार देश संभालने में असफल साबित हो रहे हैं। वो अविलंब इस्तीफा दें। इसके साथ ही भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए क्योंकि उन्हीं के अनुशंसा पर युवकों को संसद दीर्घा के लिए पास निर्गत किया गया था।

### चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड मामले में चार को उम्रकैद

**रांची :** अपर न्यायुक्त दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को बहुचर्चित चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें सदाम उर्फ बबन खान, मोहमद फैजल खान, सहबीब अंसारी और छोटू हुसैन शामिल है। अदालत ने दोषियों को सजा के अलावा दस-दस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जबकि मामले में एक दोषी बिरसा कच्छप को आर्म्स एक्ट में दो साल की सजा सुनाई है। एक दोषी रासिद अंसारी अब तक फरार है।

## सुदेश बने अध्यक्ष, चंद्र प्रकाश चौधरी वरीष्ठ उपाध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीते 29, 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में राज्य के नवनिर्माण के लिए गए नवसंकल्पों के तहत बुधवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा हुई। पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस राज्य को वर्तमान सरकार की कुशासन से जनता के स्वशासन की ओर ले जाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य के हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो यह सुनिश्चित किया गया है। राज्य की आम जनता को गोलबंद कर संघर्ष करना ही हमारा लक्ष्य। हम सब को मिलकर अपनी विरासत को संरक्षित कर उसका संवर्धन और सशक्त करना है इसके साथ ही विरासत को सुरक्षित करने और इसके सम्मान के लिए संघर्ष करने का हम संकल्प लेते हुए एक बार फिर आजसू सुप्रीमो और सिल्ली विधायक कुमार महतो को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने इसकी जानकारी दी। बताया कि राज्य के नवनिर्माण के लिए लिये गये नवसंकल्पों के तहत केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है। इसके अलावा सांसद सीपी चौधरी वरीष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। उमाकांत रजक (पूर्व विधायक), अकील अख्तर (पूर्व विधायक) सहित हसन अंसारी और सुप्रीति मुर्मू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस संयुक्त सचिव होंगे। इसके अलावे विधायक सुनीता चौधरी और डॉ लंबोदर महतो सहित राजेंद्र मेहता, रोशन लाल चौधरी, यशोदा देवी सहित करीब तीन दर्जन महासचिव चुने गये हैं। संगठन सचिव के तौर पर एस अली और जयपाल सिंह को मौका दिया गया है। 136 सचिव (तीन कार्यालय सचिव सहित), एक मुख्य प्रवक्ता सहित चार प्रवक्ता, दो कोषाध्यक्ष, दो प्रशिक्षक और अनुशासन समिति के प्रमुख के तौर पर सुबोध प्रसाद को चुना गया है। देव शरण भगत ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस राज्य को वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता को स्वशासन की ओर ले जायेंगे। केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य के हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित किया गया है। जल्द ही केंद्रीय कमिटी की बैठक होगी जिसमें सभी नये पदाधिकारी शपथ लेंगे और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

## रांची जिला में 2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है : डीसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, रांची जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि, राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार 13 दिसंबर 2023 को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग रांची, दीप्ती कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, प्रदीप भगत, सिविल सर्जन कार्यालय रांची के प्रतिनिधि, सहायक प्रशासक रांची, मुकेश रंजन, सुपरवाइजर समाज कल्याण विभाग रांची, सुलक्षना टुडू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडर, रहमत अली, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ओरमांझी, सीमा कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बुड़मू, रविंद्र प्रसाद, अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02, अरविंदा कुमारी, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति बीएमपी डोरंडा, एस. एम. रंजन एवं सम्बंधित सभी अधिकारी/पदाधिकारी उपस्थित थे। पी. एम. पोषण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक में वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए मध्याह्न भोजन का बजट सह कार्य योजना का प्रस्ताव रखा गया। जिसपर कमिटी द्वारा वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख 86 हजार रूपये लगभग का अनुमोदन किया गया। जिला के विद्यालयों में माह नवम्बर 2023 छात्रों की उपस्थिति 75.12 प्रतिशत रही। 1 लाख 68 हजार 810 बच्चों ने माह नवम्बर 2023 में मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए। बैठक में उपस्थित अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02 के द्वारा रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक से कहा गया की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर हरमू के बाहर गाय आदि पशु को बाँध दिया जाता है। जिससे परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे विद्यालय के छात्र/छात्रों को परेशानी होती है। जिसपर सहायक प्रशासक रांची नगर निगम द्वारा यथोचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया। जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक में सम्बंधित अधिकारी द्वारा बताया गया की प्रथम एवं द्वितीय त्रिमास का चावल वितरण सम्बंधित अभिकर्ता द्वारा जिलें के विद्यालयों में शत प्रतिशत वितरण नही किया गया है। जानकारी हो की मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत जिले में कुल-2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है। इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय-2190 एवं मध्य विद्यालय-791, उच्च विद्यालय-47 एवं मॉडल विद्यालय-08 उच्च विद्यालय में शामिल है।

## सांसद धीरज साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें कांग्रेस : वामदल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवास सहित अन्य ठिकानों करोड़ों रुपये की बरामदगी सीधे - सीधे टैक्स चोरी का मामला है। इसलिए इसकी जांच कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। यह बात वामदलों ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा।

आयकर विभाग ने कितने रुपयों की बरामदगी हुई है इस पर कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। लेकिन भाजपा जिस तरह से इस मुद्दे पर संसद में और झारखंड में हाय - तौबा मचा रही है उससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है। क्योंकि आर्थिक - राजनीतिक भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी खिलाड़ी तो भाजपा ही है। यह विज्ञप्ति माकपा के प्रकाश विप्लव, भाकपा माले के मनोज भक्त, मासस के हलधर महतो, फॉरवर्ड ब्लॉक के अरूण मंडल और आरएसपी की ओर से गणेश दीवान ने जारी किया है।

## तालाब में डूबने से एक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के तपेसरा गांव निवासी बिजला उरांव उम्र 65 वर्ष पिता स्व. जोहन उरांव का शव बुधवार कर्रा पुलिस ने जरिया गांव के बुधवार मुंडा के तालाब से बरामद किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजला उरांव कि दिमागी हालत खराब होने के कारण वह भटकते हुए जरिया गांव निवासी बुधनाथ के घर बाड़ी पर मछली पालन के लिए बनाया गया तालाब पर डुबने हो गयी. शव को देखने के बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी कर्रा थाना को दिया गया. जानकारी मिलने पर कर्रा पुलिस जरिया पहुंचकर शव को ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला गया जिसके बाद शव कि पहचान तपेसरा गांव निवासी बिजला उरांव? के रूप में किया गया वहीं कर्रा पुलिस ने यूडी केस दर्ज करके शव का खूंटी सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## सील किए गए दुकानों का किराया जमा कर खोला गया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत गया मुंडा कंपलेक्स स्थित सील किए गए दुकानों का किराया जमा करा कर खोल गया जिसमें राजकुमार भगत द्वारा रू 200000 जमा किया गया शेष राशि मासिक किराया के साथ जमा करने का निर्णय लिया गया। वहीं एक अन्य दुकानदार के द्वारा पैसा जमा करने पर दुकान खोल दिया गया शेष दुकानदारों को सूचना देने के बावजूद उपस्थित नहीं होने के कारण वार्ता नहीं हो सकी मौके पर सिटी मैनेजर ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम 2011 के तहत वैसे दुकानदार जिन्होंने किराया नहीं जमा किया है उनपर कार्रवाई की जाएगी।

## खलारी बैंक चौक में किड्स जूनियर प्ले स्कूल का उद्घाटन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी बैंक चौक के समीप बुधवार को किड्स जूनियर प्ले स्कूल का उद्घाटन हुआ. समाजसेवी चंद्रिका मिश्रा के द्वारा फीता काट कर किड्स जूनियर प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया. मौके पर स्कूल के संचालक पंकज मिश्रा ने बताया कि उनके प्ले स्कूल में इंग्लिश मीडियम में प्री-नर्सरी से क्लास तीन तक की कक्षाएं संचालित होगी. अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाएगा. उन्होने बताया कि स्कूल में बच्चों का एडमीशन शुरू हो चुका है .इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल की प्रिंसिपल शिखा कुमारी, राकेश मिश्रा, सावित्री देवी, सरोज मिश्रा, ज्योति देवी, अवधेश उपाध्याय, धर्मेन्द्र कुमार, आलोक कुमार सिंह, राजीव कुमार तिवारी, जितेन्द्र कुमार तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, अनुप श्रीवास्तव, अभय कुमार, जियाउल अंसारी, शारदा गोप, मनोज कुमार, सौरभ कुमार, नयन कुमार, नेंसी कुमारी, सृष्टि कुमारी, भूमि कुमारी, वेद कुमार, प्रीति कुमारी, डेजी तिवारी, संजय सिंह सहित अभिभावक एवं अन्य उपस्थित थे.

## शाल्या परवीन ने जरुतमन्दों को दी कंबल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन ने बढ़ती ठंड को देखते हुए असहाय व जरूरतमन्दो के बीच कंबल का वितरण की. बुधवार को अपने क्षेत्र के बमने, डुंडु, मनातू सहित आसपास के 150 लोगों को कंबल दी.कंबल पाने के बाद गरीबों ने जीप सदस्य के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ठंड के कारण काफी परेशानी हो रही थी.कंबल नहीं रहने से रात काटना मुश्किल था।शाल्या परवीन ने बढ़ती ठंड को देखते हुए खलारी सीओ से खलारी अंचल के चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थलों जहाँ पर लोगो की आना जाना अधिक उन जगहों पर अलाव की व्यवस्था करने को आग्रह किया है ताकि ठंड से कुछ राहत मिल सके इस मौके पर पंचू उरांव, विकास लोहरा शामिल थे.

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ा ठंड का प्रकोप

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से अचानक ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है।दिन भर ठंडी हवा और रात में शीतलहरी एवं कनकनी से ठिठुरन बढ़ रही है।जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह तीन दिनों तक हुई बारिश के बाद धूप निकलते ही पूरे कोयलांचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप पड़ गया,लेकिन पिछले दो दिनों से कनकनी और शीतलहरी का प्रकोप अधिक देखा जा रहा है।ठंड का प्रकोप बढ़ने से दिहाड़ी मजदूर और स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मजदूर जहां ठंड से बचते हुए अपने कार्य स्थल तक जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी ठिठुर कर स्कूल आना जाना कर रहे हैं।इधर बढ़ते ठंड को देखते हुए कई स्कूल प्रबंधन के द्वारा समय में परिवर्तन किया गया है।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के द्वारा आज से सुबह 8 बजे की जगह अब 8:40 से स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की है।वही होली चाईल्ड वेली स्कूल प्रबंधन द्वारा भी बढ़ते ठंड को देखते हुए समय में परिवर्तन किया गया है।

## केंद्रीय सदस्यों की नियुक्ति पर बधाई

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी खिजरी विधान सभा से नवमनोनित केंद्रीय सदस्य लक्ष्मी नारायण माहतो, काशी नाथ माहतो, जितेंद्र सिंह, जलनाथ चौधरी, प्रकाश चौधरी, रामानंद महतो, राजेंद्र शाही मुण्डा, राजू नायक,संजीव सिंह, विरेन्द्र भोक्ता,रीना केरकेट्टा, फूलकुमारी देवी, सरिता देवी,उषा किरण,पारशनाथ उरांव को आजसू परिवार की और से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। आपलोगों के नेतृत्व से आजसू पार्टी की संगठन शिखर तक पहुंचाई जाएगी पूर्ण विश्वास है हम आजसू पार्टी को । बधाई देने वाले मे आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, महिला रांची जिला अध्यक्ष वीणा देवी,रामधन बेदिया, प्रदीप जायसवाल ,मुकेश नायक,ओरमांझी प्रखंड के अलावे अनगड़ा प्रखंड कमिटी, नामकुम प्रखंड कमिटी नगर वार्ड कमिटी ने ढेर सारी बधाईया दी।

## लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण ,मंडल पदाधिकारीगण एवं पंचायत के अध्यक्षक गणों की लोक सभा चुनाव की तैयारी हेतु बैठक सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गई द्य इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता झारखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष सह सिल्ली पर्यवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद जी, रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए कि आगामी 16 दिसम्बर 2023 को युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एस टी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस की संगठन की विस्तार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपिल की है! इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष सह रांची जिला अनुशासन समिति के चैयरमेन नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल, सिल्ली प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनिराम दास, शाबुद्दीन अंसारी, सचिव बलराम महतो,कोषाध्यक्ष मंजूर मोमीन, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक,अल्पसख्यक अध्यक्ष साईकुल, श्री प्रसाद बड़ाईक, पिनाकी बनर्जी, निभाई महतो, प्रकाश मुण्डा, घासीराम पातर, रामेश्वर महतो, लालू कोईरी, मोहन उपाध्याय, हरी चरण करमाली, मो.अशरफ, लखी चित्रकार, चरण कोईरी, तापस पोद्दार, जामुउद्दीन मोमीन, मो. विलाल, योगेन्द्र कोईरी, भगीरथ महतो, रबिन्द्र प्रमाणिक, गफूर मोमीन, गोपाल मुण्डा, दुर्गा यादव, अरूण कुमार धान , बिन्देश्वर महतो, सुखदेव मुण्डा, सफीउद्दीन अंसारी, शिव कुमार महतो, संतोष महतो, षष्टी देवी, सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में बुधवार को चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया गया। इस पार्क का उद्घाटन स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस चिल्ड्रन पार्क में बच्चों के खेलने के लिए कई तरह के उपकरण जैसे झूला, सी- सॉ, स्लाइड इत्यादि लगाए गए है। इस पार्क के खुलने से बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए साथ ही बच्चो ने इस पार्क में खेलकर बहुत ही आनंद का अनुभव किया। मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार एवम् स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सि. एल. प्रजापति मौजुद थे। साथ ही स्कूल के शिक्षकगण सपना दत्ता, श्वेता रेजिस भेंगरा, वाहिद अली, एन. सी. साहू, निभा कुमारी, मनीषा सिंह, सौमांशी कुमारी तिवारी, नेहा कुमारी, दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

# हम रहें न रहें, लेकिन हमारा धरोहर बचा रहे : विधायक शिल्पी नेहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मांडर विधान सभा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम प्रखंड के मुरतो गांव में अखड़ा निर्माण का शिलान्यास किया। तत्पश्चात हरिहरपुर जामटोली गांव में सरना स्थल (झखरा स्थल) के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास, हरहंजी गांव में मंदिर के पास में शेड निर्माण का शिलान्यास, हुटार गांव में जल नल योजना का शिलान्यास किया। इधर बेड़ो मुख्यालय स्थित महादनी मैदान का सुंदरीकरण का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हम रहें न रहें, लेकिन हमारा धरोहर बचा रहे। इन धरोहर में हम सभी का आस्था जुड़ा है। इनकी मांग क्षेत्र के लोग बहुत पहले से करते आ रहे थे। लोग हमारे हैं और लोगों का मांग पुरा करना मेरा कर्तब्य है। हमने चुनाव के दौरान इनका वादा किया था, अब उसे पुरा कर रहे हैं। आज मैं खुद को भाग्यशाली समझ रही हूँ, जो मुझे इस पुनय कार्य को करने का मौका मिला है। उन्होने आगे कहा कि 23 दिसम्बर को टाना भगतों के स्मारक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए शिलान्यास किया जायगा। जो हरिहरपुर जामटोली पंचायत का अबतक के सबसे बड़ा योजना होगा। वहीं विधायक ने शिलान्यास समारोह के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों से उनकी समस्या भी सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।

मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव, जिपस बेरोनिका उराँव, जिपस पार्वती देवी, सिलबेस्टर मिंज, नारूवा उराँव, बुधराम लोहरा, अजीज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी अनगड़ा प्रखंड ग्राम प्रभारी का सम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** 13 दिसम्बर अनगड़ा लुपुंग स्टेडियम में अनगड़ा प्रखंड ग्राम प्रभारी का सम्मेलन खिजरी प्रभारी केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ 7 बैठक के मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा आजसू पार्टी जमीन से जुड़ा हुआ पार्टी है जो झारखंड अलग राज्य करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है इसलिए झारखडी जनता का दुःख और दर्द को हमारी समझी है और इसके लिए हमारी पार्टी गांव गांव स्तर पर ग्राम प्रभारी के माध्यम से चूल्हा प्रमुख बनाकर हर घर की चुल्हा की समस्या का समाधान और हर परिवार को रोजगार से जोड़ना ही हमारी पार्टी का उद्देश्य है जिससे लोगों में शिक्षा न्याय और विकास हो मौके पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव,झारखंड आंदोलनकरी केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,केंद्रीय सदस्य बीरेंद्र सिंह भोगता,जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा,छात्र अध्यक्ष राजकिशोर महतो, जगरनाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह,आतिश महतो, अजीत महतो, अनीता गाड़ी, सहेबराम महतो, सुनिल करमाली, अर्जुन राम, किसुन महतो, किरण देवी, आकाश महतो,गीता देवी आदि तमाम पंचायत और गांव प्रभारी मौजूद रहे ।

# बिश्रामपुर पहुँचा सरकार-आपके द्वारा परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के विश्रामपुर पंचायत सचिवालय प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की. इस आयोजन में सभी विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों की दी गई. वहीं द्वार पर पहुंचे ग्रामीणों ने संबंधित आवेदन दिए.

इन आवेदनों में कुल 33 प्रतिशत आवेदन का निष्पादित किया गया. जबकि बाकी आवेदन को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया.

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिप सदस्य सरस्वती देवी, अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, डॉ.प्रतिमा कुमारी, मुखिया दीपमाला कुमारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति कुमारी प्रसाद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गोपाल राम दास, बीपीओ विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता, रवि रंजन कुमार, रमेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे.

**शिविर में प्राप्त आवेदन :** शिविर में अबुआ आवास योजना 25, गुरुजी क्रेडिट कार्ड 59, सर्वजन पेंशन का प्राप्त आवेदन 12, निर्वाचन 30, मनरेगा अंतर्गत नए कार्य का आवंटन 05, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का प्राप्त आवेदन 09, 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत योजना 31, स्वास्थ्य जांच 85, सावित्री बाई फुले योजना 04, जाती प्रमाण पत्र 51, आय प्रमाण पत्र 50, केसीसी 05, आयुष्मान कार्ड 61, आधार पंजीकरण 05, श्रम कार्ड 181, जेएसएलपीएस 59, बिजली विभाग 00 एवं राशन कार्ड सुधार 51आवेदन मिलाकर कुल 723 आवेदन प्राप्त हुआ.

**वितरित परिसम्पत्ति का विवरण :** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर में धोती साड़ी का वितरण 291, मनरेगा अंतर्गत नए जॉब कार्ड का वितरण 31 एवं कंबल वितरण 161 हुआ. जो कि कुल मिलाकर 483 परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया.

**723 आवेदन जमा में 240 मामले का निष्पादन :** विश्रामपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बीडीओ लेखराज नाग ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद सभी का बारी-बारी से निपटारा किया. जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 723 आवेदन आए. जिसमें ऑन द स्पॉट 240 मामले का निष्पादन किया गया.

# पटेल बीएड कॉलेज में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** पटेल बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर के. सी. पंकज, प्राचार्य उदय मेमोरियल बी.एड कॉलेज के रहे. उन्होंने उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका पर विशेष व्याख्यान छात्र-छात्राओं को दिया तथा इसके प्रभाव और आने वाली शिक्षा में बदलाव को लेकर चर्चा किए तथा विस्तृत जानकारी भी दिया. नई शिक्षा नीति एक ऐसी नीति है. जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ नैतिकता को भी प्राथमिकता दी गयी है. जिससे सभी प्रकार का ज्ञान मिलेगा और नैतिकता के साथ-साथ उच्च शिक्षा को अधिक सफल बनाने का प्रयास किया है. विशेष व्याख्यान में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा छात्रों को शुभकामनाएं दी और छात्रों को अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# कोयलांचल के राय पंचायत मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को खूंटी जिला से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था,जिसके बाद सभी पंचायत में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्रामीणो तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।साथ ही भारत को विकसित बनाने के लिए शपथ भी लिया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना जैसे उज्ज्वल योजना,पीएम आवास,स्वस्थ भारत मिशन, योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है एवं लाभार्थी अपना अनुभव को मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपना अनुभव को साझा कर रहे है।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता मनोज कुमार महतो,विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह,मुखिया शीला देवी,उप प्रमुख सुमन देवी,परमेश्वर महतो,लालेश्वर महतो,रेखा देवी,सरोज देवी, सरिता देवी,अनीता देवी, सुमन देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# चटवल पंचायत के गुड़गुडीया मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** बुधवार को चान्हो प्रखण्ड के चटवल पंचायत के गुड़गुडीया मैदान में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चान्हो श्री अशोक कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात चटवल पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट करने के साथ हुई। शिविर के दौरान चटवल पंचायत अन्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। वहीं अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, बुजुर्गो, निःसहाय के बीच कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, जॉब कार्ड, अंचल कार्यालय से सेवा की गारटी के तहत जाति और आवासीय प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य जाँच एवं दवाई वितरण सहित अन्य मामले से संबंधित आवेदनों का निपटारा किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जि0प0(पश्चिम) सदस्य श्री आदिल अज़ीम जी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। आप सभी योग्यता अनुसार योजनाओं का लाभ लें। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना, के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों की दी।

साथ ही शिक्षा विभाग के द्वारा साईकिल वितरण योजना से संबंधित सांकेतिक चेक का वितरण, अंचल कार्यालय से विद्यार्थियों के बीच जाति प्रमाण पत्रों सहित प्रखण्ड स्तरीय कई योजनाओं से संबंधित परिसंपतियों का वितरण जिला परिषद सदस्य चान्हो (प0), प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं पतरातु



पंचायत के मुखिया और सम्मानित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आमजनों के सुविधा, जानकारी और आवेदन भरने में आवश्यक सभी सहयोग के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रधान सहायक श्री जितेन्द्र सिंह जी की अगुवाई में जनसेवक श्री बिठवा उरांव, श्री चरवा उरांव, श्री सोहराब खलील, पंचायत सचिव श्री कलीम अंसारी, श्री हरी हजाम एवं अन्य कर्मियों की टीम के द्वारा विशेष सहायता केंद्र की भी स्थापना इस कार्यक्रम में की गई थी। शिविर में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी, चान्हो श्री संजीव कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, श्री चुमनू तिर्की, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी श्री बुधवा उरांव, प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी श्री उपेंद्र सिंह सहित सभी जनसेवक, प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदा0 श्री रंजीत सिंह, सहायक अभियंता, मनरेगा श्री रोहित कुमार, अंचल निरीक्षक श्रीमती पूर्णिमा मिंज, प्रखण्ड समन्वयक (पीएम आवास) सभी कनीय अभियन्ता, चान्हो प्रखण्ड समन्वयक स्क्र्, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक छ्रस्क्र श्री नीलकंठ मुंडा के साथ-साथ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चटवल पंचायत की

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की जन्म दिवस मनाने का लिया निर्णय

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का जन्म दिवस एक जनवरी को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजित झारखंड नागरिक विकास परिषद की उपाध्यक्ष रणधीर चौधरी की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जन्म दिन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करने का फैसला किया गया। बैठक में डॉ.पारस नाथ महतो, डॉ रूद्रनारायण महतो,जय गोविंद साहु,राजीव रंजन सिन्हा,महेंद्र महतो,जलेश महतो,जोगेश्वर महतो, रणजीत कुमार सिंह सहित परिषद के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का हुआ समापन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को रानीखटंगा पंचायत में शिविर का आयोजन के साथ ही प्रखंड में 24 नवंबर से आयोजित कार्यक्रम का बुधवार को समापन किया गया. कार्यक्रम में सभी विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर एवं उनके अधिकारियों के द्वारा सभी योजनाओं की जानकारी सभी ग्रामीणों के बीच पहुंचाया गया और ग्रामीणों को इससे लाभ उठाने की बातें कही गई. कार्यक्रम में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने कहा की सरकार की संपूर्ण विभाग आपके द्वार पर आकर खड़ी है. इसीलिए आप जिस विभाग की योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो उसके लिए आप जानकारी लेकर के आवेदन कर सकते हैं.

# अमीर और अमीर हुए व गरीब भूख से मरने पर विवश : सुबोधकांत सहाय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के केडी नेहरू क्लब में 'कांग्रेस आपके द्वार' सह महिला व युवा कांग्रेस का संयुक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नीलू विश्वकर्मा ने की. कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. कार्यक्रम में युवा कांग्रेस व महिला कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारीगण को आगामी चुनाव के लिए तैयार रखने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए. नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया. सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संगठन बनाने के जितने भी अधूरे काम हैं उन्हें दस दिनों में पूरा करें.कहा कि देश की महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है.भाजपा शासन में महिला उत्पीड़न में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है.देश के युवा बेरोजगार हैं और डिग्रिया लेकर घूम रहे हैं. इनके शासनकाल में देश में एक लाख करोड़ का कर्ज बढ़ गया. कोयला खदानों को कुछ लोगों को देकर देश को लूटने में लगा दिया गया है. उन्होंने कि भाजपा के शासन में कुछ अमीर और अमीर हुए तथा गरीब भूखों मरने पर विवश हो गया. कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के लोगों को अपने साथ में लेकर चलती है.चार राज्यों में हुए चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है. इससे हमलोग को कोई निराश नहीं हुई है. झारखंड के आगामी चुनाव में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी.संचालन युवा कांग्रेस खलारी प्रखंड अध्यक्ष धीरजबहादुर थापा ने किया.अन्य अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, मजदूर नेता राजनसिंह राजा, इंदिरा देवी, सुंदरी तिर्की, अब्दुल्ला अंसारी, मेरी तिर्की, युवा कांग्रेस के कुलदीप राम, खलारी प्रखंड के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष राजेशसिंह मिंटू, प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, खालिद, सैफुल्लाह, कुलदीप राम, तनवीर अंसारी, गोपाल सिंह, रमेश चौहान, सुरेंद्र चौहान, सलामत अंसारी, संजय राम, विक्की सिंह, मोनू सिंह, बाबू खान, फिरोज अंसारी, मुन्ना देवी, मीनू सिंह, अनीता देवी, सुधा झा, सुमन देवी, रुक्मिणी देवी, राधा देवी, राजा केशरी, अजमुल अंसारी, बबलू वर्मा, अजय तुरी, अनिल तुरी, मनु तुरी, राम पासी, आदि उपस्थित थे.


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आर एफसी टीकर का डेढ़ लाख टकिया फुटबॉल प्रतियोगिता 17 दिसंबर को




**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र टीकर हाइ स्कूल मैदान में आर एफसी टीकर द्वारा 17 दिसंबर को होने वाले एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का तैयारी जोरों पर है। वहीं खेल अध्यक्ष ललित मोहन घोष ने बताया कि एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का तैयारी जोरों पर है। इसमें 8 टीम भाग ले रही है। प्रथम विजेता टीम को डेढ़ लाख एवं द्वितीय उप विजेता टीम को 1 लाख रुपए देकर पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल के लिए टाइसीट जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गुमला, मानभुम , टेल्को , पुड़ीसीली, सरायकेला सहित 8 दलों ने भाग लिया है। मौके पर सचिव दिबाकर कैवर्त, गुरू दयाल नापित आदि उपस्थित थे।

## राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के विद्यार्थियों ने किया इंडस्ट्रियल विजिट



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में व्यवसायिक शिक्षा के अन्तर्गत चल रहे ट्रेडों के तहत ब्यूटी एंड वेलनेस और आईटीआईटीएस के विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को क्लिप्शो सैलून मानगो में और आईटीआईटीएस के छात्र - छात्राओं को कॉलेज ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन (कोक) आमबगान साकची में विजिट कराया गया। ब्यूटी एंड वेलनेस में स्कीन केयर सर्विस, हेयर कटिंग में स्टेप कटिंग, ब्लो ड्राय, कर्ल, हेयर शैंपू करके बच्चों को प्रेक्टिकल दिखाया गया। आईटीआईटीएस के विषय में बच्चों को फ़ोटोशॉप, पेंट, कोरल ड्रा प्रेक्टिकल की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार के दिशा-निर्देश एवं व्यावसायिक शिक्षक राजीव महतो व शिक्षिका रिंकी कुमारी के नेतृत्व में किया गया।

## नये संसद भवन की घटना सुरक्षा में बहुत बड़ी चूक है : महाबीर मुर्मू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को जिस प्रकार नए संसद भवन के चलते सत्र में गलत तरीके से घुसपैठियों का प्रवेश हुआ, यह कहीं ना कहीं देश के लोकतांत्रिक मंदिर की सुरक्षा में बहुत बड़ी चूक है। यह बातें बुधवार को झामुमो के युवा नेता महाबीर मुर्मू ने एक विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि जिस संसद में देश की सुरक्षा एवं अखंडता के लिए कानून बनता हो वहीं पर अगर सुरक्षा में चूक होती है तो यह बहुत बड़ा सवालिया निशान केंद्र सरकार और जांच एजेंसी के लिए है। लोकसभा अध्यक्ष एवं देश के गृह मंत्री को हाई लेवल जांच कमेटी बनाकर इसकी जांच करनी चाहिए ताकि संसद में गलत तरीके से घुसपैठ की घटना का खुलासा हो सके। यह एक साजिश प्रतीत होता है। केंद्र सरकार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करें ताकि हमारा लोकतांत्रिक मंदिर एवं हमारे देश का मान सम्मान बचा रहे।

## कुमीर पंचायत के मुखिया ने किया कंबल वितरण कार्य का शुभारंभ, 70 बुजुर्गों को मिला लाभ



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पटमदा के कुमीर पंचायत भवन में बुधवार को मुखिया दीपक कोड़ा ने झारखंड सरकार की ओर से आवंटित कंबल वितरण कार्य का शुभारंभ किया। पहले दिन विभिन्न वार्डो से पहुंचे 70 बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया गया। मुखिया ने बताया कि कुमीर पंचायत के लिए 240 कंबल प्राप्त हुआ है। पंचायत के सभी 11 वार्ड सदस्यों से बुजुर्गों की सूची प्राप्त कर कंबलों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाड़े की शुरुआत में ही राज्य सरकार की ओर से बुजुर्गों के लिए कंबल उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। इस दौरान उप मुखिया अर्चना महतो, जेएसएलपीएस से छाया रानी महतो, हरेकृष्ण महतो, हरिमोहन महतो, निर्मल महतो व राजकुमार माहली मौजूद थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने सेंट्रल तसर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के साथ किया समझौता



**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओडिशा और झारखंड में रेशम उत्पादन आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा स्टील फाउंडेशन और सेंट्रल तसर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस ज्ञान साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य सुकिंडा इकोरेस के संरक्षण के लिए प्रभावी प्री-कोकून और पोस्ट-कोकून प्रौद्योगिकियों के प्रशिक्षण और वितरण के लिए रेशम उत्पादन आधारित गतिविधियों में समर्थन बढ़ाना है। एमओए पर सेंट्रल तसर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. एनबी चौधरी और टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय ने रांची में संस्थान परिसर में हस्ताक्षर किए। इसके हिस्से के रूप में, दोनों संस्थाएं कृषक समुदायों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संयुक्त रूप से सहयोग करेंगी और प्रथाओं के बेहतर पैकेज को अपनाने पर उनके ज्ञान को समृद्ध करेंगी । जिसमें मेजबान पौधों और रेशमकीट लार्वा के रखरखाव के लिए रोग प्रबंधन, एकीकृत संरक्षण और भूमि प्रबंधन शामिल हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सौरव रॉय ने कहा, %इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य वंचित समुदायों के लिए व्यापक प्रशिक्षण और अभिविन्यास तक पहुंच को सक्षम करना है, जिससे हरिचंदपुर के क्षेत्रों में तसर रेशम और रेशम उत्पादन क्षेत्र को पुनर्जीवित किया जा सके। इस एमओए के तहत, सेंट्रल तसर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और टाटा स्टील फाउंडेशन ने 160 घरों तक पहुंचने के लिए सालाना छह प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की योजना बनाई है।

# डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग को लेकर टाटा स्टील व इंपीरियल कॉलेज लंदन के बीच हुआ एमओयू

### टाटा स्टील इस सेंटर फॉर इनोवेशन में चार वर्षों में 10 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने लंदन में सस्टेनेबल डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए इंपीरियल कॉलेज लंदन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह केंद्र रणनीतिक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी विकास और तैनाती में तेजी लाने, प्रतिभा को आकर्षित करने और उद्योग-अकादमिक सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, टाटा स्टील इस केंद्र में चार वर्षों में 10 मिलियन पाउंड का निवेश करेगी।

केंद्र शुरू में चार प्राथमिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगाः भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए विनिर्माण, स्मार्ट विनिर्माण, टिकाऊ बहु-सामग्री जुड़ने वाली प्रौद्योगिकियां, और नेट-शून्य निर्माण प्रौद्योगिकियां। इसका उद्देश्य घटकों को बनाने के लिए प्रक्रियाओं के डिजाइन के माध्यम से प्राप्त स्थिरता के साथ बहु-सामग्री समाधानों के लिए इंपीरियल की इंजीनियरिंग और डिजाइन भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र का सामूहिक रूप से लाभ उठाना है।

**टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी. वी. नरेंद्रन ने कहा:** सेंटर फॉर इनोवेशन तकनीकी उन्नति और रणनीतिक लाभ पैदा करने के लिए मजबूत उद्योग-अकादमिक साझेदारी बनाने के टाटा स्टील के बड़े प्रयास का एक हिस्सा है। इंपीरियल का केंद्र उत्कृष्ट प्रतिभा पूल के साथ एक मजबूत शैक्षणिक और अनुसंधान मंच प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य हरित भविष्य के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधान बनाने के लिए उद्योग के अनुभव के साथ अनुसंधान उत्कृष्टता का समन्वय करना है।

**टाटा स्टील के प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास के उपाध्यक्ष डॉ देबाशीष भट्टाचार्जी ने कहा:** टाटा स्टील सक्रिय सहयोग के माध्यम से विघटनकारी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और मैं प्रौद्योगिकी नेतृत्व और टिकाऊ व्यापार विकास की दिशा में यात्रा पर इंपीरियल जैसे प्रशंसित शैक्षणिक संस्थान के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं।

**इंपीरियल कॉलेज लंदन में वाइस-प्रोवोस्ट (अनुसंधान और उद्यम) और सेंटर की गवर्निंग काउंसिल की सह-अध्यक्ष प्रोफेसर मैरी रयान ने कहा:** इंपीरियल और टाटा स्टील की संयुक्त विशेषज्ञता के आधार पर, यह नया केंद्र पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए काम करेगा।

## भोजपुरिया क्रिकेट लीग 19 दिसंबर से


### गोलमुरी केबल क्रिकेट ग्राउंड में होंगे सभी मैच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भोजपुरिया क्रिकेट लीग के पांचवें सीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगी. लीग के सभी मैचों का आयोजन गोलमुरी अंतर्गत केबल क्रिकेट ग्राउंड में खेली जायेगी. सभी नॉक आउट मुकाबलें दिन की रौशनी में खेली जायेगी. टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी सहित एक लाख रुपये की ईनामी राशि और रनर-अप को 50 हज़ार रुपये सहित ट्रॉफी दिया जायेगा. मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स साईकिल बतौर पुरस्कार भेंट की जायेगी. फाइनल मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी को स्पोर्ट्स जूता सहित टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और गेंदबाज को भी प्रोत्साहन पुरस्कार भेंट की जायेगी. भोजपुरिया क्रिकेट लीग के आयोजक और भोजपुरी नवचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को उचित मंच मुहैया कराने के साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें प्रतिस्प्रद्धा विकसित करना प्रमुख उद्देश्य है. बताया की 15 दिसंबर तक इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा सकती हैं. टीम के लिए प्रवेश शुल्क 5001 रुपये निर्धारित है. अप्पू तिवारी ने बताया की भोजपुरी साहित्य के पितामह स्व. भिखारी ठाकुर की जयंती को समर्पित यह टूर्नामेंट 19 दिसंबर से प्रारम्भ होगी. टूर्नामेंट के सभी मैचों का यू-ट्यूब चैनल पर लाईव प्रसारण होगा. बताया की विशेष जानकारी के लिए 9263598533 एवं 9334791840 पर संपर्क की जा सकती है.

## बीएलओ के साथ बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की हुई समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ चंदन प्रसाद ने बीएलओ के साथ बैठक कर मतदाता सूची स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सभी बीएलओ को प्रपत्र 6,7,8 में नाम जोड़ने, विलोपन करने में हो रही असुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को प्रपत्र भरने के बारे में विस्तार पूर्वक जरूरी जानकारियां दी। बीडीओ ने कहा कि किसी भी हाल में प्रपत्र 6 में किसी योग्यता का भी नाम न छुटे इसपर विशेष ध्यान दिया जाए. इस मौके पर सभी बीएलओ सुपरवाइजर को विशेष रूप से लक्ष्मणम महतो के द्वारा दी गयी. वही बीडीओ श्री प्रसाद ने पीएसई एंड डीएसई सम्बधित बीईलओ को दो दिन के अंदर इसकी जाँचकर कार्यलाय में उपल्ध करने का निर्देश दिया गया। वहीं जगन्नाथपुर विधानसभा के सभी बीएलओ को फोन के जरिए अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा व अनुमंडल दंडाधिकारी दुर्गा कुमार ने प्रपत्र 6,7,8 एक भी लोग छूटे नहीं इस पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

### राजनगर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री चम्पई सोरेन, बोले

## गुरुजी क्रेडिट कार्ड से विधार्थी ले सकेंगे उच्च शिक्षा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजनगर प्रखंड क्षेत्र के राजनगर ब्लॉक मैदान एवं कुड़मा पंचायत भवन परिसर में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन , विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, जिला परिषद सदस्य मालती देवगम, सुलेखा हांसदा ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि सरकार आम जनता तक सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत किया है. उन्होंने पंचायत वासियों से इसका लाभ उठाने की अपील किया. उन्होंने कहा बच्चों को सरकार उनकी उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रे डिट कार्ड कर दे रही। जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने अबुआ आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत विभिन्न विभागों के योजनाओं के जानकारी विस्तार पुर्वक दी. इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जिसका मंत्री चंपई सोरेन और उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने अवलोकन कर मौजूद विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. राजनगर ब्लॉक मैदान शिविर में विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित कुल 1466 आवेदन प्राप्त हुए जिसकी जांच कर 645 का निष्पादन किया गया. इसी तरह कुड़मा पंचायत में कुल 1315 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 497 का निष्पादन किया गया. इस अवसर पर उप प्रमुख सुमना देवी, बीडीओ डांगुर कोड़ाह, अंचलाधिकारी हरिश चन्द्र मुंडा,जिला परिषद सदस्य श्रीमती मालती देवगम, सुलेखा हांसदा, मुखिया पानो मुर्मू, राजो टुडू, नमिता सोरेन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामजीत उर्फ लालू हांसदा, मंत्री के अप्त सचिव गुरु पद महतो, विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, पंचायत समिति सदस्य मुनीराम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## प्रधानमंत्री का डिजिटल संदेश ग्रामीणों ने सुना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ बुधवार को गम्हरिया प्रखंड के जगन्नाथपुर और कालिकापुर पंचायत पहुंची। यहां पंचायत वासियों द्वारा प्रचार रथ का स्वागत किया और उसके माध्यम से प्रधानमंत्री का डिजिटल संदेश सुना। जगन्नाथपुर पंचायत भवन के समीप स्थित एनकेएस मैदान में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार की उपस्थिति में गम्हरिया प्रखंड में रथ यात्रा की शुरुआत हुई। बताया गया है कि यह रथ प्रखंड के सभी पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को केंद्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन योजनाओं का लाभ लेने के बावत विस्तार पूर्वक बताएगा। इस मौके पर प्रभारी मुखिया रिंटू देवी, पंसस सदस्य आरती देवी, अमरेश कुमार ईश्वर, वार्ड सदस्य कमलदेव राय, वीरेंद्र राय, समाजसेवी मनीष कुमार, भाजपा नेता गणेश महाली समेत महिला समिति के सभी सदस्य व विभागीय कर्मचारी मौजूद थे।

## पूर्वी सिंहभूम: 8 प्रखंडों के 9 पंचायत व 1 नगर निकाय में आयोजित हुआ शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को जमशेदपुर सदर प्रखंड के बागबेड़ा, पोटका के हेसड़ा एवं रसुनचोपा पंचायत, पटमदा के खेड़ुआ, बोड़ाम के बोड़ाम पंचायत स्थित रगमागोड़ा मैदान, मुसाबनी का धोबनी पंचायत, बहरागोड़ा के केशरदा, चाकुलिया में कालियाम पंचायत तथा गुड़ांबादा का फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में जेएनएसी अंतर्गत बिष्टुपुर गोस्वामी मंदिर सामुदायिक भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक पोटका संजीव सरदार ने जमशेदपुर सदर प्रखंड एवं पोटका प्रखंड, विधायक बहारगोड़ा समीर मोहंती चाकुलिया एवं बहरागोड़ा प्रखंड तथा विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड के पंचायत स्तरीय शिविर में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। इस अवसर पर विधायकगण ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील समस्त ग्रामीणों से किया। गरीब छात्रों के लिए गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना हो या स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को क्रेडिट लिंकेज, पहचान पत्र, कंबल, सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि जैसी योजना है जिससे सभी वर्गो को लक्षित कर लाभान्वित किया जा रहा है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार सभी पंचायत स्तरीय शिविर में सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी भी उपस्थित रहकर शिविर का सफल संचालन सुनिश्चित करा रहे। पंचायत स्तरीय शिविर में बड़ी संख्या में लाभुक शामिल हो रहे हैं।

## नहीं रहे प्रसिद्ध पेंटिंग कलाकार बादल प्रामाणिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के प्रसिद्ध पेंटिंग कलाकार बड़ा गम्हरिया निवासी बादल प्रामाणिक (66) का मंगलवार को हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर हैदराबाद से उंनका पैतृक आवास लाया जा रहा है। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। बताया जाता है कि स्व प्रामाणिक लीवर रोग से ग्रसित थे। काफी समय से उनका इलाज हैदराबाद स्थित एआईजी अस्पताल में चल रहा था जहाँ उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे परिवार में पत्नी के अलावे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए। विदित है कि स्व बादल प्रामाणिक कला के क्षेत्र में जाने माने हस्ती थे। देश ही नहीं विदेशों में भी उनकी प्रसिद्धि थी। शिल्पी निकेतन नामक कला संस्था के वे संस्थापक थे जहां बच्चों को पेंटिंग सिखाई जाती थी। क्षेत्र में हस्तकला की अलख जगाने का श्रेय स्व प्रामाणिक को ही जाता है। उनके निधन से क्षेत्र के कलाकारों में भी शोक व्याप्त है।

## कुचाई में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ बीपीओ नाथो महतो और लेखपाल कृष्ण मोहन महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम चरण की प्रशिक्षण में कुचाई प्रखंड के 38 शिक्षकों को विद्यालय के कमजोर बच्चों को कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर आगे लाना है इसकी जानकारी दी गई। प्राथमिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को दी जा रही ट्रेनिंग इस दौरान बीपीओ नाथो महतो ने कहा कि विद्यालय के बच्चे आज भी प्राथमिक शिक्षा में काफी कमजोर है। इसे सुधारने के लिए सरकार ने शिक्षकों के लिए एफएलएन प्रशिक्षण शुरू किया है। मौके पर महतो ने प्रशिक्षण ले रहे सभी शिक्षकों को कहा कि ट्रेनिंग प्राप्त कर अपने विद्यालय के बच्चों पर लागू करें। चार दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य रूप से कक्षा 1,2 और 3 के बच्चों के लिए पढ़ने के लिए ही किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो लेखापाल कृष्णा महतो महतो प्रशिक्षक सुशांत कुमार महतो मंगल मार्डी प्रदीप प्रमाणिक प्रदीप डे व 38 प्रतिभागी उपस्थित थे।

## मैथन पावर को रिएक्टिव पावर के उत्कृष्ट प्रबंधन को ईस्टर्न रीजन लोड डिस्पैच सेंटर से मिला प्रशस्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा पावर और दामोदर वैली कॉरपोरेशन के संयुक्त उद्यम मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) को रिएक्टिव पावर के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए ईस्टर्न रीजन लोड डिस्पैच सेंटर (ईआरएलडीसी), कोलकाता ने सराहा है। यह प्रशस्ति 30 नवंबर, 2023 को ईआरएलडीसी द्वारा जारी की गई थी, जो भारत के पूर्वी क्षेत्र में बिजली प्रणाली के इंटीग्रेटेड ऑपरेशन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। ग्रिड में वोल्टेज स्थिरता और बिजली की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रिएक्टिव पावर आवश्यक है। भारतीय ऊर्जा प्रणाली में सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के बढ़ते एकीकरण के संदर्भ में रिएक्टिव ऊर्जा प्रबंधन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। रिएक्टिव पावर को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करके, एमपीएल न केवल वोल्टेज विनियमन में ईआरएलडीसी का समर्थन करता है, बल्कि विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करके अपने ग्राहकों को भी संतुष्ट करता है। यह प्रशंसा कई मापदंडों पर आधारित थी, जैसे मैथन प्लांट द्वारा रिएक्टिव पावर जनरेशन, मैथन प्लांट द्वारा एब्सॉर्प्शन और एक्सचेंज, प्लांट बस में वोल्टेज प्रोफाइल, प्लांट टर्मिनलों पर पावर फैक्टर और ईआरएलडीसी निर्देशों और ग्रिड कोड की अनुपालना करना। 1,050 मेगावाट की उत्पादन क्षमता के साथ, टाटा पावर का मैथन प्लांट भारत का पहला पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) आधारित सबक्रिटिकल तकनीक का उपयोग करने वाला थर्मल पावर प्लांट है। इस थर्मल परियोजना से चार राज्यों, नई दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल और केरल को बिजली की आपूर्ति की जाती है।

**झारखंड विधानसभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यहां प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधानसभा का त्रयोदश (शीतकालीन) सत्र दिनांक-15/12/2023 से आहूत की गई है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

ह/0
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची ।

ज्ञाप संख्याः-जनसम्पर्क-04/2023-3057/वि0स0,रांची,दिनांकः-13/12/23

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीया

# पुस्तक से कांग्रेस परेशान

**कांग्रेस** के सामने नित नयी परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। पिछले कुछ समय में कांग्रेस ने बमुश्किल राहुल गांधी की छवि एक जननेता की बनाने की कोशिश की लेकिन पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव में करारी पराजय और उसके बाद पूर्व राष्ट्रपति एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक ने उस छवि को खंडित कर दिया है। शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक पर हो रही चर्चाओं से कांग्रेस में भारी खलबली है। पुस्तक में जिस प्रकार के खुलासे किए गए हैं, उससे निश्चित ही राहुल गांधी और सोनिया गांधी की एक अलग किस्म की छवि लोगों के दिमाग में बन रही है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह पुस्तक अपने पिता की डायरी, उनसे हुए संवाद और अपने शोध के आधार पर लिखी है। पुस्तक का नाम- 'इन प्रणब, माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' है। इसका विमोचन 11 दिसम्बर, 2023 को दिल्ली में होनेवाला है परंतु पुस्तक अभी से चर्चा आ गई है। शर्मिष्ठा ने पुस्तक में सोनिया गाँधी और प्रणब के बीच के रिश्ते, राहुल गाँधी को लेकर उनके विचार और देश के राजनीतिक माहौल पर उनके विचारों को लेकर लिखा है। गौरतलब है कि प्रणब मुखर्जी कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में से एक थे। वह रक्षा, वित्त और विदेश जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय सँभाल चुके थे। वह 2012 से लेकर 2017 तक देश के राष्ट्रपति भी रहे थे। याद हो कि प्रणब मुखर्जी ने भी अपनी पुस्तक में ऐसे कई खुलासे किए थे, जिनसे न केवल सोनिया गांधी अपितु कांग्रेस भी कठघरे में आ गई थी। हिन्दुओं के शीर्ष धर्मगुरु शंकराचार्य जी को जिस प्रकार दीपावली के पावन पर्व पर गिरफ्तार करके जेल भेजा था, प्रणब मुखर्जी ने इस प्रसंग का बहुत वेदना के साथ जिक्र किया था। बहरहाल, शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक एक बार फिर उन घटनाओं को सामने लाती हैं, जिनसे राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता प्रकट होती है। यह भी कि प्रणब मुखर्जी सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भली प्रकार समझ गए थे। इसलिए 2004 के आम चुनावों में राजग की हार के बाद जब कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री बनने की अपील की जा रही थी और विपक्ष के विरोध के चलते सोनिया को खुद ही इस दौड़ से बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा था, तब वरिष्ठ नेता प्रणब मुखर्जी के प्रधानमंत्री बनने की खबरें तैरने लगी थी। लेकिन प्रणब मुखर्जी जानते थे कि मनमोहन सिंह या कोई और ही प्रधानमंत्री बनेगा। यही कारण था कि वे अपनी बेटी को कहते हैं कि सोनिया गांधी उन्हें कभी प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी। खैर, यह तो एक घटना है, जिसका जिक्र कई बार आता है। परंतु, राहुल गांधी के संबंध में जिस प्रकार की धारणा प्रणब मुखर्जी की इस पुस्तक के माध्यम से सामने आई है, वह कहीं न कहीं कांग्रेस को परेशान करनेवाली है। शर्मिष्ठा के अनुसार, एक ओर प्रणब मुखर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अनुशासित, परिपक्व, परिश्रमी और राष्ट्रभक्त राजनेता मानते हैं, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी के प्रति उनकी धारणा थी कि उन्हें राजनीतिक अनुभव प्राप्त करना चाहिए। राहुल गांधी अभी इतने परिपक्व नेता नहीं कि नेतृत्व कर सकें। प्रणब मुखर्जी के मन में राहुल गांधी की छवि गंभीर राजनेता की नहीं थी। बहुत हद तक राहुल गांधी की यही छवि आम भारतीयों के मन में भी है, जिसे बदलने के लिए भारत जोड़ो यात्रा भी की गई। देश-दुनिया में राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। हालांकि उन आयोजनों में भी उन्होंने अपने बयानों से विवाद ही खड़े किए। खैर, शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक ने राहुल गांधी की छवि बदलने के कांग्रेस के प्रयासों पर बहुत हद तक पानी फेर दिया है। देखना होगा कि कांग्रेस कैसे इन सब बातों को लोगों के दिमाग से निकाल पाती है।

कांग्रेस ने बमुश्किल राहुल गांधी की छवि एक जननेता की बनाने की कोशिश की लेकिन पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव में करारी पराजय और उसके बाद पूर्व राष्ट्रपति एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक ने उस छवि को खंडित कर दिया है। शर्मिष्ठा मुखर्जी की पुस्तक पर हो रही चर्चाओं से कांग्रेस में भारी खलबली है। पुस्तक में जिस प्रकार के खुलासे किए गए हैं, उससे निश्चित ही राहुल गांधी और सोनिया गांधी की एक अलग किस्म की छवि लोगों के दिमाग में बन रही है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह पुस्तक अपने पिता की डायरी, उनसे हुए संवाद और अपने शोध के आधार पर लिखी है। पुस्तक का नाम- 'इन प्रणब, माई फादर : ए डॉटर रिमेम्बर्स' है। इसका विमोचन 11 दिसम्बर, 2023 को दिल्ली में होनेवाला है परंतु पुस्तक अभी से चर्चा आ गई है। शर्मिष्ठा ने पुस्तक में सोनिया गाँधी और प्रणब के बीच के रिश्ते, राहुल गाँधी को लेकर उनके विचार और देश के राजनीतिक माहौल पर उनके विचारों को लेकर लिखा है। गौरतलब है कि प्रणब मुखर्जी कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में से एक थे। वह रक्षा, वित्त और विदेश जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय सँभाल चुके थे। वह 2012 से लेकर 2017 तक देश के राष्ट्रपति भी रहे थे। याद हो कि प्रणब मुखर्जी ने भी अपनी पुस्तक में ऐसे कई खुलासे किए थे, जिनसे न केवल सोनिया गांधी अपितु कांग्रेस भी कठघरे में आ गई थी।

जनरल जगजीत सिंह अरोरा और जनरल जैकब से लेकर सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जाएगा

# सैम बहादुर के बहाने याद जनरल मानेकशॉ की

आर.के. सिन्हा

1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आएंगे।

**सैम** हॉरमुसजी फेमजी जमशेदजी मानेकशॉ को देश 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भारतीय थल सेना का कुशल नेतृत्व करने वाले एक सेनाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञ भाव से याद करता है। वे फील्ड मार्शल का पद हासिल करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे। अब उनके जीवन पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के रिलीज होने के साथ ही यह मौका है कि हमारे सारे देशवासी खासकर के युवा पीढ़ी उनकी शख्सियत को फिर से जाने-समझे। उन्हें सैम मानेकशॉ और सैम बहादुर भी कहा जाता था। वे 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने थे। इससे पहले उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के साथ-साथ भारत की चीन और पाकिस्तान के साथ हुई तमाम जंगों में अहम भूमिका निभाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी, जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आएंगे। इस बाबत जनरल जगजीत सिंह अरोरा और जनरल जैकब से लेकर सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जाएगा। उस जंग में भारत की विजय पर बात तब तक अधूरी रहेगी जब तक अरुण खेत्रपाल के पराक्रम की चर्चा ना हो जाए। उनके पिता भी उस जंग में लड़ रहे थे। अरुण खेत्रपाल ने पंजाब-जम्मू सेक्टर के शकरगढ़ में शत्रु के दस टैंक नष्ट किए थे। वे तब मात्र 21 साल के थे। इतनी कम आयु में अब तक किसी को परमवीर चक्र नहीं मिला है। नोएडा का अरुण विहार सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के नाम पर ही है। उन्होंने इंडियन मिलिट्री अकाडमी से जून, 1971 में ही ट्रेनिंग खत्म की। उसी साल दिसंबर में पाकिस्तान के साथ जंग शुरू हो गई। अरुण खेत्रपाल की स्क्वेड्रन 17 पुणे हार्स 16 दिसम्बर 1971 को शकरगढ़ में थी। वे टैंक पर सवार थे। टैंकों से दोनों पक्ष गोलाबारी कर रहे थे। वे शत्रु के टैंकों को बर्बाद करते जा रहे थे। इसी क्रम में उनके टैंक में भी आग लग गई। वे शहीद हो गए। लेकिन उनकी टुकड़ी उनके पराक्रम को देखकर इतनी प्रेरित हुई कि वह दुश्मन की सेना पर टूट



पड़ी। युद्ध में भारत को सफलता मिली। अरुण को शकरगढ़ का टाइगर कहा जाता है। 1971 की जंग से जुड़ी एक यादगार फोटो को देखकर भारत की कई पीढ़ियां बड़ी हुई हैं। उस फोटो को देखकर हरेक हिन्दुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इसमें भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा के साथ पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अमीर अब्दुल्ला ख़ाँ नियाजी बैठे हैं। नियाजी अपनी सेना के आत्मसमपर्ण करने संबंधी एक पेपर पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उस चित्र में भारतीय सेना के कुछ आला अफसर प्रसन्न मुद्रा में खड़े हैं। उनमें जनरल जे.एफ.आर जैकब भी हैं। युद्ध संवाददाता के रूप में मैंने जनरल जैकब के साथ काम किया है और देखा है कि वे किस जांबाज किस्म के सेना नायक थे। 1971 के युद्ध में जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। भारत में जन्मे वे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने नियाजी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था। जैकब के युद्ध कौशल का ही परिणाम था कि नब्बे हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों ने अपने हथियारों समेत भारत की सेना के समक्ष घुटने टेके। आज के दिन जनरल जैकब राजधानी के हुमायूं रोड के यहूदी कब्रिस्तान में चिर निद्रा में हैं। अगर बात जनरल अरोड़ा की करें तो उन्होंने 1971 की जंग में भारतीय सेना को छोटी-छोटी टुकड़ियों में बांटकर पूर्वी पाकिस्तान में घुसने के आदेश दिये थे। उनकी इस रणनीति की वजह से ही हमारी सेना देखते ही देखते ढाका पहुंच गई थी। जरनल अरोड़ा ने जीवन भर 1984 में सिख विरोधी दंगों के दोषियों को दंड दिलवाने के लिए लगातार संघर्ष किया था। उधर, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों भी 1971 की जंग के एक महान नायक थे। आपने उनके शौर्य की कथाएं अवश्य सुनी होंगी। जब जंग चालू हुई वे तब राजधानी के रेस कोर्स क्षेत्र में रहते थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना के गले में अंगूठा डाल दिया था, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान सहायक वायुसेनाध्यक्ष के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे, जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। इदरीस हसन ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए इसका बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। तो यह कोई दावा नहीं कर सकता कि उसकी वजह से भारत किसी जंग में जीता। बहरहाल, सैम मानेकशॉ को प्यार से सैम बहादुर इसलिए कहा जाता था। क्योंकि, उनका संबंध गोरखा रेजीमेंट से था। वे जब सेनाध्यक्ष थे तब आर्मी हाउस की निगाहबानी गोरखा रेजीमेंट के जवान ही किया करते थे। बता दें कि राजधानी में 4, राजाजी मार्ग के बंगले को आर्मी हाउस कहा जाता है। इसी में सेनाध्यक्ष रहते हैं। इसी में जनरल के.एम.करिय्पा, जनरल के. सुंदरजी, एन.सी. विज जैसे महान सेनाध्यक्ष रहे हैं। देश की आजादी के बाद से ही सेनाध्यक्ष इधर ही रहते रहे हैं। सैम मानेकशॉ भी भारतीय सेनाध्यक्ष के पद पर रहते हुए 4, राजाजी मार्ग के आर्मी हाउस में ही रहा करते थे। कहते हैं कि वे सुबह अपने बंगले के बाहर भी सैर करने के लिए निकल जाया करते थे। उनके साथ उनकी पत्नी भी हुआ करती थीं। वहां पर अगर कोई शख्स सड़क पर चलते हुए उन्हें नमस्कार करता तो वे उसका आदरपूर्वक उत्तर भी देते थे। उनमें जनरल पद की ठसक नहीं थी। खैर, सैम मानेकशॉ के जीवन पर बनी फिल्म से देश की युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी मिलेगी। सरकार ने उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर भी प्रमोट कर दिया था। हालांकि, वे 1975 के आस-पास दिल्ली से चले गए थे। उसके बाद उनका दिल्ली आना-जाना कम ही होता था। मानेकशॉ की 94 वर्ष की आयु में 27 जून 2008 की सुबह 12:30 बजे तमिलनाडु के वेलिंग्टन के सैन्य अस्पताल में मृत्यु हुई थी। फिर वहां ही उनकी सादगी से अंत्येष्टि कर दी गई थी।

दृष्टि कोण

# आनलाइन सट्टेबाजी से बर्बाद होते युवा

**अभी** हाल में संपन्न हुए विधान सभा चुनावों में छत्तीसगढ़ में ऑन लाइन सट्टेबाजी को लेकर भाजपा और कांग्रेस में इसे सह देने का एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखकर सभी प्लेटफॉर्मो पर सट्टेबाजी ऐप पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। अपनी चिट्ठी में बघेल ने कहा कि हाल के दिनों में आनलाइन सट्टेबाजी और गेमिग के माध्यम से अवैध जुआ और सट्टेबाजी का कारोबार पूरे देश में पैल गया है। इसके संचालक और मालिक मिलकर उत्त अवैध कारोबार चला रहे है। अपने राज्य में पैले इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाये गए कदमों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री से इसे रोकने की अपील की। मैच फिक्सग और सट्टेबाजी की बढ़ती हुईं घटनाओं ने देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद कर दिया है। रातोंरात अमीर बनने के चक्कर में आज के युवा इसके चव्रव्यूह में फसते चले आ रहे



है और इस सट्टेबाजी के मास्टरमाइंड विदेशों में बैठकर पूरी युवा पीढ़ी को इस अवैध काम में झोंक रहे हैं। 1998-99 में जब दक्षिण अप्रीका के कप्तान हैंसी व्रोनिये का नाम मैच फिक्सग में आया तो पूरे व्रिकेट जगत में तूफान आ गया, जो लोग व्रिकेट खिलाड़ियों को भगवान के रूप पूजते थे वे अब इन्हे खलनायक के रूप में देखने लगे थे, इस घटना के वुछ दिन बाद बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष आईएस बिंद्रा ने मैच फिक्सग में देश के महान आलराउंडर 1983 के विश्व कप विजेता टीम के कप्तान का नाम उछाला तो पूरा बवंडर मच गया, उसके बाद फिक्सग को लेकर 'मनोज प्रभाकर' की टेप सामने आई और मनोज प्रभाकर समेत, मो. अजहरुद्दीन और अजय जडेजा आदि पर बैन लग गया तब व्रिकेट प्रेमियों का दिल बहुत दुखा था। परन्तु जब से आईपीएल का आयोजन शुरू हो गया है और टेस्ट व्रिकेट की जगह टी-20 व्रिकेट ने ले ली है तब से मैच फिक्सग और आनलाइन सट्टेबाजी आम बात हो गईं है और इसमें पड़कर युवा पीढ़ी बर्बाद हो गईं है। आईंपीएल शुरू होते ही सट्टेबाजी का गिरोह भी बढ़ने लगा है, सट्टेबाजी के कारण देश के युवा तबाह हो रहे है एक दिन में देश में हजारों करोड़ का सट्टा लग जाता है और ये सट्टेबाज गिरोह के लोग एक एक दिन में लाखों करोड़ों के वारे न्यारे करते है। सट्टेबाजी के इस खेल में वुछ लोग एक झटके में वंगाल हो जाते हैं और सट्टा खिलाने वाले मालामाल हो जाते हैं। इस खेल में एक बड़ा सिडिकेट होता है जो इस खेल की मॉनिटरिग करता है और सट्टेबाजी में हारे हुए लोगों से पैसा वसूलता है। सट्टा लगाने वाले शख़्स को लाइन कहा जाता है जो एजेंट (पंटर) के जरिये बुकी (डिब्बे) से बात करता है। एजेंट को एडवांस देकर एकाउंट खुलवाना पड़ता है यह एकाउंट 1000 से लेकर लाख रुपए तक खुलता है जैसे ही नया आदमी अपनी आईंडी बनवाता है तो जितने रुपए की आईंडी बनती है उसका 20 फीसद तुरन्त एजेंट को मिल जाता है। ये एजेंट नया आदमी बनवाने और सट्टे खेलने वालों से वसूली का काम करते है। कम राशि सीधे आनलाइन ट्रांसफर की जाती है और बड़ी रकम एजेंट के जरिये भिजवाया जाता है। जानकारों का कहना है जबसे टीवी पर 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे कार्यव्रम दिखाये जाने लगे है तभी से युवा पीढ़ी कम समय में बिना परिश्रम के अधिक से अधिक पैसा लगाने में जुटी है और इस चक्कर में मेहनत से कमाईं या मांबाप द्वारा र्अजित पूंजी गवां रही है, पूरे देश में यह ट्रेंड विकसित हो गया है युवा पीढ़ी यह समझ नहीं पा रही है कि इस लत से उनका पूरा परिवार तबाह हो रहा है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नावाडीह पंचायत में शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम जोगिया बाबा आश्रम मैदान मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य,अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, स्थानीय मुखिया राजकिशोर कोटवार, सरपंच सुधीर कोटवार, सरगडीह मुखिया प्रभाष प्रकाश, बीस सूत्री अध्यक्ष राम विनय महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी ने शिविर में उपस्थित लाभुकों से अपील करते हुए बताया



के सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें।इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विभागीय कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगा कर फॉर्म जमा लिया जा रहा गया।जैसे प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास,अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को गाँव से पंचायत पहुँचाने काम किया जा रहा है ताकि सभी को समूचित लाभ मिल सके। लोगों से अपील की गई कि इस शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लिया जाय। इस शिविर में सभी प्राप्त आवेदनों को यथासंभव हो सके तो शिविर में हीं निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रुप से निष्पादन करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करके उन आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा। मौके पर प्रखंड प्रधान सहायक अजीत कुमार, नाजिर राजदीप कुमार, प्रखंड एवं अंचल के कर्मचारी वनपाल एवं वनारक्षी तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में बाह्य पर्ची शुल्क 9 फरवरी 2023 से है लागू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में 9 फरवरी 2023 से मरीजों को बाह्य पर्ची (ओपीडी) के लिए 5/- रूपये की शुल्क राशि ली जा रही है। इसकी जानकारी प्रखंड क्षेत्र के बहुत कम लोगों को है।स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को पहुँचने के पश्चात पैसे होते हुए भी 5/- रूपये का खुदरा लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। अगर आपके पास 5 रूपये का खुदरा पैसा नहीं है तो आपको बाह्य पर्ची नहीं मिलेगी जबतक आप 5 रूपये खुदरा पैसे का इंतेजाम नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में कई मरीज अपनी ईलाज के लिए अगर जल्दी पहुँचते हैं तो काउंटर में खुदरा पैसा नहीं है तो उनको इधर उधर दौड़ना पड़ता है तबतक आपका लाईन पीछे चली जाती है। आए दिन मरीजों को अपने पर्ची कटवाने को लेकर खुदरा पैसे ढूंढ़ने के लिए इधर उधर दुकानों में भागे फिरते देखा जा सकता हैं, जिसके लिए लोगों को मुसीबत झेलनी पड़ती है।

## डिटी आपरेशन ने किया बरकासयाल क्षेत्र का निरीक्षण टारगेट व उत्पादन को लेकर दिया दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल हेडक्वार्टर से डिटी आपरेशन की पांच सदस्यीय टीम ने बुधवार को बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी साइडिंग, सयाल डी परियोजना, बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना का निरीक्षण किया।डीटी आपरेशन रामबाबू प्रसाद ने क्षेत्र के अधिकारी व पदाधिकारियों को उत्पादन व टारगेट को? लेकर दिशा निर्देश दिया। बता दें कि पुरे सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र को इस बार 6.8 मिलीयन टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने डीटी आपरेशन से क्षेत्र से जुड़ी समस्याओ को उनके समक्ष रखा जिसमें नया पंप,बृज एवं बलकुदरा खान को चालू कराने की मांग कि है। वहीं इस मौके पर डीटी आपरेशन से रामबाबू प्रसाद,शंकर झा, सी प्रमोद, इनामदार जीएम आपरेशन बिनोद कुमार, सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, एसओपी अजय कुमार, एसओ इएनडम अमरेन्द्र कुमार, केपी रंजन आदि लोग मौजूद थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चित्रांकन प्रतियोगिता में लहराया परचम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों को राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। रांची स्थित वन विभाग के पलाश ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । यह ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी जिसके चयन के लिए त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया को रखा गया था। प्रथम स्तर पर जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया रखी गई थी दूसरे स्तर पर राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया रखी गई थी तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जानी थी। जिला स्तर पर झारखंड के 900 विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। प्रत्येक जिला से ग्रुप ए एवं बी से तीन-तीन बच्चों के चयन की प्रक्रिया थी। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र अश्विन कुमार कक्षा 7 एवं शानवी राज कक्षा 7 से ग्रुप ए के लिए चयनित हुई तथा चिराग नाथ कक्षा 9 एवं लकी कुमार पासवान कक्षा 9 से ग्रुप बी के लिए चयनित किए गए उन्हें पुरस्कार स्वरूप 2000 रुपए की नगद राशि मेडल, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ये चारों बच्चे राज्य स्तर के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए तथा सम्मानित किए गए सान्वी राज को राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को राजकीय शिक्षा सचिव श्री के रविशंकर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ने पुरस्कृत किया।



## राज्य स्तरीय डीएवी खेलकूद प्रतियोगिता में उरीमारी का रहा दबदबा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी झारखंड के विभिन्न जोन के खिलाड़ी बच्चों के लिए हजारीबाग, गिद्दी, धनबाद तथा जमशेदपुर में आयोजित खेलकूद में उरीमारी के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा। स्केटिंग अंडर 17 बालक वर्ग तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में डीएवी उरीमारी विजेता बना। स्केटिंग मे आठ स्वर्ण , तीन रजत तथा तीन कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय शीर्ष पर रहा। जूडो- अंडर 17 बालक वर्ग में एक रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो बालक वर्ग अंडर 17- दो कांस्य, अंडर-19 में एक रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो बालिका वर्ग अंडर 14 में एक कांस्य,अंडर 17- बालिका वर्ग में तीन कांस्य अपनी झोली में डाला। खो -खो अंडर 19 बालिका वर्ग में डी ए वी उरीमारी उपविजेता रहा। छात्र-छात्राओं की शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने विजयी खिलाड़ियों तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों सहित उनके माता-पिता तथा विद्यालय के गेम कोच भारतेंदु प्रुष्टि को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य ने सभी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा गया।




## हेसला न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में 366 बच्चों की हुई नेत्र जांच

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को सदर अस्पताल के द्वारा विद्या ज्योति विद्यालय नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित की गई। इसमें 366 बच्चों की नेत्र जांच हुई। जिनमें 8 बच्चों को निःशुल्क चश्मा आगे दिया जाएगा। यह कार्यक्रम साइट सेवर्स के द्वारा चला। शिविर में नेत्र जांच सहायक उत्तम कुमार, स्वास्थ्य शिक्षक बिरसा मुर्मू, पूजा कुमारी के द्वारा जांच व सहयोग दिया गया। जबकि मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप 2023 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला आयु वर्ग 18 से 40 वर्ग ने हिस्सा लिया। तीन दिवसीय टूर्नामेन्ट का फाइनल 15 दिसम्बर को खेला जाएगा। जिला स्तरीय विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय और उसके बाद राज्य स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का ने द्वीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। साथ ही मौके पर गुब्बारा उड़ाकर खेल में अनुशासन और



एकता का संदेश दिया गया। सभी अतिथियों द्वारा फुटबॉल को किक मारकर कर मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच सिमरिया बनाम गिद्धौर के बीच खेला गया जिसमें सिमरिया ने गिद्धौर को तीन शून्य से पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया।दूसरा मैच कान्हाचट्टी और मयूरहण्ड के बीच खेला गया जिसमें कान्हाचट्टी ने मयूरहण्ड को दो -शून्य से पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच चतरा बनाम लावालौंग के बीच खेला गया जिसमें चतरा ने लावालौंग को तीन शून्य से ट्राइब्रेकर में पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया।चौथा मैच कुंदा और हंटरगंज के बीच खेला जाना था, समय पर नही नहीं पहुँचने के कारण कुंदा को वॉकओवर के साथ विजेता घोषित कर दिया गया।पांचवां मैच सिमरिया बनाम पथलगड़ा के बीच खेला गया जिसमें पथलगड्डा ने टाईब्रेकर में 4-2 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज का छठा और आखरि मैच कान्हाचट्टी और प्रतापपुर के बीच खेला गया, जिसमें कान्हाचट्टी ने प्रतापपुर को 3-0 पराजित कर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। कल पुरुष वर्ग में सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेला जाना है। उसके बाद परसो महिलाओं के बीच मैच खेला जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित कुल 28 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अनिल मिंज, अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## कोयला लदा बारह चक्का हाईवा पलटा बाल बाल बचा चालक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बघमरी मोड़ के समीप चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में 12 चक्का हाईवा कोयला से भरी गाड़ी मंगलवार की देर रात पलट गई। बताते चलें कि चालक सुरक्षित है। चालक ने बताया कि आंख झपक जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई।और गड्ढे में चली गई। आगे बताया कि अमरपाली से कोयला लोड कर कटकमसांडी डंप करने के लिए जा रही थी। हाईवे का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 13 डी 0981 है।

## अवैध बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड थाना अंतर्गत मेराल पंचायत के जेहरा के पास अवैध बालू माफिया के खिलाफ पत्थलगड़ा सीओ मोनी कुमारी के नेतृत्व में कार्रवाई कर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ने में सफलता हाथ लगी। ट्रैक्टर को जब्त कर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सचिन कुमार दास को सौप दिया।इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया की अवैध बालू लदा ट्रैक्टर मालिक पर कानूनी कार्रवाई कर लिया गया।

## थीम चयन जल पर्याप्त गांव हो से संबंधित की गई ग्राम सभा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत सचिवालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुशार मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें जल संबंधित कुआं चापानल पर विशेष चर्चा की गई। तथा चुस्त दुरुस्त करने की बात कही गई। मुख्य रूप से उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती स्वयंसेवक विकास कुमार बिक्कू समाजसेवी प्रसादी पासवान रामशीष यादव एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंगूठा लगाने के लिए ग्रामीणों को घंटो करना पड़ता है इंतजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** प्रखंड के ग्राम सिदरा व धवाईटोली के महिला-पुरुष सुबह आठ बजे से गांव से तीन किलोमीटर दूर महुआडांड़ मुख्यालय आकर राशन लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अगुठा लगाने आते है। इन धान कटाई व अन्य महत्वपूर्ण कार्य को छोड़कर कर घंटो इंतजार कर अपने बारी का आने इंतजार करते है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से ऑनलाइन अगुठा लगाने के लिए महुआडांड़ स्थित राशन दुकान में आ जाते है। ऑनलाइन अगुठा लगाने महुआडांड़ आते, लेकिन राशन डीलर द्वारा गांव में जाकर दिया जाता है। गांव में मोबाइल सिग्नल काम करता है। लेकिन डीलर द्वारा सिग्नल काम



नहीं करता है, कहकर अपने आवास महुआडांड़ मे ऑनलाइन अगुठा लगाने के लिए आने कहता है। जिससे ग्रामीणों समय के साथ कार्य में बाधा आती है।वही अधिकांश डीलरों को 2जी सिग्नल वाला मशीन दिया गया है।आज के दौर में जहां 4 जी व 5 जी सिग्नल से मोबाइल चल रहे है।वहां 2जी मशीन से राशन कार्ड धारियों का ऑनलाइन अगुठा लगाया जाता है।साथ ही डीलर अपने निजी काम से गांव नहीं जाकर अपने आवास में ऑनलाइन के लिए ग्रामीण को बुलाते है।

# इंडिगो कार चालक ने महिला को रौंदा, गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह बाजार के मुख्य सड़क पर स्टार सिटी मॉल के करीब बुधवार को इंडिगो कार नम्बर BR 24 Z 4882 के चालक द्वारा नैमुन बीबी को बुरी तरह रौंद कर घयल कर दिया। घायल महिला को स्थानीय लोगो के सहियोग से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा दिया गया। जहाँ चिकित्सा पदाधिकारी जयकांत लकड़ा, ड्रेसर राजेश चन्द्र, दानिश अंसारी, प्रीति कुमारी, के देख रेख में प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान बरवाडीह के गुलजार बाग निवासी सलीम मिस्त्री की पुत्री के रूप में की गई, जिसकी हालत गंभीर है। वही पुलिस ने इंडिगो कार को कब्जे में लेते हुए मनी सोनी और शनि सोनी को हिरासत में लिया गया है। जबकि कार चालक शुभम सोनी



मौके से फरार बताया जा रहा है। उक्त इंडिगो कार अशोक सोनी का बताया जा रहा है। वही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि घटना एक बजे दिन की है। जानकारी के अनुसार इंडिगो कार बाजार मुख्य सड़क से काफी तेज गति से गुजर रहा था उसी दौरान रास्ते से गुजर रही महिला नैमुन बीबी को रौंद डाला जिसे उक्त महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि बरवाडीह सीआरपीएफ कैम्प के पास वाहन जांच के दौरान इंडिगो कर समेत दोनों लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

## उ.म विद्यालय सलगा के शिक्षक व बच्चों ने वन भोज का लिया आनंद सम्मिलित हुए प्रमुख व उपप्रमुख



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने बुधवार को वन भोज का आनंद लिया। जहां प्रखंड प्रमुख अनीता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव भी सम्मिलित हुए। प्रत्येक साल की भांति बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक भी वन भोज का आनंद उठाते आ रहे हैं। वन भोज में बच्चों को मनपसंद भोजन कराया जाता है यह कार्य प्रखंड के अंतर्गत बड़की नदी के तट समीप किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी विद्यालय अध्यक्ष पवन कुमार सिंह पंकज कुमार राणा दीपेश्वरी यादव विवेकानंद तिवारी बैजनाथ दांगी विजय शंकर दांगी गायत्री देवी गुड़िया देवी सरिता देवी एवं बच्चे बच्चियों सम्मिलित हैं।

## इंटर कॉलेज यूथ महोत्सव में शिरकत करने चतरा कॉलेज का चालीस सदस्यीय टीम रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** 27 वां अन्तर महाविद्यालय युवा महोत्सव (झुमर) 2023 मे भाग लेने के लिए चतरा कालेज एवं महिला महाविद्यालय टीम रवाना हो गया।चतरा से 40 प्रतिभागियों की टीम को प्राचार्य प्रो0 आर0 पी0 राय ने हरी झण्डी दिखलाकर विदा किया। टीम को अमित कुमार सिंह एवं गलोरिया ग्रेस होरो, सहायक प्राध्यापक, बी0 एड0 विभाग के नेतृत्व में चतरा महाविद्यालय से आदर्श महाविद्यालय, राजधनवार (गिरिडीह) के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर डॉ. मनीष दयाल, डॉ0 नंद किशोर सिंह, डॉ. हेमंत कुमार मिश्रा, डॉ. एलविन बाख्ला, डॉ0 मुमताज अंसारी, तीर्थनाथ रजक एवं बी0 एड0 के सभी शिक्षक एवं चतरा महाविद्यालय, चतरा के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आदर्श महाविद्यालय, राजधनवार (गिरिडीह) में आयोजित किया गया है। प्राचार्य आर0 पी0 राय ने सभी 40 प्रतिभागियों को युवा महोत्सव (झुमर) 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामना दी।

## अस्पताल बनने वाले जमीन का विधायक ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनने वाले जमीन का निरीक्षण किया। विधायक श्री राम ने कहा कि 8 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से अस्पताल भवन बनाया जाएगा। जिसका शिलान्यास रविवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवेदक को निर्देश दिया गया है कि 6 महीने के अंदर भवन निर्माण कार्य पूरा करें। ज्ञात हो कि पिछले 14 वर्षों से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना बिल्डिंग नही होने के कारण अस्पताल ब्यामशाला में चलाया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने कहा कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना जमीन एक एकड़ 75 डीसिमल होने के बावजूद नया भवन उस पर नही बनना दुर्भाग्यपूर्ण है। ब्लॉक परिसर में नौ बिल्डिंग को तोड़कर नया भवन बनाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने विधायक से मांग करते हुए कहा है कि नया अस्पताल भवन पुराने स्थान पर ही



बनाया जाए ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके। इधर विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि ब्लॉक परिसर की जमीन चिन्हित की गई है उसमें पड़ने वाले जो भी बिल्डिंग है उसे कंडम घोषित कर एन ओ सी ले लिया गया है। इस मौके पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी तृप्ति बीजया कुजूर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव, जिला विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समसूल होदा, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, प्रीत लाल यादव, श्याम सुंदर यादव, औरंगजेब खान, दीपक यादव, मोहम्मद नूर, राजेश यादव, लाडले खान, नागदेव उरांव, राजेंद्र गंझु, अंकित पांडे, मनोज यादव, अंचल अमीन भुवनेश्वर साव, कांग्रेस युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद एजाज एवं संवेदक रोहित इंफ्रा बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड रांची के अनिरुद्ध कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## अबुआ आवास में किसी पदाधिकारी या दलाल को रुपये नहीं दें : मनोज चन्द्रा

➲यदि आवास या कोई योजना में रुपये की मांग करे तो सूचित करें : जेएमएम नेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अखबारों में प्रकाशित खबर में अबुआ आवास योजना में प्रतिनिधियों या पदाधिकारियों द्वारा योजना देने के पूर्व से हीं 15 से 30 हजार रुपये लेकर आवास बुकिंग का मामला छाया हुआ है। अबुआ आवास हो या कोई अन्य योजना यदि कोई पदाधिकारी हो या जनप्रतिनिधि उनके द्वारा रुपये की मांग किया जाता है तो किसी भी हाल में रुपया नहीं देना है सभी सरकारी योजना है। सरकार द्वारा विकास योजना है जो गांव से लेकर गरीब ग्रामीणों के लिए यह योजना चलाया गया है। यदि कोई रुपये की मांग करता है तो हमें सूचित करें। मैं किसी भी हाल में रिश्वत खोरी बर्दास्त नहीं करूँगा इसके लिए हमें यदि उग्र आंदोलन करना होगा तो हम ग्रामीणों के सहयोग से रिश्वत खोरों के खिलाफ जम कर विरोध करेंगे। यही कारण है कि सरकार का योजना सही और



गरीब तक नहीं पहुंच पाता है चुकी गरीब के पास रिश्वत देने के लिए पैसे नहीं होता है। जिसका नतीजा है कि सरकार द्वारा जारी योजना का लाभ गरीबों के हक छीन लिया जाता है। इस लिए अनुमण्डल क्षेत्र के तमाम लोगों से आग्रह है की रिश्वत खोरी के खिलाफ एक होकर जम कर विरोध करें साथ हीं ऐसे मामले में मुझे अवगत करावे मैं वैसे लोगों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए ततपर हूँ।यह बातें जेएमएम के नेता मनोज चन्द्रा ने कहा है। आगे कहा है कि झारखण्ड सरकार गरीबों के उत्थान के लिए अबुआ आवास नि:शुल्क देने की घोषणा किया है। कहीं किसी को आवास के नाम पर रिश्वत खोरी के लिए नहीं।

## 16 और 17 तारीख को युवा राजद प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के बेतला नेशनल पार्क में दो दिवसीय युवा राजद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 और 17 तारीख को तय हुआ है इसकी जानकारी देते हुए राजद के युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने कहा कि बहुत खुशी व सौभाग्य की बात है की हमारे जिला के बेतला नेशनल पार्क में दो दिवसीय युवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रदेश के निर्देशानुसार समाजवाद संविधान और राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के द्वारा 16 एवं 17 तारीख को रखा गया है।जहां मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव, बुलो मंडल, अब्दुल बारी सिद्ध प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद यादव श्याम रजक, सुभाष प्रसाद यादव समेत अन्य कई नेता का प्रशिक्षण में आना तय हुआ है यह कार्यक्रम पांच जिला लातेहार पलामू, गढ़वा, चतरा, एवं लोहरदगा में होना तय हुआ है। आगे उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा।

## क्रिकेट लीग मैच का विजेता बना कान्हाचट्टी 6 विकेट से जीता मैच



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान स्टेडियम में खेले जा रहे चतरा जिला क्रिकेट लीग मैच का बरहवां मैच बी सी ए सीनियर बनाम कान्हाचटी के बीच बुधवार को खेला गया। जहां कान्हाचट्टी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.2 ओवर में दस विकेट खोकर 160 रन बनाया। कान्हाचटी के तरफ से नवल कुमार 56 ओमकार 25 और प्रिंस 25 रनो का योगदान दिया। बी सी ए के तरफ से पियूष कुमार 3 विकेट राज सुभाष और धनंजय ने 2-2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बी सी ए सीनियर ने 161 रन का टारगेट को 21.5 ओवर में 4 विकेट खोकर बना लिया। और मैच को 6 विकेट से मैच जीत लिया। बी सी ए के तरफ से सौरभ 45 राज 36 और शिवाजी ने 36 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कान्हाचटी के तरफ से सार्धिक 3 विकेट घनश्याम ने लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राज को दिया गया।

# तेलियाडीह और बड़गांव पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत टंडवा प्रखंड अन्तर्गत नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत भवन में नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, प्रभारी सह भाजपा पुर्व जिलाध्यक्ष नवीन शाह, जिला संयोजक मिथलेश कुमार गुप्ता, बीपीओ टंडवा सुबोध पासवान, स्थानीय मुखिया महावीर साहु और मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी तरह बड़गांव पंचायत भवन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने विधिवत् शुभारंभ किया। इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी



योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। अपने अपने वक्तव्य में कहा कि मोदी जी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए कृत संकल्पित हैं, आज के समय में विदेशों में भी मोदी को महाशक्ति के रुप में देख रहा है जिससे भारत विश्व स्तर पर सबसे मजबूत, महाशक्ति बनकर पुनः विश्व गुरू बनने की स्थिति में है।आयुष्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजना से हरेक नागरिक के लिए मुफ्त ईलाज की गारंटी मोदी सरकार दे रही है। महिलाओं के सम्मान के लिए, किसानों के सम्मान के लिए मोदी सरकार की गारंटी है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, पंचायत समिति सदस्या आशा सिन्हा, बड़गांव पंचायत समिति सदस्य सुरेश यादव, राम चन्द्र गुप्ता, उप मुखिया संदीप साहु, जिबलाल यादव, केदार नायक, बिंदेश्वर महतो, मो0 कुदूस, वार्ड सदस्य गण समेत सैकड़ों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

# सहायक अध्यापक संघ ने विधायक रामचंद्र सिंह को मांगपत्र देने के साथ किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ बरवाडीह के तत्वाधान में सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह को विधानसभा सलेक्शन टीम द्वारा भगवान बिरसा मुंडा उत्कृष्ट सम्मान से नवाजे जाने पर हर्ष जताते हुए उनके सम्मान में सहायक अध्यापकों द्वारा उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बाद इसके वेतनमान प्राप्ति एवं विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी मांगों को रखने के लिए माननीय विधायक जी को मांग पत्र दिया गया। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि आकलन सफल अध्यापकों को वेतनमान एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को वेतनमान के समतुल्य मानदेय को लेकर साथ ही सरकार द्वारा 3 माह में वेतनमान देने की घोषणा को धरातल पर उतारने की आग्रह किया गया। साथ ही अधिकारियों के उदासीन रवैया से विधायक को अवगत कराया गया। मौके पर विधायक ने मांग पत्र को गहनता पूर्वक अध्ययन करने के बाद यह आस्वस्थ किया कि मुख्यमंत्री से वार्ता कर सहायक अध्यापकों के मांगों पर जल्द ही पुरा कराया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष- मोहम्मद शकील खान, प्रखंड सचिव-बबलू सिंह, अनिल सिंह, डिलेश यादव, सियाराम सिंह, आलोक कुमार, राकेश कुमार, नौशाद, सरफराज, विनोद राम, पीटर खलखो, महबूब आलम, तुलसी यादव, परसराम, राजकुमार आदि सहायक अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , गुरूवार, 14 दिसंबर 2023 | पेज 8


## संक्षिप्त खबरें

### ओएसिस स्कूल में, भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया महाकवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म दिन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल में बुधवार को शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देश में महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल सभागार में हिंदी, उर्दू, खोरठा, नागपुरी एवं बांग्ला भाषा पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस भाषा उत्सव में स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया एवं हिंदी, उर्दू, बांग्ला, खोरठा एवं नागपुरी भाषाओं में गायन वादन के साथ अनूठे नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।अपने संबोधन में सीबीएसई के सिटी को ऑर्डिनेटर सह स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने कहा कि भारतवर्ष प्राचीन काल से ही विश्व सभ्यता को कला संगीत, उच्च विचार ,एकता और खुशहाली को अपनी विभिन्न भाषा विधाओं से सिंचित करने का कार्य किया है, अतः हम सभी का परम कर्तव्य है कि हम अपने क्षेत्रीय भाषाओं पर गर्व करें एवं इसके प्रयोग को बढ़ावा दें। आज के उत्सव में उर्दू के डॉ जफरुल्लाह सादिक, खोरठा में अर्जुन राम एवं डॉ कृष्ण गोप रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएसिस स्कूल के कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद ने कहा कि ओएसिस स्कूल सभागार में आज का कार्यक्रम काफी सराहनीय है ऐसे शानदार कार्यक्रम के लिए स्कूल के प्राचार्य एवं उनकी टीम की मेहनत सराहनीय है। मौके पर स्कूल के अध्यक्ष शब्बीर अहमद ने कहा कि ओएसिस परिवार राष्ट्र की समृद्धि में सहभागी बन अपनी भूमिका सुनिश्चित कर पा रही है इसका हमे गर्व है।उन्होंने बतौर सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ अहसानुल हक को उनके सीबीएसई के निर्देशों को अमली जामा पहनाने कि कर्तव्य निष्ठा की सराहना की।

### आज संवरेगी 25 जोड़ों की जिंदगी 40 पुरोहित करेंगे मंगलाचरण, हजारों मेहमान होंगे साक्षी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल सिर्फ 25 जोड़ों की सामूहिक शादी नहीं करा रहे, बल्कि विवाह का रस्म उत्सव बन गया है। शादी के पहले गीत, संगीत और नृत्य दौर चला और मेंहदी की रस्म अदायगी भी हुई। अब तो बस विवाह मंडप में सात फेरे लेने और डोली उठने की देर है। शहर के बड़कगांव रोड़ स्थित डीपीएस, शंकरपुर का विशाल व खूबसूरत मैदान नयनाभिराम शादी मंडप में तब्दील हो चुका है। इस वैवाहिक मंगलाचरण के लिए कोलकाता के यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए ख्यातिप्राप्त राघवेन्द्र कुमार गौतम उर्फ राघव पंडित जी और उनके 40 पंडितों की टीम मौजूद हैं। हजारों मेहमान इस सामूहिक विवाह के साक्षी होंगे। उनके समक्ष 25 जोड़े अग्नि को साक्षी को मान एक-दूजे का दामन थामेंगे। सदर विधायक अपने दो जुड़वे छोटे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की शादी के 25 वें सालगिरह के मौके पर इस अनूठी पहल की शुरूआत कर रहे हैं। हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में 14 दिसंबर को निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का विराट और पुनीत आयोजन निश्चित रूप से यादगार बनने जा रहा है। सामूहिक विवाह स्थल पर 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण किया गया है। सदर विधायक मनीष जायसवाल सामूहिक विवाह समारोह की पूर्व संध्या अपने विशेश्वर दयाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर में भगवान श्री सत्यनारायण कथा सह पूजनोत्सव अनुष्ठान का आयोजन किया। जिसमें दोनों भाइयों सहित पूरे परिवार संग पूजन-अर्चन किया और सामुहिक शादी की सफलता की कामना की। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल, उनकी माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल, निशांत जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, बहन लूना जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्र बधु अवंतिका जायसवाल, पुत्री रिया जायसवाल, सहित समस्त परिवारजन उपस्थित रहें और शादी के सफलता की ईश्वर से कामना की ।

### मुखिया राजेन्द्र प्रसाद द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वेटर का किया गया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र धनवार व लठिया में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार की ओर से यह अच्छी पहल है। जहां पर छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे कि आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होगी। कहा कि अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से हैं। और उन्हें सरकार की ओर से मिली मदद से काफी लाभ होगा। समाजसेवी ममता देवी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं की बच्चे नियमित साफ-सुथरे ड्रेस स्वेटर एवं बैग लेकर आंगनबाड़ी केंद्र जरूर आए। और शिक्षा ग्रहण करें शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है।शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, रेणु देवी सेविका लठिया, बेबी देवी सेविका धनवार, मरियम खातुन सेविका धनवार,पिंकी कुमारी, ललिता कुमारी, ममता कुमारी, रुक्मिणी देवी, प्रियंका कुमारी, सुरेंद्र रविदास, विकास यादव, रवि यादव, विनय यादव, सहित अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

### विकास राणा बने आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह झारखण्ड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा को आजसू पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया ! आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने राँची में केन्द्रीय पदाधिकारियों की सूचि जारी की जिसमें आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष के अलावा केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय प्रवक्ता का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा ।

आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर हज़ारीबाग जिला के आजसू कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

जिसमे मुख्य रूप से माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता, केन्द्रीय सचिव परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, केन्द्रीय सदस्य लालचन्द महतो, केन्द्रीय सदस्य पंकज साहा, केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो, विश्वनाथ महतो, अजय कुमार, भोला महतो, रोशन तिवारी, गौतम वर्मा, बैजनाथ महतो, राजू प्रसाद, प्रमोद कुमार वर्मा, अविनाश कुमार पिंकू, जयकिशोर महतो कामेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, तापेश्वर कुमार तापस, अजय कुमार मंडल, निर्मल महतो, सुरेश कुशवाहा, जितेन्द्र कुमार, नागेश्वर तुरी, संजय कुमार, अनिल कुमार महतो, मोहन महतो, गोविन्द महतो, विकास महतो, राजा खान, मो उस्मान, झरीलाल महतो, बिनोद किस्कू, सिकंदर महतो, कुलदीप महतो, प्रमोद कुशवाहा, मनोहर साव, गुड्डु सिंह, कंचन यादव, संजीत कुमार, रामचंद्र टुडू, ओम प्रकाश, सुरेश कुमार दांगी, अर्जुन महतो, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, छात्रसंघ के जिला संयोजक विशाल कुमार प्रजापति, रवि पाण्डेय, शिबू विश्वकर्मा, मो दानिश राजा, शाहिल गुप्ता, अमित कुमार, दिनेश कुमार, हर्षित राणा, सौरव सिंह, अमन रज़क, आशीष कुमार सोनू राणा, चन्द्रशेखर तिवारी आदि शामिल हैं ।

## सखी मंडल के बीच 796 पहचान पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के पंचायत डपोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उदघाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। साथ ही 100 लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के सखी मंडल के बीच 796 पहचान पत्र दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी



का वितरण किया गया। कल्याण विभाग की ओर से 88 छात्रों के बीच साईकिल खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से 4500 रुपया भेजा गया।

इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव,मुखिया इंद्रा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवम् अन्य कर्मी उपस्थिति थे।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में इंटर विद्यालय कटकमसांडी के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल में बुधवार को बरही +2 विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे के दौरान, छात्रों को विभिन्न पैरामेडिकल एवम फार्मेसी प्रक्रियाओं का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ। इंटरमीडिएट स्तर के छात्रों को एक उत्कृष्ट और शिक्षाप्रद पर्यावरण में अपने विद्यार्थी जीवन को बढ़ाने का मौका मिला। इस अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनते हुए, छात्रों ने ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी और पैरामेडिकल के प्रयोगशाला में एक अद्वितीय और ज्ञानवर्धन यात्रा का आनंद लिया। इस दौरे में, छात्रों ने विभिन्न विषयों में आधुनिक प्रयोगशाला की सुविधाएं देखीं और उन्हें सीखने का अद्वितीय अनुभव



हुआ। इसके अलावा, छात्रों ने विशेषज्ञों से मिलकर अपने शैक्षिक और करियर के मार्गदर्शन के लिए अनमोल सुझाव प्राप्त किए। ज्ञान ज्योति कॉलेज के प्रमुख ने इस मौके पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों का स्वागत किया और उन्हें उनके उद्दीपन के लिए प्रेरित किया।

## मुखिया ने 63 बच्चों के बीच जरहिया स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में पोशाक का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत जरहिया उत्क्रमित विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में नोनीहालों के बीच ठंड को देखते हुए मुखिया नीलम देवी ने पोशाक का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सरकार की ओर से यह अच्छी पहले जहां छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें की आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होगा कहा कि अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से हैं और उन्हें सरकार की ओर से मिली मदद से काफी लाभ होगा।

मौके पर मौके पर मुखिया नीलम देवी आंगनबाड़ी सेविका निशु कुमारी सईया लीला देवी मध्य विद्यालय जरिया के शिक्षक शकुंतला, ज्योति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,सहित अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नि:स्वार्थ भाव से गांव गांव में शिविर में शामिल होकर लोगों की दी जा रही है सेवा : अब्दुल मनान वारसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड के डपोक पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। डपोक पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया।

साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया।

## अनवांटेड लिंक खोल सकते है बर्बादी के द्वार, क्लिक से बचे : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** साईबर सिक्योरिटी अभियान को आगे बढ़ाते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की टीम बुधवार को भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची। जहां प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अगुवाई में विद्यालय के 8वीं से 10वीं तक के 250 भैया बहनों को साईबर फ्रॉड और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। जानकारी देते हुए केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि आजकल साइबर क्राइम



करने वाले सोशल मीडिया से फोटो डाउनलोड करके उसे एडिट करके ब्लैकमेलिंग भी करते है, ऐसे में हम सभी को अपना निजी फोटो की सोशल मीडिया या प्रोफाइल में लगाने से बचाना चाहिए। इसके अलावा किसी भी प्रकार के भुगतान या लॉन के नाम ओटीपी शेयर अथवा अन्य जानकारी किसी को नही देनी चाहिए। यह भी बताया गया कि आज कल साइबर ठग लिंक शेयर करके हमारे सिस्टम को हैक करवाते है। फिर अपने अनुसार हमारे सिस्टम को ऑपरेट करते है, हमारा सारा गुप्त कोड उन्हे मालूम हो जाता है और हम ठगी के शिकार हो जाते है, ऐसे में अनवांटेड लिंक को कभी भी क्लिक नही करना चाहिए अन्यथा हम अपनी बर्बादी का कारण स्वयं बन जाते है।

## मडमों में बगोदर विधायक ने माँझी भवन एवं सरना स्थल की चारदीवारी निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के डुमरियाटांड बगोदर विधान सभा विधायक विनोद कुमार सिंह के द्वारा मांझी भवन और सरना स्थल की चारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। बताते है,कि मूलनिवासी आदिवासियों की यह माँग बहुत दिनों से थी,जिसे आज बगोदर विधानसभा विधायक ने कार्य के शुभारंभ का बीज बो दिया।

इस मौके पर मुख्य रूप से मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,मुखिया



कुन्ती कुमारी, उप मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार महतो, बहराम मरांडी,शनिचर सोरेन टहल महतो,जीबाधन महतो श्यामलाल हेंब्रम,बुधन मरांडी बाजो मुर्मू,सुरेंद्र टुडू,गुलाबी देवी, छोटकी देवी,सीतामुनी देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अयोध्या में पूजित अक्षत लेने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की उमड़ी भीड़

## प्रखंड के हर सनातन घरों तक रामभक्त पहुंचायेंगे पूजित अक्षत और निमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में पूजित अक्षत को हर सनातन परिवारों तक पहुंचाने और अयोध्या चलने के लिए निमंत्रण देने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर की अगुवाई सनातनी विचार धारा के सभी संगठनों की एक बैठक आयोजित कि गई जिसका संचालन विश्व हिंदू परिषद के हजारीबाग जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने किया।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू एवं कोडरमा जिला सह संघ चालक दयानंद चौरसिया के साथ साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख मनोज राणा एवं विश्व हिंदू परिषद के हजारीबाग जिला मंत्री



अरविंद मेहता सशरीर उपस्थित हुए। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब श्री राम भक्त मिलकर श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर जिस प्रकार से निधि संग्रह में कार्य किया उसी प्रकार हम सबको मिलकर बल लगाना है और सनातन परिवार के घर जाकर अयोध्या में पूजित अक्षत के साथ साथ मंदिर प्रारूप एवं पत्रक भेंट कर अयोध्या चलने के लिए निमंत्रण देना है और आम जनमानस को बताना है कि भगवान राम के चौदह वर्ष वनवास से लौटने के बाद अयोध्या में दीपावली मनाया गया था अब प्रभु श्रीराम के चार सौ साठ साल के अज्ञात वास और बत्तीस साल के तम्बू निवास के गर्भ गृह में बाईस जनवरी 2024 को पूरे भारतवर्ष में महा दीपावली के रूप में मनाना है।इसके लिए हर गाँव के हर मंदिर को राम मंदिर मानकर हर तरह की साज सज्जा के साथ मंदिर को सुसज्जित करना है आरती, पूजन और भजन कीर्तन का कार्य करें तथा संभव होने पर श्रीराम मंदिर में होने वाले पूजन अर्चन का लाइव प्रसारण करना चाहिए और शाम में हर घर में भव्य दीपावली मनानी है।

संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहु ने कहा कि पूरे प्रखंड में ग्राम स्तर तक श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र की समिति का निर्माण करना है और यह कार्यक्रम मंदिर आधारित कार्यक्रम है इसके लिए मंदिर के पुरोहित, अर्चक अथवा मंदिर समिति से मिलकर ग्राम स्तर पर कार्यक्रम करना है।इस हेतु संघ ने पूरे प्रखंड को गौरियाकरमा, बरही, कोनरा, करियातपुर, बरसोत,एवं गुड़ियो बिजैया के रूप में छ: मंडल बनाया गया है। इस बैठक में पूरे प्रखंड के सभी सनातन प्रेमी बंधु भगिनी सर्व सम्मति से चंदन केशरी को श्री राम तीर्थ क्षेत्र का संयोजक एवं संतोष प्रजापति को सह संयोजक मनोनीत किया गया।बैठक में सभी पंचायत में 14 से 22 के बीच पंचायत स्तरीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित मिथिलेश श्रीवास्तव ,नंदकिशोर कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, राहुल राणा, प्रीती कुमारी, राजेन्द्र प्रसाद, प्रकाश साव,विकास कुमार, श्याम कुमार मेहता, सुनील प्रसाद कुशवाहा, उपेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र गोप ,पंकज यादव, मनोज वर्मा , डिलो पासवान, जयप्रकाश प्रजापति ,सरवन कुमार, प्रदीप कुशवाहा संगम कुमार, शशि कुमार, संतोष यादव, हंसराज केसरी ,गणेश प्रसाद केसरी, जयंती केसरी, चंदन कुमार केसरी, गोविंद चंद्रवंशी, रवि शंकर साहू, प्रकाश साहू, ब्रह्मदेव यादव, राजेंद्र प्रसाद केसरी, मनोज माली, जानकी रजक, मनोज कुमार सिंह, सिकंदर कुमार, संजय यादव, अमित कुमार, गौतम सिंह, संतोष केसरी, धर्मेंद्र प्रजापति, मुन्ना सोनी, चंदन कुमार शर्मा, रिंकू कुमार, सुधीर सिंह, संदीप कुमार, नितेश कुमार, राकेश कुमार सिंह ,दिलीप कुमार, मनोज कुशवाहा ,श्याम कुमार सिंह, प्रकाश ठाकुर, कमलेश कुमार कुशवाहा, सुरेश यादव ,विक्की कुमार ,सरवन कुमार सिंह, पिंटू सिंह, रूपेश कुमार पांडे ,अभिमन्यु कुमार ,केदार यादव मनोज कुमार यादव, गिरिराज गुप्ता, संतोष कुमार चंद्रवंशी, सागर कुमार, सुरेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, रंजीत चंद्रवंशी, छोटन ठाकुर, डॉ कृष्ण कुमार केसरी।

## इंद्रा में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत सचिवालय भवन परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया।कार्यक्रम का आरंभ कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललितराम, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया राधिका देवी, सीडीपीओ रेखा रानी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया एवं अधिकारियों द्वारा लाभुकों को विस्तारपूर्वक योजना की जानकारी दी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर



पंचायत के लोगों की समस्या सुना व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति ,आय, निवास,मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। सरकार की योजना की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 938 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 365 आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया जबकि 583 आवेदन का निष्पादन प्रक्रिया में है। सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 510 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अधिकारियों ने प्रखंड कई विभाग के द्वारा लगाया गया स्टॉल में भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे। मौके पर चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया उन्होंने ने कहा कि जन-जन तक विकास कार्य का लाभ पहुंचना चाहिए ताकि प्रखंड का सारा गांव विकसित हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक अमर कुमार सिन्हा, सांख्यिकी पर्यवेक्षक त्रिदेव कुमार, कृषि पदाधिकारी काशीनाथ कुमार, अमीन राजेश कुमार, पंचायत सेवक अशोक कुमार समेत अन्य कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## विष्णुगढ़ डीलर संघ ने काला बिल्ला लगाकर राज्य/केंद्र सरकार का जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में आज दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को विष्णुगढ़ प्रखंड जन वितरण प्रणाली संघ की एक अति आवश्यक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता शंभूनाथ पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ऑल इंडिया डीलर्स एसोसियेसन फेडरेशन द्वारा समूचे देश में 01जनवरी 2024 राशन बंद और बेमियादी हड़ताल पर जाने की बात कही गई।डीलर संघ ने अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर पूरे देश में हड़ताल करने जा रही है। जिसमे विष्णुगढ़ प्रखंड के उपस्थित सभी विक्रेता एवं स्वयं सहायता समूह ने सर्व सम्मति से इस आंदोलन को सफल बनाने की बात कही। सभी विक्रेताओं ने काला बिल्ला लगाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों का विरोध किया। जिसमें



डीलर संघ ने अपनी17 सूत्री मांगों में मुख्य रूप से तीस हजार रुपया प्रतिमाह मानदेय तथा तीन रूपए प्रति क्विंटल कमीशन,अनुकंपा एवं हैंडलिंग लॉस की भरपाई साथ कोरोना काल में वितरण किए गए खाद्यान्न की कमीशन की बकाया राशि एवं एनएफएसए द्वारा वितरण किए गए खाद्यान्नों का कमीशन भुगतान करने हेतु अभिलंब सरकार से मांग की गई। सरकार के नीतियों का विरोध करने वालों में संघ के सचिव शंभूनाथ पांडेय,गोवर्धन प्रसाद, गोविंद पटेल,जवाहर राम, मुकेश कुमार,प्रवीण कुमार,पच्चू रविदास,जवाहर राम, महावीर महतो,हीरो राम,नंदकिशोर प्रसाद,भिखनी देवी,बच्चन राम मेहता,बलदेव रविदास,फारूक मलिक,सुरेश रजवार, भुनेश्वर रविदास,जेहल महतो समेत अन्य डीलर मौजूद थे।

## श्रमिक हाई स्कूल के छात्र तुषार का चयन एसजीएफआई प्रतियोगिता में हुआ, हर्ष



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र सह कराटे खिलाड़ी तुषार कुमार का चयन खेलो झारखंड के अंतर्गत स्कूल गैम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) दिल्ली के लिए हुआ हैं। यहां कराटे प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 19 दिसंबर 23 तक आयोजित होगा। जिसमें 58 किलो के प्रतिस्पर्धा में छात्र तुषार भाग लेंगे। वे अपने जिला रामगढ़, राज्य झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए प्रशिक्षक सुनील कुमार एवं प्रशिक्षण केंद्र के सभी खिलाड़ियों एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## जीएम ऑफिस गेट पर लगा एसबीआई एटीएम 6 दिनों से खराब, परेशानी बढ़ी




**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल जीएम आंफिस अरगड्डा मुख्यालय गेट पर बैंकिंग सुविधा के लिए लगा एटीएम कमरा बीते 6 दिनों से बंद हैं। जिसके कारण एटीएम उपयोग करने वाले ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही हैं। यहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि करीब 6 दिनों से भी अधिक समय से मशीन लींक खराब पड़ा हैं। वहीं एसबीआई सिरका प्रबंधक ने बताया कि आगामी 3 दिनों में जीएम ऑफिस एटीएम ठीक कर दिया जाएगा। वही दूसरी ओर एटीएम बंद होने से कामगारों व लोगों को खासा परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

## पाठक टोला निवासी गणेश पाण्डेय का हुआ देहावसान

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पाठक टोला( गोला ) निवासी गणेश पाण्डेय पिता स्व. रणधीर पाण्डेय का 63 वर्ष के उम्र में देहावसान हो गया। बताया जाता है कि स्व. पाण्डेय तीन दिन पूर्व अपने घर में फिसलकर पर गिर गए थे। उनका चितरंजन सेवा सदन गोला में प्राथमिक उपचार किया गया। तत्पश्चात् उनका रिम्स में बेहतर ईलाज कराया जा रहा था। इस दौरान 12 दिसंबर की मध्य रात्रि के आसपास उनका निधन हो गया। बुधवार की सुबह उनके पार्थिव शरीर को गोला स्थित उनके निवास स्थान में लाया गया, जहां पटासूर नदी के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री और और एक पुत्र छोड़ गए। स्व. पाण्डेय के निधन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के राजेंद्र पाठक, कार्तिक पाठक, सुधाकर मिश्र, अर्जुन शरण पाठक, शालिग्राम पाण्डेय, गोपाल इंद्र गुरु, श्याम मोहन पाठक, अनिल पाठक, ब्रज किशोर पाण्डेय, हरेंद्र पाण्डेय, मनोज मिश्र, कृष्ण बल्लभ पाठक, अजय पाठक, सुनील पाठक, अलोक मिश्र, तथा कदमतर के मुरारी मोहन गुप्ता, कैलाश बिहारी प्रसाद, चन्द्रदीप बक्शी, रंजन सिन्हा, लाला चंद्र मोहन, उदय चंद्र लाला, समाजसेवी कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चंद्र लाला, सुजीत सिन्हा, संदीप लाला, अजय गुप्ता, बिपुल सिन्हा ने गहरी संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

## दिव्यांग को मिली अबुआ आवास की स्वीकृति

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान दिव्यांग लाभुक पिंटू कुमार को अबुआ आवास की स्वीकृति दी गई। मौके पर दिव्यांग पिंटू कुमार ने कहा कि लंबे समय से वे पक्का मकान के लिए आस लगाए हुए थे लेकिन किसी न किसी कारण उन्हें अब तक आवास का लाभ नहीं मिल पाया था कई बार कहा गया कि उनका नाम सूची में नहीं है तो कई बार कहां गया कि योजना में कोई रिक्ति नहीं है जब मुझे पता चला कि राज्य सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना की घोषणा की गई है तो मैं काफी खुश था। जब मुझे पता चला कि मेरे पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित की गई है तो मैं किसी तरह शिविर में पहुंचा मैं हैरान था कि जी संवेदना के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू द्वारा मेरे आवेदन को गंभीरता से लिया गया मैं इससे काफी खुश हूँ। प्रखंड कार्यालय के कर्मी द्वारा अबुवा आवास योजना के लिए मेरा आवेदन भरा गया वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित रूप से मेरे आवेदन को अपलोड किया गया और स्थल वेरिफिकेशन के उपरांत मुझे अबुवा आवास की स्वीकृति दे दी गई अब मुझे उम्मीद है कि जल्द ही मेरे पास अपना खुद का पक्का मकान होगा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद।



## भाजपा माले की एक अहम बैठक घुटवा में हुई संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले पतरातू प्रखंड़ कमेटी की बैठक घुटूवा सेकेंड गेट पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रखंड़ सचिव-नरेश बड़ाईक ने किया। बैठक में हीरा गोप, नरेश बडाईक, देवानंद गोप,अमल कुमार, नागेश्वर मुंडा,तृतियाल बेदिया, राजेंद्र राम, भुनेश्वर बेदिया,बृजनारायण मुंडा अन्य शामिल थे। बैठक में पार्टी सदस्यता की भर्ती एवं नवीकरण कार्य को 18 दिसंबर तक पुरा कर लेने की समीक्षा की गई और पार्टी के सांगठनिक ढांचे का गठन-पुर्गठन कर लेना है। कामरेड विनोद मिश्रा की स्मृति दिवस पर 18 दिसंबर को केन्द्रीय कमेटी पार्टी के आह्वान पर प्रखंड़ में पार्टी सदस्यों को लेकर विकेन्द्रीत ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया है।झारखंड आंदोलनकारियों के नेतृत्व में आंदोलनकारियों को पेंशन, समान आदि की मांग को लेकर 16-17 दिसंबर को संपूर्ण झारखंड बंद का समर्थन किया गया। रामगढ़ छावनी में नामित सदस्य के लिए गलत तरीके से नियमों का उल्लघंन करते हुए राजनीतिक करने वाले भाजपा कार्यकर्ता जो एक आपराधिक केश में रामगढ़ जेल के अंदर है उस कीर्ति गौरव को रामगढ़ छावनी में नामित सदस्य में चयन कर राजनीतिक संरक्षण व भ्रष्टाचार को उजागर करता है जिसका विरोध किया गया।आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गांव पंचायत के ग्रामीणों द्वारा दिए गए बृद्धा-विधवा-विकलांग पेंशन, वास- आवास,राशन-किरासन, मनरेगा में काम और मजदूरी भुगतान, जमीनों का आनलाईन रसीद काटना और रसीद काटने में व्याप्त भ्रष्टाचार का खात्मा,गैरमजरुआ जमीनों का रसीद काटना चालू करना, बिजली बिल में कमी आदि सवालों का हल करने के प्रति गंभीर नहीं रहा तो पार्टी आंदोलन तेज करेगी।

# आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम को पूर्वी व दक्षिणी पंचायत में शुरु किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुज्जू :** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन कुज्जू पूर्वी वा दक्षिणी पंचायत में आप की योजना आप की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अंचलाधिकारी मुदस्सिर मंसूरी , मुखिया राकेश कुमार पंचायत समिति सदस्य उप मुखिया कल्याण पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया। इसके बाद रोजगार सेवक सर नाग ने बुके देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सम्मानित किया इसके बाद मुखिया राकेश कुमार ने अंचल अधिकारी मुदस्सिर मंसूरी को बुके देकर सम्मानित किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कई महात्वाकांक्षी




योजनाओं के बारे में दक्षिणी पंचायत के ग्रामीणों संबोधित कर योजनाओं की जानकारी दी जिसमे छात्राओं के लिए त्रृष्टा योजना, भभुआ आवास योजना, पशुपालन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दिया वहीं अंचलाधिकारी मुदस्सिर मंसूरी ने ग्रामीणों से अपील किया कि बिजोलियों वा दलालों से दूर रहें और प्रखंड वा अंचल संबंधित किसी प्रकार का भी काम हो सीधा अधिकारियों से संपर्क कर अपना काम करवाया करें वहीं महिला ग्रुप जेएसएलपीएस को 61 लाख 15 हजार रुपए का चेक वितरण दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड से आए कल्याण पदाधिकारी कृपाल, कछाप, पंचायत सेवक राजकुमार साहू, रोजगार सेवक मोनाजिर हुसैन, बीपीओ कामाख्या नारायण, कंप्यूटर ऑपरेटर जानकी प्रसाद, , हल्का कर्मचारी दीपक कुमार, बिजली विभाग से आए मनोरंजन पांडे पशुपालन विभाग से डॉक्टर मनोज कुमार , जल सहिया रिजवाना खातून ,वार्ड सदस्य दीपू राणा, रमेश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सरिता सहाय आदि मौजूद थे वहीं ग्रामीणों में मिश्वासवा अहमद, बड़न सोनी, कालेश्वर महतो, अनिल अग्रवाल, मोहम्मद सकलैन हैदर, मोहम्मद इमरान अली, मोहम्मद रेहान अली चिश्ती मौजूद थे।

## सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा मुखिया के ग्राम पंचायत योजना अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत डीपीएम, पंचायती राज कार्यालय चंचल स्वर्ण लिंडा, कार्यालय सहायक उमेश साव, बीपीआरओ संदीप कुमार सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक चितरपुर विक्की नायक, प्रखंड समन्वयक मांडू शेखर कुमार, प्रखंड समन्वयक दुलमी, रामगढ़ एवं पतरातु पंकज कुमार ने उपस्थित सभी मुखियाओं को गरीबी मुक्त और आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव इत्यादि विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण दिनांक 13/ 12 / 2023 एवं 14/ 12/ 2023 को चितरपुर, दुलमी एवं पतरातू प्रखंड के लिए आयोजित है तथा दिनांक 15/ 12/ 2023 एवं 16/12/2023 को मांडू, गोला एवं रामगढ़ प्रखंड हेतु आयोजित किया जाएगा।

## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के पाडेरकोला पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 343.835 लाख के लागत से पाडेरकोला पहाड़िया टोला से बोहरा तक 7.300 किमी. लम्बी सड़क का अनुरक्षण एवं विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक श्री दिनेश मरांडी ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। विधायक श्री दिनेश मरांडी ने संवेदक को गुणवत्ता अनुरूप कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। विधायक दिनेश मरांडी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सड़क की मांग काफी समय से की जा रही थी, अब इसके निर्माण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी आसानी व सुविधा होगी। राज्य की लोकप्रिय हेमंत सरकार दुर दराज के ग्रामीण क्षेत्र की सड़क को लेकर लगातार कार्य कर रही और आने वाले दिनों में और भी सड़कों का निर्माण कार्य होगा। आप सभी को जानकारी है कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार प्रधानमंत्री आवास को बंद कर चुकी है जबकि झारखंड के लगभग 8 लाख परिवारों के पास आज भी पक्का मकान नही है। चुनाव पूर्व किए गए वादों के तहत आज राज्य के युवा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने अब अबुआ आवास योजना के तहत लोगों को तीन कमरों का पक्का मकान देने की योजना की शुरुआत की है, जिसका आवेदन आप लोग भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से जाकर कर सकते हैं और आवास का लाभ ले सकते हैं ।

## झारखंड आंदोलनकारियों के समर्थन में सामने आए धनंजय कुमार पुटूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा 16 एवं 17 दिसंबर को आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा की गई है। इसको लेकर जिले में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड आंदोलनकारी रणनीति बना रहे है। इसी कड़ी में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने झारखंड आंदोलनकारियों के इस मांग का समर्थन देने का ऐलान किया। धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड आंदोलनकारीयों की मांगे जायज है। झारखंड आंदोलनकारीयों की मेहनत, परिश्रम,त्याग और बलिदान के साथ हुए झारखंड आंदोलन के परिणाम स्वरुप ही झारखंड अलग राज्य बना है। उनकी मांगों को सरकार द्वारा नजरंदाज करना उचित नही है।?सरकार के उदासीन रवैये के कारण हीं आंदोलकारी अपने हक के लिए आवाज उठाने को मजबूर हुए हैं। झारखंड आंदोलनकारियों की मांग को जायज मानते हुए रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति इनका समर्थन करती है।

## प्रधानमंत्री की गारंटी वाली रथ का गोला प्रखंड में हुआ आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली रथ का गोला प्रखंड मुख्यालय में आगमन हुआ। इसी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज हो गया। ये द्ध विकसित भारत संकल्प यात्रा गोला प्रखंड क्षेत्र में 13 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक होगी। इस वाहन में एलईडी स्क्रीन एवं ड्रोन कैमरा के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर की झलक देश की जनता को दिखाई जाएगी। बुधवार 13 दिसम्बर को ये रथ हुप्पु पंचायत एवं चाड़ी पंचायत में भ्रमण किया तथा आम जनता को एलईडी स्क्रीन के द्वारा विकसित भारत की झलक दिखाई गई। मौके पर उपप्रमुख विजय ओझा, चाड़ी मुखिया प्रतिनिधि, जितेन्द्र साहु, प्रखंड कार्यालय प्रधान सहायक अजीत कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कुव्यवस्था की भेंट चढ़ा पहले दिन का मुखिया प्रशिक्षण कार्यक्रम


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** प्रखंड मुख्यालय में पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित मुखियाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले दिन कुव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। कार्यक्रम स्थल पर व्याप्त कुव्यवस्था पर मुखियाओं ने न सिर्फ विरोध जताया बल्कि नाराजगी जताते हुए वापस भी लौट गये।बताया जाता है कि रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय में 13 दिसंबर को पतरातू, दुलमी और चितरपुर प्रखंड के 65 मुखियाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुखिया को ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) और सतत विकास लक्ष्य के लिए स्थानीयकरण (LSDP) के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना है। पहले दिन बुधवार को तीनों प्रखंड से कई मुखिया सुबह 10 बजे रामगढ़ प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जिस हॉल में प्रशिक्षण होना था वहां गंदगी और कुव्यवस्था देख सभी मुखिया नाराज हो गये। गहमागहमी के बीच मुखिया



हॉल के बाहर बैठ गये और व्यवस्था को लेकर विरोध जताने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही आननफानन में छत्तरमांडू स्थित डीडीसी कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाने लगी। लेकिन लगभग 12 बजे सभी मुखिया अपने-अपने घर वापस लौट गये। मुखियाओं ने बताया कि इन दिनों पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर लग रहा है, वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भी कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रमों और उनकी तैयारियों के आपाधापी के बीच 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जा रहा है। उपर से कार्यक्रम स्थल पर गंदगी और बदइंतजामी देखने को मिल रही है। अधिकारियों को काम के प्रति गंभीरता बरतने की जरूरत है। कहा कि नौ दिसंबर को प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित पत्र जारी होता है और अधिकारी चार दिनों में भी कार्यक्रम स्थल पर बैठने की व्यवस्था तक सही नहीं कर पाते हैं।

## मुखिया कमला देवी ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी पंचायत की मुखिया कमला देवी ने बुधवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रोहनगोडा में स्कूली बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया।साथ ही स्कूली बच्चों को स्वेटर व मडुवा लड्डू दिया गया। मुखिया कमला देवी ने कहा कि हाल के दिनों में ठंड बढ़ता ही जा रहा है। स्कूली बच्चों को ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ा दिया गया है।वहीं इस मौके पर सीएमसी अध्यक्ष अनुपमा देवी, सीतामुनी देवी,पंसस गीता देवी, प्राचार्य सुषमा कुमारी,सहनाज बेगम, यास्मीन खातून, तालेश्वर मरांडी आदि लोग मौजूद थे।

## एफजेसीसीआई ने रेलवे उपसमिति के लिए इंद्रपाल सिंह सैनी का चयन किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एफजेसीसीआई ने रेलवे उपसमिति के सदस्य के रूप में रामगढ़ के समाज सेवी एवम् वर्तमान मे रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के ट्रेज़रेर सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी के चयन की घोषणा नवजोत अलंग चेयरमैन रेलवे सब कमिटी ने की। ज्ञात हो की इंद्रपाल सिंह सैनी के पास उपलब्धियों का एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और अपने क्षेत्र के प्रति सराहनीय समर्पण है।


**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**

**(खनन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 311258 Mines and Geology (23-24).D द्वारा प्रकाशित गोला थानान्तर्गत पिपराटांड़ ग्राम के पास जप्त भण्डारित लगभग 9000 (नौ हजार) घन फीट लघु खनिज बालू का दिनांक 05.12.2023 को नीलामी की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

पुनः आम नीलामी दिनांक 19.12.2023 को समय 4:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 18.12.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।

PR 313328 Mines and Geology(23-24)D


# एजेकेएसएस ने आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ कसी कमर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने सयाल आठ नंबर के समीप युनियन कार्यालय में बुधवार को बैठक की।वहीं इस बैठक की अध्यक्षता इन्द्रदेव राम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 28 दिसंबर को सयाल खदान में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि उक्त कंपनी के द्वारा कामकाज के नियमों का पालन नहीं कर रहा है पुरे बरकासयाल में आउटसोर्सिंग कंपनियां माइनिंग सेफ्टी का अवहेलना कर रही है। क्षेत्रीय कमिटी के द्वारा जल्द ही इन कंपनियों का निरीक्षण किया जाएगा। संजय मिश्रा ने यह भी कहा कि सयाल आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारो को अभी तक रोजगार नहीं दिया गया है। वहीं इस मौके पर बिनोद कुमार, गुरूदयाल ठाकुर, रणबीर साव, विकास




सिन्हा,बीर बहादुर सिंह,मो सयुब अंसारी,लालमोहन महतो, रमेश मुंडा, संतोष ठाकुर,मो असलम, गुरूदयाल महतो,शंकर सिंह, शंकर कुमार, सुरेश्वर दुसाध, शैलेन्द्र सिंह, शिवनंदन दास, धर्मेंद्र मिश्रा,अंजन दास, अनिल राम आदि लोग उपस्थित थे

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लबगा पंचायत,पतरातू ब्लॉक, रामगढ मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के तत्वाधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित हुए अनेक लोगो को विभिन्न विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओ का लाभ मुहैया कराया गया। अनेक बच्चो को स्वेटर, महिला समिति की महिलाओं को चेक, बुजुर्गो को धोती साड़ी अनाज, पशुपालन विभाग से ग्रामीणों को बकरी, स्कूल के बच्चों को साइकिल खरीदने के लिए उचित राशी, एवं लोगो के बीच विधिक जानकारियां , लीगल ऐड डिफेंस कॉंसिल के कार्यो का विस्तृत जानकारी लोक अदालत की जानकारी, परमानेंट लोक अदालत की जानकारी एवम अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी कार्यक्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव दिलीप राजेश्वर तीर्की, पैनल अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा, एवं एल.ऐ.डी.सी. अभिनव कुमार उपस्थित थे।




**उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।**

( जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा )

(जिला खेल कार्यालय)

*Email id-* sportskhunti@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची द्वारा संचालित खूँटी जिले के अंतर्गत आवासीय हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, खूँटी में प्रशिक्षरत प्रशिक्षुओं के निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु दिनांक 03.11.2023 को निविदाएँ आमंत्रित करते हुए उसी दिन निविदा खोली गई। दो ही निविदा प्राप्त हुए जिसमें जाँचोपरान्त एक निविदादाता का आवश्यक निविदा कागजात प्राप्त नहीं रहने के कारण निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा दिनांक 24.11.2023 को आमंत्रित किया गया । एक ही निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किया जाता है।

तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 22.12.2023 को अपराह्न 11 बजे तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, खूँटी में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 22.12.2023 को ही अपराह्न 12 बजे समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।

जिले के (01) एक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र की सूची निम्नवत है :–

1. आवासीय बालक हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस०एस० +2 हाई स्कूल, खूँटी। प्रशिक्षुओं की सं०–25
   (खिलाड़ियों की संख्या –छुट्टी/प्रतियोगिताओं में जाने पर कम हो सकती है जिसका भुगतान नहीं किया जायेगा।)

नोटः– निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.khunti.nic.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR 313316 District(23-24)D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## हेमंत सोरेन की सरकार के नेतृत्व में इतिहास रचने का काम कर रही है : आकाश रवानी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के चल रहे कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर वार्ड नंबर 31 और 32 में सैकड़ो जरूरतमंदों ने अपनी समस्या अधिकारी के पास रखा और निदान पाया इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के तौर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी ने पहुंचकर जनता का उनके समस्याओं को समाधान के लिए संवाद कर सुलझाने का काम किया और कहा कि झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इतिहास रचने का काम कर रही है अनगिनत समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपाल, महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी, महानगर संयुक्त सचिव राजेश तुरी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष महानगर सद्दाम हुसैन, युवा कार्यकर्ता ओम प्रजापति, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# साइबर अपराधियों को पुलिस ने भेलवाघाटी के जंगलों से दबोचा

### पुलिस ने 55 मोबाइल फोन, 36 सिम कार्ड, 1 एटीएम, 2 पासबुक, 3 आई पैड, 1 लैपटॉप, 3 पावरबैंक और 4 बाइक बरामद



**पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** ज़िले में साइबर अपराधियों तक पहुंचने में गिरिडीह पुलिस इन दिनों प्रतिबिंब पोर्टल मददगार साबित हो रहा है। प्रतिम्बिब पोर्टल के सहारे ही पिछले कई दिनों में तीन दर्जन से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके है तो केस भी बरामद हो चुका हैं। इसी क्रम में बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन समेत साइबर थाना पुलिस की टीम ने 9 अपराधियों को दबोचा। वही इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 55 मोबाइल फोन के साथ 36 सिम कार्ड, 1 एटीएम, 2 पासबुक, तीन आई पैड, एक लैपटॉप, 3 पावरबैंक और चार बाइक भी बरामद करने में सफलता पाया। गिरफ्तार अपराधियों में भेलवाघाटी थाना इलाके के तिलकडीह गांव निवासी मनीष मंडल, बेंगाबाद थाना इलाके के विकास मंडल, सागर तूरी, गांडेय के आहरडीह निवासी मुश्ताक अंसारी, बेंगाबाद के गोपालपुर निवासी सागिर अंसारी, आहरडीह निवासी बेंगाबाद के लखनपुर निवासी एजाज अंसारी, एनामुल हक, सयूम अंसारी और देवघर के बुढ़ई थाना इलाके के कुम्हरगरिया गांव निवासी अजरूद्दीन अंसारी शामिल है। इधर प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी संदीप सुमन और एसडीपीओ अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की गिरफ्तार अजरूद्दीन अंसारी मोबाइल आपूर्तिकर्ता भी था। और इसी के पास से छापेमारी के क्रम में 26 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। जिसमे छह आई फोन भी शामिल है। एसपी और डीएसपी संदीप सुमन ने कहा की गिरफ्तार अपराधी पोषण ट्रेकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को योजना दिलाने के नाम पर ठगी करते थे, तो गूगल पर ही फर्जी करियर सर्विस का ऐड बनाकर भी साइबर ठगी किया करते थे।

## बेंगाबाद पुलिस का छापा, साइबर अपराधी में मचा हड़कंप



**गिरिडीह**
**जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर बेंगाबाद साइबर अपराधी बढ़ाते घटना को देखते हुए**

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद थाना पुलिस ने साइबर अपराध के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के फुरसोडीह में छापेमारी की। पुलिस टीम ने गांव में दो आरोपियों घर पर धावा बोला। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे। बताया गया कि पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन वे जंगल की तरफ निकल गए। वहीं दूसरे आरोपी के घर में भी पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ने की भरपूर कोशिश की मगर आरोपी जंगल की तरफ निकल गए। पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है। ज्ञात हो कि बेंगाबाद का फुरसोडीह गांव साइबर अपराध के मामले में कुख्यात हो चुका है। इस गांव के कई युवा साइबर फ्रॉड के धंधे में शामिल हैं। छापेमारी दल का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी कर रही थीं। टीम में थाना प्रभारी विकास पासवान, एसआई विकेश मेहरा व अन्य जवान शामिल थे।

## एएसआई को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के लोयाबाद थाना में पदस्थापित एएसआई को बुधवार की सुबह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। जिसके बाद थाना परिसर में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि जिले के लोयाबाद थाना में पदस्थापित एएसआई मनोज मिश्रा कांड संख्या 30/23 में दो नाम हटाने के एवज में शकील नामक व्यक्ति से 30 हजार रूपए रिश्वत माँगा था। इस दौरान एसीबी की टीम ने सुनियोजित तरीके से वहां जाल बिछाया। वहां एसीबी की टीम ने बिहार के बक्सर निवासी लोयाबाद थाना में पदस्थापित एएसआई मनोज मिश्रा (48 वर्ष) को आरोपी से बुधवार की सुबह 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने आरोपी एएसआई को हिरासत में लेकर धनबाद स्थित एसीबी कार्यालय ले गई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

## गिरिडीह में मुक्ति दिलाने के नाम पर वृद्ध महिला से ठगे 2 लाख के जेवरात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में ठगों ने हरिद्वार से आए बाबा का रूप धारण कर मकतपुर डॉक्टर लेन स्थित शर्मा हाउस में रहने वाली वृद्ध महिला इंदुबाला सिंह से 2 लाख के जेवरातों की ठगी कर ली। घटना के बाद से ठगी की शिकार वृद्ध महिला का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज के आधार पर ठगों की धर पकड़ में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदुबाला सिंह ने मंगलवार की शाम करीब 4 बजे अपने घर से कालीबाड़ी मंदिर मां काली के दर्शन के लिए गई हुई थी। काली मां को प्रणाम कर वह पूछे मुड़ी ही थी, कि सहसा एक युवक उनके पास आया और कहा कि माता जी आपके चेहरे पर काफी शिकन है और आप हमेशा परेशान रहती हो। इसपर उन्होंने कहा कि हां थोड़ी परेशानी है। इतना कहते ही युवक ने भुक्तभोगी महिला से कहा कि आपके पति की तीन वर्ष मौत हो चुकी है और आप इसे लेकर ही परेशान रहती हैं। यह कहकर उसे अपने झांसे में लिया। महिला के जेवरात खोल कर 21 कदम चलने कहा और जेवरात लेकर हो गया रफूचक्कर युवक ने उक्त महिला से कहा कि आप क्या करना चाहते हैं. इस पर महिला ने कहा कि उनके पति की मौत हो गयी है और उनका कोई संतान भी नहीं है, अब उन्हें जीवन से मुक्ति चाहिए. इसके बाद युवक ने कहा कि आप जो अंगूठी और चेन पहने हैं उसे उतार कर रूमाल में बांध कर दीजिये और 21 कदम चलकर वापस आईये. इस पर महिला ने कहा कि चेन नहीं उतार सकते हैं. इस पर युवक ने दबाव डाला और जबरदस्ती चेन को उतार लिया. जैसे ही उन्होंने चेन और अंगूठी खोल कर रूमाल में बांधकर उक्त युवक को दिया और 21 कदम चलकर वापस लौटी थी दोनों युवक उनके जेवरात लेकर गायब हो गए ।

## पूर्व मध्य रेल की सभी ट्रेनें 'फॉग सेफ डिवाइस' से होंगे युक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** जाड़े के मौसम में संभावित कोहरे के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा संरक्षित ट्रेन परिचालन की दिषा में कई कदम उठाये जा रहे हैं जिससे कि कोहरे के दौरान गाड़ियों का विलम्बन कम से कम हो और यात्रियों को परेषानी ना हो । इस उद्देष्य से इंजनों में फॉग सेफ डिवाइस लगाया गया है । ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु पूर्व मध्य रेल के शत-प्रतिषत मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के लोको पायलटों के लिए फॉग सेफ डिवाइस का प्रावधान किया गया है । विदित हो कि फॉग सेफ डिवाइस जीपीएस आधारित एक उपकरण है जो लोको पायलट को आगे आने वाली सिगनल की चेतावनी देता है जिससे लोको पायलट टेञ्नों की स्पीड को नियंत्रित करते हैं । इसके अतिरिक्त फॉग मैन भी तैनात किये जा रहे हैं जो कुहरे के दौरान रेल लाइन पर सिगनल की स्थिति की निगरानी करेंगे। रेल फ्रैक्चर से बचाव एवं समय पर इसकी पहचान हेतु उच्चाधिकारियों की निगरानी में रेलकर्मियों द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग की जा रही है । इससे एक ओर जहां संरक्षा में वृद्धि होगी वहीं कोहरे के बावजूद समय-पालन बनाए रखने में मदद मिलेगी । लाइनमैन एवं पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर उपलब्ध कराया गया है ताकि उनकी खुद की भी सुरक्षा के साथ-साथ विषेष परिस्थिति में सूचनाओं को तत्काल प्रेषित किए जाने की सुविधा है । सिगनलों की दृष्यता को बढ़ाने के लिए सिगनल साइटिंग बोर्ड, फॉग सिगनल पोस्ट, ज्यादा व्यस्त समपार के लिफ्टिंग बैरियर आदि को एक विषेष रंग से रंगकर उसे चमकीला बनाया गया है । सिगनल आने के पहले रेल पटरी पर सफेद चूने से निषान बनाया गया है ताकि लोको पायलट कुहासे वाले मौसम में सिगनल के बारे में अधिक सतर्क हो जायें ।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने मंडल कारा में बंदियों से की पूछताछ





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने मंडल कारा में जाकर बंदियों से पूछताछ की। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कुछ बंदियों ने समय पर खाना नहीं दिया जाना, नहाने की छूट नहीं दिया जाना, जेल प्रशासन द्वारा यातना दिया जाना और अमानवीय व्यवहार करने की शिकायतें जांच में गलत पायी गई है। वहीं एक बंदी पंकज सिंह के द्वारा शिकायत की गई कि मैं बीमार रहता हूं। इस संबंध में कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार सिंह ने पंकज सिंह की जांच किया और उनके द्वारा बताया कि वह अभी स्वस्थ है और उनको दवाइयां चालू रखने की सलाह दी गई है। वहीं डॉ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी बंदियों का नियमित रुटीन चेकअप किया जाता है एवं उनको दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती है। वहीं प्रभारी कारा अधीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया कि उन्होंने उपायुक्त के निर्देश के आलोक में प्रभारी कारा अधीक्षक के रूप में प्रभार लिया है।

समाचार पत्रों के माध्यम से जो शिकायत प्राप्त हुई है उसकी जांच कर जेल मैनुअल के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ बदवारा पंचायत पहुंचा



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा के तहत बुधवार को बेंगाबाद प्रखण्ड के बदवारा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही बदवारा मुखिया अनिता कुमारी ने बताया कि किसानों के लिए नैनो यूरिया रासायनिक खाद का छिड़काव ड्रोन से किसानों को जागरूक किया गया। वही जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है यह सब देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प को आगे बढ़ाता है।

## इनकम टैक्स की रेड से मचा हड़कंप, शराब निर्माण कंपनी अंकुर बायोकेम में छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार की सुबह धनबाद में आईटी की टीम ने दबिश दी है। शराब निर्माण कंपनी अंकुर बायोकेम के कारखाने पर इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है। आईटी की टीम वहां कागजातों को खंगाल रही है।

बता दें कि धनबाद और पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसनसोल की आयकर टीमों ने एक साथ निरसा के तेतूलिया स्थित शराब निर्माण कंपनी अंकुर बायोकेम में दस्तक दी। धनबाद और कोलकाता आयकर की विशेष टीम एक साथ संयुक्त रूप से शराब बनाने वाली कंपनी अंकुर बायोकेम के तेतुलिया स्थित कारखाने पहुंची और जांच शुरू किया। आईटी की टीम के अंदर जाने के बाद से किसी को भी अंदर जाने या अंदर से बाहर आने की अनुमति टीम के द्वारा नहीं दी गई। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी और मलिक महेंद्र शर्मा भागते-भागते कारखाना पहुंचे। फैक्ट्री के अलावे महेंद्र शर्मा के आवास पर भी छापेमारी चल रही है। बता दें कि धनबाद के अलावे पश्चिम बंगाल के आसनसोल में भी छापेमारी की जा रही है। आयकर की टीम आसनसोल में टीएसी नेता और पूर्व विधायक सोहराब अली के ठिकानो पर भी रेड कर रही है।



छापेमारी के इस पूरे प्रकरण को कांग्रेस सांसद सह शराब व्यापारी धीरज साहू के ठिकानों पर हुई छापेमारी के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है आईटी ने सांसद धीरज साहू के ठिकाने से मिले दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान शराब निर्माण करने वाली पांच कंपनियों के भी कागजात धीरज साहू के ठिकाने से मिले हैं। उन दस्तावेज में अंकुर बायोकेम के भी कुछ कागजात बरामद हुए हैं। जिसके बाद आईटी की टीम अंकुर बायोकेम कंपनी में छापेमारी कर रही है।

## यूनिवर्सिटी शिक्षक संघ के प्रत्याशियों ने कतरास कॉलेज का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** युनिवर्सिटी शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष पद के 5 दावेदारों ने पैनल वोट की अपील के साथ कतरास कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने यूनिवर्सिटी के साथ साथ कॉलेज में हो रही चुनौतियों की ओर भी काम करने का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष पद को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में आगामी 20 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। इन पांचों उम्मीदवारों में आर एस पी कॉलेज झरिया से अनामिका कुजूर, आर एस मोर कॉलेज से अविनाश कुमार, के बी कॉलेज बेरमो से मनोहर मांझी, पी के राय मेमोरियल कॉलेज से किरुम रश्मि टोपनो और चास कॉलेज से राम प्रवेश कुमार।

## संसद की सुरक्षा में हुई चुक की धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग ने निंदा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** संसद में हुए आतंकी हमले के 22 वीं वर्षी के दिन ही संसद की सुरक्षा में हुए इतने बड़े चुक की धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कड़ी निंदा करती है और पकड़ाए गए दोनो आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करती है। संसद के अंदर 2 लोग घुसे और कैन के धुएँ से सदन को भर दिया, वहीं आज संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी है और आज ही संसद की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे संभव है?



उक्त सारी बातें जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जहीर अंसारी ने मीडिया के मध्यम से केंद्र की मोदी सरकार से सवाल करते हुए पुछा।

उन्होने कहा कि आखिर कौन थे ये लोग जिनके अंदर आने के लिए भाजपा के मैसूर सांसद प्रताप सिन्हा ने गेस्ट पास बनवाये? आखिर क्या कारण है कि जब 2001 में संसद पर हमला हुआ था तब भी भाजपा की सरकार थी और आज भी भाजपा की ही सरकार है।

क्या ये कोई सोची समझी साजिश तो नहीं है? क्या मोदी सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए देश की जनता को फिर से गुमराह करने के लिए ये हथकंडे तो नहीं अपना रही है? क्या मोदी सरकार प्रताप सिंहा पर कार्यवाही करेगी?

## पुरनाडीह पंचायत सचिवालय में विशेष आम सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत सचिवालय में आगामी 21 दिसम्बर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जैसे शिविर का आयोजन को लेकर पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी एवं रोजगार सेवक रविलाल बास्की की अध्यक्षता में आज कुल तीन वार्ड क्षेत्रों के ग्रामीणों के बीच आम सभा का आयोजन किया गया।सनत रहें कि आगामी शिविर में आम ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिले इसी को लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का मुखिया द्वारा विस्तार से बताया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा अबुआ



आवास की ओर बिशेष रूचि देखी गई।आज के इस आम सभा में अच्छी खासी ग्रामीणों की उपस्थिति देखीं गई एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के आयोजन को लेकर क्षेत्रों के लोगों में अच्छी उत्साह देखी जा रही है और लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आज के इस बिशेष आम सभा में मुख्य रूप से पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, पंचायत सेवक गौतम तिवारी, रोजगार सेवक रविलाल बास्की, के अलावा सभी वार्ड सदस्य के साथ साथ कई ग्रामीण जनता मौके पर उपस्थित थे ।

## असर्फी हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का हो रहा मुफ्त व सफल इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज़ो का मुफ्त एवं सफल इलाज़ व ऑपरेशन किया जा रहा है। बारामुरी स्थित इस अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत हृदय का बाइपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि के मरीज़ो का इलाज़ किया जा रहा है। असर्फी अस्पताल मे धनबाद के एलावा बाहर से भी मरीज इलाज के लिये आ रहें हैं।



आयुष्मान भारत योजना का सारा लाभ इन मरीजों को उप्लब्ध कराया जा रहा है। असर्फी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञों के मुताबिक आयुष्मान भारत योजना के तहत हृदय की कई गंभीर ऑपरेशन किये जा चुके हैं और अब वो मरीज पुरी तरह से स्वस्थ हैं। उदाहरण स्वरूप 43 वर्षीय निरसा निवासी ऋषि मंडल का सर्जरी द्वारा जकड़े हुए वाल्व को काट कर निकाला गया और माईट्रल वाल्व (आर्टिफीसियल वाल्व) का प्रत्यारोपण किया गया। वहीं एक 55 वर्षीय मरीज़ देवानंद के हृदय के तीन मुख्य नसों में ब्लॉकेज पाया गया जिनका कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग सर्जरी कर उन्हें स्वस्थ किया गया।

## आकाशकिनारी कोलियरी में कार्यरत अशोक गुप्ता की मौत

### बीसीसीएल प्रबंधन ने पत्नी को दिया नियोजन व मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत आकाशकिनारी कोलियरी में कार्यरत अशोक गुप्ता उम्र 50 का बीती रात कार्य के दौरान अचानक तबियत बिगड़ने से उसका निधन हो गया। बताया जाता है कि अशोक गुप्ता बीती रात तृतीय पाली में कार्य कर रहे थे। इस बीच उनका तबीयत बिगड़ गया। तबीयत बिगड़ने के बाद कोलियरी में कार्यरत कर्मियों ने आनन फानन में उन्हें केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया। जहां रास्ते में ही उनका निधन हो



गया। कर्मियों ने आरोप लगाया कि अगर समय रहते कंपनी का एंबुलेंस मुहैया कराया जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। कर्मियों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कर्मियों ने बताया कि गोविंदपुर क्षेत्र के अस्पताल में पदस्थापित क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी नियमित अस्पताल में नहीं होते हैं। रात में भी उनको खोजा गया पर वे लापता थे। कर्मी के निधन के बाद आकाशकिनारी कोलियरी में संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने अधिकारियों की वार्ता की। वार्ता में मृतक के आश्रित उनकी धर्मपत्नी को नियोजन पत्र दिया गया। साथ ही दाह संस्कार के लिए 75 हजार नगद। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी प्रवावधान के तहत सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# जनता के द्वार तक पहुंचकर सरकार कर रही जनता के समस्याओं का समाधान : डॉ. रामेश्वर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार लोहरदगा का जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम जामगाई में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए और कहा हमारी सरकार ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच कर समस्याओं का समाधान कर रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना तथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण,राजस्व अभिलेखों में से संबंधित शिकायतों का निवारण संशोधन-परिमार्जन,आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन लेकर त्वरित करवाई की जा रही है। जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास किया जाएगा। आज पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है। इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था किया है की सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोटली बना कर जनता के द्वार तक जाएंगे और अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है। अभी हमारे द्वारा सभी पंचायतों में पेयजल हेतु 10-10 (दस दस) चापाकल दिया जाएगा। मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा एवं मकान की आवश्यकता होती है जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर,एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी,एवं पोषाहार भोजन के लिए चावल के साथ साथ दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। एवं सर्वजन पेंशन योजना के तहत भी जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है,शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, शिक्षित लोगो के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन, इसके साथ साथ संस्कृति को बचाने के लिए विधायक निधि से सभी ग्राम में अखड़ा का निर्माण हमने लोहरदगा क्षेत्र में किया, इसी लोहरदगा मॉडल के आधार पर झारखंड सरकार पूरे क्षेत्र में अखड़ा का निर्माण करेगी एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संरक्षण एवं महत्व को बढ़ाने के लिए मांदर एवं नगाड़ा का वितरण भी किया जा रहा। झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत सरकार आपके द्वार तक आई है और सभी समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जा रहा है जो लोग सक्षम नहीं हैं उनके लिए हेल्प डेस्क लगाया गया है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण के माध्यम से झारखंड के सभी पंचायत तक सरकार की योजनाएं सीधे-सीधे पहुंच रही है और सरकारी सुविधा, जिला ऑफिस एवं ब्लॉक ऑफिस जाकर मिलती थी वह हमें अपने गांव घर के पास ही उपलब्ध हो रहा है। यह वर्तमान गठबंधन सरकार की बहुमुखी सोच है जिससे राज्य में विकास कार्य तेजी से हो रहा है और सभी समस्याओं का समाधान हो रहा है। इस मौके पर परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, डोमना उरांव, जुगल भगत, उमेशनाथ तिवारी, राजमुनी उरांव, बरिया देवी, विशाल डुंगडुंग, धनेश्वरी उरांव, असलम अंसारी, जमील अंसारी, विजय उरांव, सुशील उरांव, काले उरांव, सोमनाथ उरांव, अनीता पन्ना, बालमुनी कुजूर, राजमुनि कुमारी, खुर्शिद अंसारी, हसबुल खान, आदि उपस्थित थे।

## सुषमा उरांव बनी जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा निवासी सुषमा उराँव को सेन्हा प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। वही जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत ने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन के प्रति रुचि निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए सुषमा उराँव को प्रखंड अध्यक्ष का जिम्मेवारी सौंपा गया है। साथ ही कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगा तथा आने वाले समय मे जेएमएम का जनाधार बढ़ेगा। वही सुषमा उराँव ने कहा कि संगठन विश्वास कर के जो जिम्मेवारी दी है उसके अनुसार केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर संगठन के प्रति कार्य करेंगे तथा बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। वही सुषमा उराँव को जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के अलावे बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, राजकिशोर राम, सुमति उराँव, देवकी उराँव, युवन्ती कुमारी, लक्ष्मी उराँव, सरिता उराँव सहित जेएमएम के अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामना दिया है।

## हिंडालको में 61 वें खान सुरक्षा सप्ताह चाईबासा क्षेत्र का किक ऑफ समारोह आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 61 वें खान सुरक्षा सप्ताह चाईबासा क्षेत्र के अंतर्गत आज दिनांक 14 दिसंबर 2023 दिन गुरुवार को किक ऑफ समारोह का आयोजन हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड लोहरदगा के कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। विदित हो कि इस कार्यक्रम में कुल 45 खान जिनमें हिंडाल्को, सेल, टाटा स्टील, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड,यूसीआईएल एवं अन्य निजी कंपनियों के खदान हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक चाईबासा क्षेत्र के श्री राकेश मिश्रा होंगे। उक्त आशय की जानकारी 61 वे खान सुरक्षा सप्ताह के सचिव श्री अजय पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खदानों के निरीक्षण हेतु गठित निरीक्षक दल को रवाना किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि 61वें खान सुरक्षा सप्ताह आगामी 18 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक मनाया जाएगा। उक्त अवधि में निरीक्षक दल विभिन्न तय मानकों के आधार पर निरीक्षण करेंगे।

## जिले में सरना कोड मांग को लेकर समिति की बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला में सरना समिति लोहरदगा के तत्वाधान में अध्यक्ष चैतु उरांव तथा उप सचिव सुभाष उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया जिसके माध्यम से उन्होंने कहा है सभी सरना धर्मावलम्बियों से अनुरोध है कि 14/12/2023 दिन गुरुवार को केतकी होटल में सरना कोड को लेकर बैठक रखा गया है। इस बैठक में जिला सरना समिति के सभी पदाधिकारी एवं सरना आदिवासी को उपस्थित रहना अनिवार्य है। क्योंकि 30/12/2023 को सरना कोड को लेकर भारत बंद रखा गया है। इस बैठक का मुख्य अतिथि सलखान मुर्मू पूर्व संसद लोक सभा होंगे। विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय सरना समिति अध्यक्ष फूलचन्द तिर्की होंगे। इस दौरान भगवान दास उरांव,सरस्वती उरांव, कोषाध्यक्ष अनिल लोहरा, महिला प्रमुख जगमणि उरांव उपस्थित थे।

# जिले में बढ़ा है क्रिकेट खेल की लोकप्रियता, आगे बढ़ाने का किया जाएगा प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

➲स्वर्गीय पत्रकार हारून रसीद स्मृति नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** आजाद हिंद क्लब कमेटी के तत्वावधान में स्वर्गीय पत्रकार हारून रसीद स्मृति 2023 नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर विधायक ने बोलिंग और बैटिंग भी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच केरसई बनाम गरीब नवाज के बीच खेला गया। जिसमे केरसई की टीम जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के युवा खिलाड़ी हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स खेल में तो अपनी दमदार प्रदर्शन से अपनी धाकड़ छाप छोड़ चुके हैं। हाल ही में बॉक्सिंग में भी हमारी जिले की बेटी ने शानदार प्रदर्शन कर दिखा दिया है कि सिमडेगा जिले के खिलाड़ी हर खेल में देश को मेडल दिला सकते हैं। अब क्रिकेट खिलाड़ियों की बारी है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन होता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमारे जिले के खिलाड़ी भी देश के लिये क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। उसमे ऐसे प्रतियोगिता अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्हें एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिलता है। मौके पर कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, मो गयासुद्दीन, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, इम्तियाज हुसैन, मो जावेद, अरमान खान, जमीर हसन, जमीर अहमद, हाजी जावेद,वाहिद, प्रिंस आदि उपस्थित थे।

# अरैया और हिसरी पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज किस्को प्रखण्ड के अरैया और हिसरी पंचायत में आयोजित किया गया। दोनों स्थानों पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने,गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंखने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने,देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन,जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (SVAMITVA) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई।

## अरकोसा और जिंगी पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज बुधवार को सदर प्रखंड के अरकोसा पंचायत और कुडू प्रखंड के जिंगी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/मृत्यु/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड,15वें वित्त, जनजातीय कल्याण, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, मनरेगा, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सेनेम निरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, दीदी बाड़ी योजना, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सारथी योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहर्ताधारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जामताड़ा में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट में कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड व पंचायत के जनप्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कोयला भंडारण कर तस्करी करने वाला एक वाहन जब्त, दो पर प्राथमिकी दर्ज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** थाना क्षेत्र में इन दिनों कोयला का अवैध धंधा जोरो पर है. कोयला भंडारण करने व तस्करी करने वाला एक वाहन जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई वहीं अनुसन्धान जारी है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर कोयला भंडारण कर कोयला ले जाते एक हाइवा वाहन जेएच 13 जे 9438 को जब्त कर कांड संख्या 79/23, 85/23 प्राथमिकी दर्ज करते हुए कोयला तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अवैध कोयला भंडारण कर तस्करी किया जाता था। थानेदार चौधरी ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए कोयला वाहन को जब्त किया। इसके पूर्व बालूमाथ थाना में अवैध कोयला ले जाने को लेकर प्राथमिकी की गई है। आपको बताते चलें की अग्रतर कार्रवाई जारी है। कोयला वाहन जब्त होने के बाद तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके पूर्व ही छापामारी की गई थी। कोयला तस्करों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

सभी प्रखंडों में 25 दिसंबर तक संचालन समिति बनाई जाएगी

# समिति ने 22 जनवरी को घर-घर भगवा झंडा लगाने एवं दीप सजाने का किया अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में मुख्य संरक्षक व कोर कमेटी सदस्य श्री रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं संचालन समिति सदस्य सहित जिला महिला पदाधिकारी एवं नगर पदाधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो की कुछ दिन पूर्व जय श्रीराम समिति के जिला एवं प्रखंड कमेटी को भंग किया गया इसके पश्चात जिला संचालन समिति का विस्तार किया गया था। आज कोर कमेटी एवं संचालन समिति सदस्यों के बीच रणनीति बनाई गई और सभी जिला संचालक समिति सदस्यों को प्रखंड एवं नगर की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने सभी संचालन समिति सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 25-12-2023 तक सभी प्रखंडों में संचालन समिति की कमेटी बना ले। जिसके बाद सदस्यता अभियान जल्द से जल्द पुरी की जा सके। आगे रमेश उरांव ने कहा आगामी 22 जनवरी को पूरे देश में अयोध्या को लेकर उत्सव मनाने की तैयारी हो रही है जिसे लेकर जय श्रीराम समिति सभी सनातन समाज के घरों पर भगवा झंडा लगाने एवं घरों को दीपों से सजाने की अपील करती है।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता अंतर्गत जिला स्तरीय महिला/पुरूष फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन आज 13.12.2023 को सीएम उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा मैदान में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन आज उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता एवं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से प्राप्त कर किया गया। साथ ही, भंडरा और किस्को मैच (पुरुष वर्ग) की शुरुआत उप विकास आयुक्त द्वारा फुटबॉल को किक मारकर की गई। इस मैच को किस्को ने 3-2 से जीता। सेन्हा और पेशरार प्रखंड के बीच हुए मैच को सेन्हा प्रखंड ने 1-0 से जीता। तीसरा व दिन का अंतिम मैच लोहरदगा और कुडू प्रखंड के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का समापन 15 दिसंबर 2023 को होगा। आज इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर पर्षद प्रशासक जयपाल सिंह, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, समेत खेल विभाग के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

# सरकार के मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों के खिलाफ होगा जोरदार आंदोलन : अश्विनी कुजूर

➲झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही साजिश : कयूम खान

➲एकजूट होकर 20 दिसंबर को विस के समक्ष प्रदर्शन को सफल बनाने की जरूरत : प्रो. विनोद भगत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखण्ड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष श्री श्री कुजूर ने कहा कि राज्य निर्माण कर्ताओं की पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकार अभी भी विफल है। झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने आगामी 18 दिसंबर तक झारखंड आंदोलनकारियों के 11 सूत्री मांग को संज्ञान में लेते हुए वार्ता करे,अन्यथा झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों एवं सरकार में शामिल राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। श्री कुजूर ने आगे कहा कि अब सरकार एवं सरकार में शामिल दलों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके तहत आगामी 20 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है, जिसे सफल करने में अभी से ही लग जाएंगे। प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि हमारे शहीदों एवं पूर्वजों और पुरखों ने झारखण्ड की पहचान एवं झारखण्ड की आदिवासी, मूलवासी समुदाय के अधिकारों के लिये लगातार संघर्ष करते रहे हैं। आजादी के पूर्व, आजादी की लड़ाई के समय एवं आजादी के बाद भी शोषण के खिलाफ लम्बी संघर्ष हमारे अमर पुरोधाओं ने अपनी कुर्बानी दीं। लंबे संघर्ष के बाद राज्य का गठन हुआ। जिसके बुनियाद में जल-जंगल-जमीन, भाषा, संस्कृति, परंपरा व महान जीवन प्रणाली की रक्षा अर्न्तनिहित थी। झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश के खिलाफ आन्दोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है। वरीय जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने कहा कि सीएनटीए, एसपीटीए रूल 1996 बना। आज आदिवासियों, मूलवासियों के अस्तित्व इसलिए खतरे में हैं क्योंकि इनकी रक्षा के लिये बनी तमाम कानून व अधिनियम ठण्डे बस्ते में डाल दिये गये। एकजूट होकर राज्य के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और हक अधिकार देने के मामले में छत्तीसगढ़ की ओर मुंह बाए खड़ा है। उन्होंने कहा कि एकजूट होकर आगामी 20 दिसंबर को विस के समक्ष प्रदर्शन को सफल बनाने की जरूरत है। संबोधित करने वालों में जिला सचिव विशेषण भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, नगर अध्यक्ष रुस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, चैतू मुंडा, सीता उरांव, तारामनी आदि शामिल थे। बैठक में असगर खान, अनुप उरांव, दशरथ उराँव, मनोज उराँव, सोमनाथ उराँव, रामधनी भगत, सुखदेव भगत, चैतू गुण्डा, दिनेश साहू, दामोदर महतो, अजीत खाखा, सूरज मोहन लकड़ा, दीपक वर्मा, अरीफ खान, हलीम खान, जगदीश उराँव, गंगा उराँव, रूदन उराँव, शुशिला लकड़ा, लक्ष्मी देवी, रामदयाल उरांव आदि मौजूद थे। आगामी 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा के जन्मदिन को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। मंच संचालन सचिव विशेषण भगत एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेश साहू ने की।

# कमल किशोर भगत जनता की आवाज थे : नीरू शांति भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू लोहरदगा प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड में आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत समारोह और बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में पुराने नेताओं एवं कार्यकर्ता जिन्होंने घर वापसी की है एवं नए सदस्यों के आगमन पर स्वागत किया गया, सभी को माला एवं आजसू पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं, कमल किशोर भगत ने भी एक आम कार्यकर्ता से इस पार्टी की शुरुआत की थी और जनता की आवाज बनकर उभरे थे, जिसका परिणाम था कि लोहरदगा में लगातार दो बार उन्होंने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और आने वाले समय में सभी के सहयोग से पुनः इस बार चुनाव में आजसू पार्टी जीत दर्ज करेगी। स्वागत समारोह के पश्चात दिनांक 17 /12 /2023 दिन रविवार को कमल किशोर भगत जी की द्वितीय पुण्यतिथि के दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा करते हुए बताया गया कि लोहरदगा आजसू कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे 17/12/23 को संपन्न होगा, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद माननीय चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक माननीय सुनीता चौधरी, गोमिया के माननीय विधायक लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित, रांची जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम के निमित्त आज कमल किशोर भगत स्मारक समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष के रूप में नीरू शांति भगत एवं सचिव विनोद सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, इकरामुल अंसारी, राजेश शर्मा, रँथु ऊराँव, सागर वर्मा, बरज सिंह, एन कुजूर, जीतू सिंह एवं कलीम खान, परमेश्वर भगत, शनिचरवा किसान एवं सभी प्रखंड के अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष इस समिति के पदाधिकारी होंगे। इसके अलावा महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू एवं महिला मोर्चा के सभी प्रखंड अध्यक्ष के अलावा, संजीव शर्मा, राजू ऊराँव, मुस्तफा अंसारी, राजन महतो, रोहित साहू, आयुष कुमार, पदाधिकारी बनाए गए, प्रेस मीडिया प्रभारी कवलजीत सिंह बनाए गए हैं, स्वागत समिति में अनीता देवी, सुनीता साहू, मालती टोप्पो, हेमंती देवी बनाए गए हैं। आज कि बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से लाल गुड्डू नाथ शाहदेव केंद्रीय सचिव, कवलजीत सिंह पूर्व केंद्रीय सचिव, सूरज अग्रवाल केंद्रीय सचिव, अरविंद यादव केंद्रीय सचिव, अंजू देवी, रामनंदन साहू, अनीता साहू, इकरामुल अंसारी, रँथु उरांव, राजू उरांव, कलीम खान, विश्वनाथ उरांव, शाहिद अंसारी, सहित अन्य लोगों ने बैठक को संबोधित किया।

## चलते चलते एक नजर

### कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक के मध्यम से दी अबुआ आवास योजना की जानकारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैनपुर के बभंडी में चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जागरूक किया गया. चैनपुर के बभंडी के अलावा अन्य कई जगह में नाटक कर लोगो को जागरूक किया गया. इस दौरान चैनपुर के सीओ ने कहा की कलाकारों ने नाटक के माध्यम से जो जानकारी दी है। लोगो को उसका लाभ लेना चाहिए. मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने शानदार अभिनय के माध्यम से लोगो का मनोरंजन करते हुए विभिन्न योजनाओं को जानकारी दी. खास कर झारखंड सरकार द्वारा लागू की गई नई योजना अबुआ आवास योजना के बारे में कलाकारों ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी. इसी तरह सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले, फूलो झानो, साइकल योजना आदि के बारे में भी बताया गया. कलाकारों में कामरूप सिन्हा, अमर कुमार भांजा, कनक लता तिर्की, राहुल कुमार, अदनान कासिफ, कुमार जीवन आदि मौजूद थे.

### माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात 19 को आएंगी झारखंड

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात 19 से 22 दिसम्बर तक संताल परगना के दौरे पर आ रहीं है। विप्लव ने बुधवार को बताया कि इस दौरान करात गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका जिला मे पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगी। साथ ही क्षेत्र के ज्वलंत जन और वर्गीय मुद्दों पर पार्टी के जरिये आयोजित किए जाने वाले अभियान की तैयारियों का भी जायजा लेंगीं। इस दौरान राज्य कार्यालय से भी कई नेता उनके साथ दौरे पर जाएंगे।

### 14 से शुरू होगा सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट का खिताबी जंग

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की रांची शाखा द्वारा कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल क्रिकेट टूर्नामेंट 14 दिसंबर से रांची में आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7 राज्यों से 16 टीम रांची आ चुकी है। इन टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में लखनऊ, इंदौर, आगरा, जमशेदपुर, ग्रुप 8 में उदयपुर, रांची, कानपूर, पटना ग्रुप 8 में किशनगढ़, जयपुर, मेरठ, रायपुर तथा ग्रुप ष्ठ में भोपाल, अलवर, गाज़ियाबाद, तथा बरेली की टीमें है। 14 दिसंबर को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी सी एल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सी ए सुनील मेहता एवं डायरेक्टर पर्सोनल विनय रंजन जी उपस्थित होंगे।

# डेली मार्केट सब्जी मंडी में आग लगने के बाद उठ रहे हैं सवाल

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची :** डेली मार्केट थाना अंतर्गत सब्जी मंडी पर अचानक आग लग गई और देखते-देखते 50 से अधिक दुकानें जो है जलकर स्वाहा हो गयी। अग्नि शमन वाहन समय पर काबू पाती तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। हालांकि सब्जी मंडी तो जल गया लेकिन कुछ फल मंडी जलने से बच गयी। जहां पर आग लगी बताया जा रहा है कि ठंड अधिक होने के कारण वहां पर आग तापने के लिए आग जलाया गया था, इसी कारण से आग लगने की संदेह जताई जा रही, हालांकि यह जांच का विषय माना जा रहा है।

**थाना प्रभारी ने कहा :** डेली मार्केट थाना प्रभारी प्रदीप मिंज के अनुसार वहां पर करीब 50 से अधिक दुकानें है जो सब्जी बाजार लगाकर सब्जियां वगैरह बेचते हैं ।प्लास्टिक ,बोरा आदि लगाकर दुकान बना रखा था। अनुमान लगाना थोड़ा मुश्किल है कि कितना का नुकसान हुआ है । लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि लाखों का नुकसान हुआ है, एसडीएम अपने माध्यम से इसकी जांच करेंगे तभी सही आकलन किया जा सकता है।

**सरकारी जमीन है :** बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर सब्जी मंडी लगती थी वह डेली मार्केट थाना से



सटा हुआ था और यह मंडी करीब 10 डीसिमल जमीन में लंबे सालो से बाजार लगाई जा रही है । वहीं कहने वाले कह रहे हैं कि जमीन सरकारी है, लेकिन किस नेचर की है यह जानकारी नहीं है। इसी जमीन पर बहुत पहले एक प्रपोजल भी तैयार किया गया था कि यहां पर पुलिस पिकेट बनाया जाए ताकि शहर के बीचो-बीच किसी भी घटना में पुलिस तुरंत घटनास्थल पर ऑन द स्पॉट पहुंच सके ।

**अब बाजार लगेगा या पिकेट बनेगा:** लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि इस 10 डेसिमल के जमीन में पुलिस पिकेट बनाया जाएगा या इसी जमीन पर फिर से गरीबों को सब्जी मंडी लगाने दिया जायेगा इसपर असंमजस की स्थिति बनी हुई है। इस मामले पर कोई कुछ नहीं बोल रहें हैं। हालांकि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उमैर खान , झामुमो रांची महानगर पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित कई समाजसेवी लोग घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

### जैक ने इंटरमीडिएट परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ा दिया है। पहले परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर थी। अब 15 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भरे जा सकेंगे। काउंसिल ने चालान जमा करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है। विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 16 से 20 दिसंबर तक और बैंक चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर तय की गई है। इंटरमीडिएट की परीक्षा के फॉर्म 28 नवंबर से ही भरे जा रहे हैं।

# जेएसएलपीएस के एल 5 व 6 कर्मियों ने किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** जेएसएलपीएस के एल5 एवं एल6 कर्मियों के द्वारा वेतन पुनर्संरचना संरचना एवं वेतन विसंगति को दूर करने हेतु 13 दिसंबर 2023 को राज्य कार्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल के प्रथम दिवस पर अपनी मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखने के परिपेक्ष में समस्त राज्य के कर्मी एकजुट हुए और अपनी मांग के प्रति प्रबंधन को अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से वेतन पुनर्संरचना जिसके लिए आजीविका कर्मचारी संघ पिछले 5 वर्षों से संघर्षरत रहे हैं। जिसके फलस्वरुप नवंबर 2021 में केवल रु7 एवं रु8 स्तर के कर्मियों का वेतन पुनर संरचना किया गया।

**प्रमुख रूप से वेतन पुनर्संरचना जिसके लिए आजीविका कर्मचारी संघ पिछले 5 वर्षों से संघर्षरत रहे हैं।**

जबकि रु5 एवं रु6 स्तर के कर्मियों के लिए सैद्धांतिक सहमति प्राप्त संबंधित कार्यालय आदेश मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जेएसएलपीएस के माध्यम से प्रेषित किया गया। जिसकी प्रत्याशा में एल 5 एवं 6 के कर्मी विगत दो वर्षों से संघर्षरत हैं एवं प्रबंधन को बार-बार इस संदर्भ में पत्राचार एवं ईमेल के माध्यम से अवगत कराते आए किंतु प्रबंधन द्वारा इस पर विशेष रुचि नहीं ली गई अंततः संबंधित कर्मी बाध्य होकर के पूर्व प्रेषित पत्र अनुसार दिनांक 13 दिसंबर 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर चुके हैं। जिससे गांव प्रखंड एवं जिला स्तर की समस्त ग्रामीण विकास की गतिविधियां खत्म हो जाने की आशंका है। यहां तक की तत्कालीन सरकार द्वारा जेएसएलपीएस के कर्मियों एवं उनकी टीम का प्रयोग प्रत्येक कार्यक्रमों में नियमित रूप से किया जाता है जबकि कन्वर्जेंस से रिलेटेड सभी कार्यों के लिए भी जेएसएलपीएस से ही कार्य लिया जाता है। कर्मी दल की माने तो उन्होंने हड़ताल से वापस आने के लिए बिल्कुल भी मना कर दिया है जब तक कि उनकी एकमात्र मांग पूरी नहीं हो जाती।

# सांसद वीडी राम ने दी पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को खुशखबरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों के फलस्वरूप हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का पुनः परिचालन दिनांक 14 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ करने हेतु महाप्रबंधक के कार्यालय, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। विदित है कि दिनांक 4 दिसम्बर 2023 को उक्त ट्रेन को ठंड के मौसम में कोहरा और धुंध के कारण 1 मार्च 2024 तक रेलवे बोर्ड द्वारा परिचालन को रद्द कर दिया गया था। उक्त मामले को लेकर दिनांक 7 दिसंबर 2023 को चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)

*** झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का पुनः परिचालन दिनांक 14 से होगा शुरू**



श्रीमती जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर एवं पत्राचार के माध्यम से हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। उक्त ट्रेन का परिचालन होने से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को यात्रा करने में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से सांसद ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

# मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी व परिवारिक विवाद पर लोगों के बीच जागरूकता जरूरी : एसएन पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में 13 दिसंबर 2023 को गोस्सनर कॉलेज थियोलॉजिकल हाल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसका विषय था ÷मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी एवं परिवारिक विवाद मोहम्मडन लॉ÷। सेमिनार की अध्यक्षता डॉ मजीद आलम ने की। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक थे। वहीं विशिष्ट अतिथि हैदराबाद के मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के निदेशक उमर आबेदीन, पर्सनल बोर्ड के सदस्य मुफ्ती नजर ए तौहीद, डीएक्स के निदेशक विपिन पाणि, पूर्व वीसी फिरोज अहमद, झारखंड बार एसोशिएशन के परमेश्वर,जिला जस्टिस आसीफ इकबाल, वरीय अधिवक्ता मोख्तार खान,रिजस्टार एनएलयू कर्नल खालिद ,वरीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय के ए अललाम, को




कनवीनर मुमताज अहमद खान, अधिवक्ता सह को कन्वीनर एके रसीदी सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य था मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ,अधिवक्ता, न्यायाधीश और मुस्लिम के काजी और अंजुमन के पदाधिकारियों के बीच मुसलमान के जो मसाइल हैं।शादी-ब्याह, जायदाद ,वक्फ संपत्तियों सहित कई मसाले होती हैं इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को होती है। खासकर तलाक से संबंधित और पारिवारिक विवाद जैसे मामले कोर्ट पहुंच जाती है, इसके लिए न्यायालय प्रक्रिया में थोड़ा सहूलियत मिले और लोगों को इंसाफ मिल सके।

इस पर लोगों के बीच जानकारी हो तो सरल तरीके से न्यायिक प्रक्रिया में अपना अहम योगदान निभा सकते हैं।इंसाफ भी मिलने की उम्मीद अधिक हो सकती है। इन सब के अलावा जो गरीब हैं, बेवा, बेसहारा हैं ऐसे लोगों के लिए वक्फ की जो संपत्ति है उसका सही-सही अधिकार इन तक नहीं पहुंच पता है, इसके लिए उन्हें मदद मिले इसके लिए भी जानकारी होना जरूरी है।मुख्य रुप से डॉक्टर एसएन पाठक,उमर आबेदीन, अधिवक्ता एके रशीदी, डा मजीद आलम सहित कई अतिथियों ने सेमिनार में आये सभी लोगों को मुस्लिमों की समस्यायों, औरतों के अधिकार, पुरषों की जिम्मेदारी,वक्फ संपत्तियों सहित कई मसले पर संबोधित किया और कानूनी तरीके से हक लेने के लिए जागरूक किया।

### फल मंडी में भीषण अग्निकांड के बाद घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने लिए सैंपल

**रांची :** मेन रोड स्थित डेली मार्केट की फल मंडी में मंगलवार की रात लगी भीषण आग पर काबू पाने के बाद बुधवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से सैंपल एकत्र किए। मंगलवार की रात फल मंडी में आग लगने से करीब एक सौ फल और सब्जी की दुकानें जल गई थीं। मामले की जांच करने पुलिस कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में बुधवार को एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से सैंपल एकत्र किये। जानकारी के मुताबिक ठंड से बचने के लगी आग से उठी चिंगारी से एक दुकान में आग लगी, जिसके बाद आग ने एक के बाद एक कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से इस लाइन में करीब 100 से अधिक छोटी-छोटी दुकानें जलकर राख हो गयीं। इससे पूरे मार्केट और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।

# रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर को मिली जमानत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को बुधवार को जमानत मिल गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कुछ शर्तों के साथ जमानत के आदेश दिए। इससे पहले झारखंड हाई कोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढे छह साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है, ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाए। इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआईए ने उन्हें नौ अक्टूबर, 2017 को



गिरफ्तार किया था। इस मामले में एनआईए ने करीब पांच प्रोटेक्टेड गवाहों के बयान दर्ज कराये हैं। एनआईए इस मामले की जांच 28 जून, 2017 से कर रही है। दरअसल, नौ जुलाई, 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है, लेकिन हत्यारे तक नहीं पहुंच सकी थी। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को सात अक्टूबर, 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में शामिल रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई, 2017 को समर्पण किया था।

# भैयाराम मिंज हत्या मामले में पुलिस को मिली सफलता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** देर रात्रि में तुपुदाना कर्रा रोड ग्राम-बण्डा के मुख्य सड़क किनारे ग्राम-बण्डा निवासी भैयाराम मिंज उर्फ चरकू को पत्थर से कुचकर हत्या कर दिया गया था, जिस संदर्भ में मृतक के पुत्री पूनम मिंज उम्र 23 वर्ष पिता भैयाराम मिंज, ग्राम-बण्डा, थाना-धुर्वा (तुपुदाना), जिला-रॉची के लिखित आवेदन के आधार पर धुर्वा (तुपुदाना) थाना काण्ड सं0-379/23, 12.2023 धारा-302/34 भादवि के अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त, सुलेमान तिर्की, अमित तिर्की, दोनों ग्राम-बण्डा, थाना-धुर्वा (तुपुदाना), जिला-रॉची के विरुद्ध काण्ड दर्ज किया गया है। इत्त काण्ड का उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपाधीक्षक, हटिया रॉची के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक, नगर रॉची के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में संलिप्त अप्रा अभियुक्त महेश मिंज उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्व चमरा मिंज, ग्राम-बण्डा, थाना-धुर्वा (तुपुदाना), जिला-राँची को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर अभियुक्त के घर से घटना के समय पहने हुए कपड़ा (खून लगा हुआ) को बरामद कर जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है।

**छापामारी दल:** राजा कुमार मित्रा, पुलिस उपाधीक्षक, हटिया रांची,पुअनि मीरा सिंह, प्रभारी तुपुदाना ओपी, रॉची, पुअनि अमित कुमार पासवान, तुपुदाना ओपी, रॉची, पुअनि राहुल सिन्हा, तुपुदाना ओपी, राँची,पुअन सुनील कुमार, तुपुदाना ओपी, राँची, सअनि सुनील कुमार सिंह, तुपुदाना ओपी, रॉची,रिजर्व गार्ड एवं चालक ,

**बरामद सामग्रीः** एक काला रंग का फुलपेंट,एक आसमानी, गुलाबी, काला, सफेद चेकदार रंग का गमछा (तौलिया)। 3.एक ब्लू/नीला रंग का हाफ टी शर्ट।

# एमपी के नए सीएम मोहन यादव ने अपने कैरियर की शुरुआत छात्र राजनीति से की

एजेंसी

**भोपाल :** डॉ. मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से छात्र राजनीति की शुरुआत की। 1982 में वे माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के सह-सचिव और 1984 में माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। 1984 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री और 1986 में विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली।

1988 में यादव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेश सहमंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं। 1989-90 में परिषद की प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री और सन 1991-92 में परिषद के राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं।

1993-95 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन नगर के सह खंड कार्यवाह, सायं भाग नगर कार्यवाह और 1996 में खण्ड कार्यवाह और नगर कार्यवाह रहे हैं। संघ में सक्रियता की वजह से मोहन यादव 1997 में भाजयुमो प्रदेश समिति में अपनी जगह बनाई। 1998 में उन्हें पश्चिम रेलवे बोर्ड की सलाहकार समिति के सदस्य बनाया गया। इसके बाद उन्होंने संगठन में रहकर अलग-अलग पदों पर काम किया। 2004-2010 के बीच वह उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) रहे। 2011-2013 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) भी बने। भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य भी रहे। मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण केप्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक बने। 2018 में दूसरी बार इस सीट



से जीतने में सफल रहे। 2020 में भाजपा सरकार बनी तो मोहन यादव मंत्री बने, अब राज्य के मुख्यमंत्री बन गए हैं।

**शिक्षक ने की पढ़ाई में मदद, उज्जैन विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष रहते किया एमए और पीएचडी**

परिवार की मदद के साथ मोहन पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान रखते थे। परिवार की आर्थिक हालत और मोहन की प्रतिभा को देखते हुए सालिगराम नाम के शिक्षक ने उन्हें अपने साथ रख लिया। उसे पढ़ाया-लिखाया। पूरा खर्च भी उठाया। अभाव के बीच शिक्षक से मिली मदद के साथ मोहन यादव ने पीएचडी तक की शिक्षा ग्रहण की। मोहन यादव ने उज्जैन विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष रहते हुए पॉलिटिकल साइंस में एमए और इसके बाद पीएचडी भी की। 2010 में उन्हें पीएचडी की उपाधि मिली।

**कभी पिता-चाचा के साथ भजिए बेचते थे मोहन यादव**

1965 में गीता कालोनी निवासी पूनमचंद यादव के घर जन्मे मोहन यादव का बचपन आर्थिक तंगी में गुजरा। पिता पूनमचंद मिल में नौकरी करते थे। कमाई ज्यादा नहीं होती थी। परिवार का गुजारा करने के लिए पूनमचंद अपने भाई शंकर लाल के साथ मालीपुर इलाके में चाय-पोहे भजिए की दुकान भी चलाते थे। मोहन यहां कभी-कभी पिता-चाचा की मदद करने आते थे। 1982 में जब मोहन यादव ने छात्रसंघ का पहला चुनाव जीता उस वक्त भी वह अपनी चाय-पोहे की दुकान पर काम करते थे। चाय-पोहे की दुकान ठीक चलने लगी तो उन्होंने उसे बढ़ाकर एक रेस्टोरेंट भी डाला था।